# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-02-2023

# गोरखपुर में खुलेगा एनसीबी का दफ्तर

■ कमलेश सिंह/एसएनबी।

■ गोरखपुर।

नेपाल से भारत में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए गृह मंत्रालय ने गोपनीय रिपोर्ट के आधार पर नेपाल से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर गोरखपुर में (एनसीबी) नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। कार्यालय खोलने के लिए आफिस की तलाश शुरू कर दी है। यह माना जा रहा है कि मार्च माह में कार्यालय खुल सकता है। ड्रग्स के मामले में अभिनेता शाहरुखखान के बेटे आर्यन खान की मुंबई में गिरफ्तारी के बाद भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने (एनसीबी) नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का क्षेत्रीय कार्यालय सुर्खियों में रहा है।

भारत -नेपाल की सीमा खुली है। सीमावर्ती इलाके से मादक पदार्थों के साथ ही हथियार और आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न जांच एजेंसिया काम कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में नशाखोरों पर लगाम लगाने का कड़ा निर्देश देते हुए नशे का कारोबार करने वालों के साथ सख्ती से निपटने को ताकीद किया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासन ने सक्रियता दिखाई और शीघ्र ही यह तय कर लिया गया कि नारकोटिक्स ब्यूरो के क्षेत्रीय केंद्र को गोरखपुर में स्थापित किया जाएगा। इसके लिये जनपद में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का क्षेत्रीय केंद्र खोलने की तैयारी तेज हो गयी है।

**गृह मंत्रालय की पहल**

- नेपाल से होती है भारत में बड़े पैमाने पर मादक पदार्थो की तस्करी
- लखनऊ के बाद गोरखपुर में खुलेगा नारकोटिक्स ब्यूरो का क्षेत्रीय केंद्र
- अभिनेता शाहरुख खान के बेटे की मुबंई में गिरफ्तारी के बाद विभाग आया सुर्खियों में

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) द्वारा गोरखपुर में ब्यूरो का क्षेत्रीय केंद्र मार्च माह में खुलने वाला है। गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या 12014/11/2022 -इसवीबी सेकेंड एवं मुख्यालय स्वापक नियंत्रण ब्यूरो 11/16 ( आई ) के अंतर्गत ब्यूरो के लखनऊ स्थित निदेशालय से क्षेत्रीय निदेशक प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने कार्यालय खोलने के लिए गोरखपुर जिले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की क्षेत्रीय इंकाई को स्थापित करने का आदेश जारी किया है। जनपद में क्षेत्रीय इकाई के कार्यालय की स्थापना के लिए एक बहुमंजिला इमारत जिसमें 8-12 कमरे, हाल, शौचालय, आगमन और प्रस्थान द्वार, पार्किंग की समुचित व्यवस्था के साथ ही किराये की भवन का विज्ञापन भी जारी कर दिया है।

**नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए सरकार गंभीर :** नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार गंभीर है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान नशामुक्ति को लेकर कार्ययोजना तैयार कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया था। सीएम के निर्देश पर उत्तर प्रदेश नारकोटिक्स सेल फर्टिलाइजर स्थित कार्यालय खुल गया है। कार्यालय प्रभारी सीओ निष्ठा उपाध्याय की तैनाती भी हो चुकी है।

## नेपाल सीमा पर बरती जा रही है चौकसी : एडीजी

गोरखपुर। एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने बताया कि गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल के नेपाल से सटे विभिन्न जिले की सीमावर्ती इलाके के पुलिस और सीमावर्ती इलाके पर तैनात एसएसबी जवानों के आलावा विभिन्न एजेंसिया सतर्कता बरत रही है। उन्होंने बताया कि नेपाल बार्डर की सुरक्षा को लेकर बहुत जल्द ही विभिन विभागों के साथ बैठक कर सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बार्डर का इलाका खुला होने से बार्डर के गांवों के प्रधान व अन्य लोगों से भी पुलिस गोपनीय मदद लेती है।



**क्या है नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो :** एनसीबी देश की खुफिया एजेंसी सीबीआई, सीआईडी और आईबी की तरह ही एक ब्यूरो है। इसकी स्थापना मार्च 1986 में हुई थी। यह गृह मंत्रालय के अधीन काम करता है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो डायरेक्टर जनरल आईपीएस या आईआरएस के अधिकारी होते हैं। यह देश में हो रहे अवैध ड्रग्स तस्करी पर रोक लगाने का काम करती है। इसे देश के किसी भी हिस्से में जाकर जांच करने का अधिकार प्राप्त है, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ भी संबंध बनाना भी इसका काम होता है। एनसीबी के मुख्यालय नई दिल्ली के अलावा कुछ जोन एवं क्षेत्र इकाइयें भी हैं। इसके जोन दिल्ली, गुवाहाटी, अहमदाबाद, बंगलुरु, चंडीगढ़, जम्मू, जोधपुर, चेन्नई, इंदौर, कोलकाता, लखनऊ मुंबई और पटना है। इसके अलावा एनसीबी के कुछ सब जोन भी है जिसके अंतर्गत गोवा, इम्फाल, मंदसौर, अजमेर, अमृतसर, भुवनेश्वर, देहरादून, हैदराबाद, मदुरई, कोच्चि, रांची, मंडी, रायपुर और तिरुवनंतपुरम में इनके ऑफिस स्थित हैं।

**नशीले पदार्थों पर ब्रेक लगाने में एनसीबी की अहम भूमिका :** भारत नेपाल सीमा से मादक पदार्थों की तस्करी लम्बे समय से चल रही हैं। समय समय पर विभिन्न जांच एजेंसिया मादक पदार्थों की खेप पकड़कर तस्करों को जेल भेजती है। मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने के लिए अब एनसीबी का कार्यालय खुल जाने से विभिन्न विभागों से नेटवर्क के माध्यम से तस्करों पर नकेल कसने में आसानी होगी। एनसीबी खुफिया जानकारी को इकट्ठा करता है। इसका काम अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी रोकना और उसे खत्म करना होता है।

# शान्ति व सौहार्द के साथ मनायें त्योहार

बड़हलगंज (एसएनबी)। कोतवाली में होली व सोबेबरात त्योहार के मद्देनजर हुई पीस कमेटी की बैठक में सीओ जगत नारायण कन्नौजिया ने कहा कि मिलजुल कर दोनों त्योहारों को शांति व सौहार्द के साथ मनायें। दोनों त्योहार भाईचारा व शान्ति का संदेश देता है। शुक्रवार की शाम को हुई बैठक में दोनों वर्गो के मौजूद नागरिकों को संबोधित करते हुए सीओ श्री कन्नौजिया व कोतवाल



जयनारायण शुक्ल ने कहा कि हुड़दंगियों पर पुलिस की विशेष नजर है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इसलिए सभी को इसकी पवित्रता बरकरार रखनी चाहिए। बैठक में मौजूद मोहन मद्धेशिया ने कहा कि त्योहार में हिन्दू-मुसलमान कोई भेदभाव नहीं करते। सभी मिलजुल कर त्योहार मनाते हैं। इस दौरान वरिष्ठ व्यापारी नेता महेश उमर, श्रीकान्त सोनी, गंगा सोनी, बबलू राय, प्रभुनाथ सोनी, मोहन मद्धेशिया, जमाल अहमद, इनायत अली, सूरज कसौधन, पप्पू शर्मा, श्रीनिवास सोनी, पुरुषोत्तम जायसवाल, दिवान जी, सेराज अंसारी, मदनलाल सोनी, दुर्गेश वर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, लालजी वर्मा आदि मौजूद रहे।

उरुवा कस्बे के निजी अस्पताल में हुई प्रसूता की मौत का मामला

# जांच टीम ने किया पीड़ित का बयान दर्ज

**उरुवा बाजार (एसएनबी)।** केबी मेमोरियल हॉस्पिटल में दो मौतों की जांच कर रही टीम ने सुल्तानी निवासी देवेंद्र कुमार का बयान दर्ज किया। जिसकी जांच रिपोर्ट सीएमओ को भेजी जाएगी।

बता दें कि बीते 17 फरवरी को उरुवा कस्बे के गोला रोड पर स्थित केबी मेमोरियल हॉस्पिटल में ऑपरेशन करने के बाद एक प्रसूता की मौत हो गई। जिसमें संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इस मामले के बाद सुल्तानी निवासी देवेंद्र कुमार ने ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया था कि उनकी पत्नी रीना को प्रसव पीड़ा होने पर 10 फरवरी 2023 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा पर ले गए जहाँ डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन आशा के कहने पर केबी मेमोरियल हॉस्पिटल पर लेकर चले गए। जहां उसका ऑपरेशन किया गया। लेकिन 12 फरवरी 2023 को बच्चे की अचानक तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

पीड़ित देवेन्द्र कुमार ने बताया कि 27 जनवरी 2023 को आशा मुझे पीएचसी उरुवा पर मेरी पत्नी का जांच कराने के लिए कह कर

**संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार करके भेज दिया है जेल**

ले गई। लेकिन मुझे पीएचसी उरुवा न ले जाकर केबी मेमोरियल हॉस्पिटल पर ले गई। जहां 2 हजार रुपये की जांच करायी और मुझे यह बताया कि 29 जनवरी 2023 को बच्चा पैदा होगा। लेकिन उक्त दिनांक पर न होकर 10 फरवरी को प्रसव पीड़ा हुआ जिसके बाद आशा ने उरुवा पीएचसी लेकर गई। जहां स्टाफ नर्स द्वारा बताया गया कि बच्चा तिरक्षा है। जिससे प्रसव कराना मुश्किल है। जिसके बाद गोरखपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन आशा वहां न ले जाकर पुनः केबी मेमोरियल हॉस्पिटल पर ले कर गई। जहां अपरेशन से बच्चा होने की बात कहकर 42 हजार की मांग की गई। लेकिन मौके पर 20 हजार रुपये की व्यवस्था की गई। जिसके बाद अपरेशन से बच्चा पैदा हुआ। लेकिन 11 फरवरी 2023 को सुबह 4 बजे बच्चे की हालत खराब हो गई। जिसके बाद गोरखपुर सदर लेकर गया जहां इलाज के बाद पुनः अस्पताल आ गया। लेकिन 12 फरवरी को बच्चे की मौत हो गई।

प्रभारी चिकित्साधिकारी उरुवा डॉ. जेपी तिवारी ने बताया कि पीड़ित का बयान दर्ज कर लिया गया। जिसके बाद जांच रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर को भेज दी जाएगी। जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

# आपरेशन त्रिनेत्र को लेकर एडीजी ने की बैठक

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस पेंशनर्स गोष्ठ के दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार ने कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत हर घर में सीसीटीवी कैमरा लगाने की कोशिश की जाए जिससे अपराधिक तत्वों पर निगरानी की जा सके। साथ ही सुरक्षा का एहसास कराया जा सके।




पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते एडीजी अखिल कुमार।

कार्यक्रम के दौरान श्री कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग में सेवा देने के बाद एक दिन हर कोई को सेवानिवृत होना है। आप हमारे परिवार के सदस्य है। आपकी समस्या हमारी समस्या है। लिहाजा किसी तरह की समस्या हो तो जिले स्तर से तत्काल निस्तारित कराया जाए। उन्होंने कहा कि गोरखपुर सहित जोन के सभी जिले में आपरेशन त्रिनेत्र के तहत हर घर सीसीटीवी कैमरा लगने से पुलिस के साथ आम लोगों को राहत मिली है। उन्होंने कई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि घटना के बाद पास पड़ोस के लोग खुद फुटेज निकाल कर पुलिस को मुहैया करा रहे है जिससे घटना में शामिल बदमाश जेल के सलाखों में पहुंच रहे है। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक एसएसपी/एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# उपद्रवी तत्वों के विरूद्ध होगी सख्त कार्रवाई

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शुक्रवार को हरपुर-बुदहट थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ खजनी अनिल कुमार सिंह ने की। थाना परिसर में आयोजित बैठक में उपस्थित व्यापारियों, दुकानदारों एवं ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि होली का त्योहार भाईचारे का त्यौहार है। इसके लिए हमें आप सभी का सहयोग चाहिए। कहीं भी कोई बात हो तो तुरंत हमें सूचित करें। कोई भी व्यक्ति अगर अफवाह फैलाने व दंगा करने कराने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन व होली के त्यौहार के दिन चौराहों व सड़कों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हरपुरबुदहट संदीप यादव, उपनिरीक्षक रामबहादुर यादव, मदनमुरारी गुड्डू, सुदर्शन शुक्ल, बद्रीनाथ शुक्ल ,सिंटू मिश्र, रामानंद निषाद, जमुना यादव , जैनेन्द्र कुमार, अभय कुमार शुक्ला, रइशे शाकिब अहमद, जयश्री गुप्ता,जोखू निषाद, राम सागर यादव, विपिन कुमार भारती ,अश्विनी कुमार शुक्ल,अंगद गुप्ता, गिरिजा शंकर शुक्ल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# टाटा मैजिक की ठोकर से शिक्षिका की मौत, भतीजा गंभीर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गीडा थाना क्षेत्र के छपिया अनुश्रवण केंद्र के समीप तेज रफ्तार टाटा मैजिक स्कूटी सवार एक शिक्षिका और उनके नाबालिग भतीजे को ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक टाटा मैजिक समेत सड़क किनारे स्थित एक गुमटी में जा घुसा। जिससे गुमटी में बैठा दुकानदार भी घायल हो गया। घटना में टाटा मैजिक का चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। चारों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से शिक्षिका और उसके भतीजे को शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां शिक्षिका की इलाज के दौरान रात 8.30 बजे मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ली है।

हमारे **टीपीनगर व बरहुआं** प्रतिनिधियों से मिली जानकारी के अनुसार कुमारी कृष्णा पुत्री स्व रामचन्द्र निवासी सुअरज थाना गोला प्राथमिक विद्यालय सरैया थाना गीडा में शिक्षिका हैं। वह नौसड़ में किराए का रूम लेकर अपने 9 वर्षीय भतीजे सत्यम के साथ रहती हैं। सत्यम भी प्राथमिक विद्यालय सरैया में कक्षा 5 का छात्र है। शुक्रवार को स्कूल की छुट्टी के बाद कुमारी कृष्णा अपने भतीजे को साथ लेकर स्कूटी से नौसड़ अपने रूम पर आ रही थीं। वह अपराह्न 3.30 बजे के आसपास छपिया अनुश्रवण केंद्र के पास पहुंची थीं तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही टाटा मैजिक ने स्कूटी में ठोकर मार दी जिससे शिक्षिका और उनका भतीजा घायल होकर सड़क और सड़क से दूर जाकर गिरे। घटना के बाद चालक टाटा मैजिक समेत राजेश की गुमटी में जा घुसा जिससे दुकानदार राजेश और टाटा मैजिक का चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची नौसड़ चौकी पुलिस सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवायी। शिक्षिका व उसके भतीजे की हालत की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल से उन्हें मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन मेडिकल कालेज न ले जाकर एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए जहां शिक्षिका की मौत हो गयी। स्कूटी व टाटा मैजिक को पुलिस ने कब्जे में लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टाटा मैजिक चालक सड़क की दूसरी पटरी पर जाकर शिक्षिका की स्कूटी में ठोकर मारा है।

**स्कूल की छुट्टी होने पर स्कूटी से भतीजे के साथ नौसड़ लौट रही थीं शिक्षिका**

**दुकानदार व टाटा मैजिक का चालक भी घायल**




शिक्षिका कु. कृष्णा (फाइल फोटो) तथा भतीजा सत्यम

**कार में जा भिड़े बाइक सवार, घायल :** एक अन्य घटना में बगहा बाबा मंदिर नौसड़ के समीप एक कार चालक अपनी कार को मोड़ रहा था। इस दौरान पहुंचे बाइक सवार कार में जा भिड़े जिससे दोनो घायल हो गये। सूचना पर पहुंची नौसड़ चौकी पुलिस घायल बाइक सवारों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया है।

# फर्जी प्रमाण-पत्र लगाने वाले ठेकेदार के खिलाफ केस

गोरखपुर (एसएनबी)। बिजली विभाग के गेस्ट हाउस की मरम्मत व साज सज्जा के एक टेंडर को हासिल करने के लिए ठेकेदार ने फर्जी प्रमाण पत्र लगाने का मामला प्रकाश में आया है। ठेकेदार का चरित्र प्रमाण-पत्र जांच में फर्जी निकला। विभाग ने जिलाधिकारी कार्यालय से जारी चरित्र प्रमाण-पत्र के फर्जी होने के बाद ठेकेदार के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। डीएम कार्यालय से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया है। पुलिस ने मामले की तह तक जाने के लिए जांच शुरू कर दी है। मामला 2021-2022 का है। यह ठेकेदार बिजली अभियंताओं का चहेता बताया जा रहा है।

**विद्युत विभाग के गेस्ट हाउस की मरम्मत आदि का टेंडर हासिल करने का मामला**

बताते चलें कि बिजली विभाग के सिविल डिविजन (जानपद खण्ड) के अधिशासी अभियंता ई. अनिरुद्ध चौरसिया ने कैण्ट थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। अभियंता ने अपनी तहरीर में लिखा है कि खण्ड से 2021-22 में प्रकाशित निविदा में मेसर्स नायक इण्टरप्राइजेज प्रोपाराइटर शुभम नायक पुत्र राजेश नायक ग्राम-सेमरा देवी उर्फ कठउर ने प्रतिभाग किया। फर्म ने डीएम कार्यालय से जारी चरित्र प्रमाण-पत्र में कूटरचना कर निविदा प्रस्तुत किया। शिकायत पर मामले की जांच की गई तो चरित्र प्रमाण-पत्र में कूटरचना की पुष्टि हुई। ऐसे में मेसर्स नायक इण्टर प्राइजेज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने का अनुरोध है। सिविल खण्ड के मुताबिक फर्म को फर्जी दस्तावेज के आधार पर टेण्डर मिल भी गया। अप्रैल-22 में शिकायत मिलने पर अभियंताओं ने जांच शुरु की। उसके बाद अभियंताओं ने आवंटित टेण्डर भी मई-22 में निरस्त कर दिया। डीएम कार्यालय से पत्राचार में 27 मई-22 को चरित्र प्रमाण पत्र में कूट रचना की पुष्टि होने के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने फर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया।

# गगहा में लावारिस बाइक मिली

हाटा बाजार/रकहट। गगहा क्षेत्र के स्थानीय गजपुर मार्ग पर इंटर कालेज गेट के समीप शुक्रवार को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक लावारिस बाइक बरामद किया है। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने लावारिस बाइक को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस बाइक के नंबर के आधार पर वाहन स्वामी का पता लगा रही है।

# रेस्टोरेंट में घुसकर कर्मचारियों को पीटने वाले बदमाशों पर गैंगस्टर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** तारामंडल इलाके में नौकायन रोड पर चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के साथ रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने वाले बदमाशों पर रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगेस्टर की कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जेपी सिंह उर्फ जय प्रकाश उर्फ रिंकू, विनोद कुमार मिश्रा, प्रभात यादव उर्फ गुड्डू, राजकरन निषाद, विवेक तिवारी के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**नौकायन रोड पर चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में एक नवम्बर की रात हुई थी घटना**

**किचन बंद होने के बाद खाना मांगने पर हुआ मनबढ़ों ने किया था विवाद**

दरअसल, एक नवंबर की रात को चिलुआताल के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा ने अपने साथियों संग सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने के साथ ही कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह के प्रार्थना पत्र पर विनोद मिश्रा, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को उन्होंने सीसी कैमरे की फुटेज सौंपा था।

वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि रिसेप्शन पर खड़े कर्मचारी को पीटने के बाद गिलास तोड़कर गले में घोंपने का प्रयास भी किया गया था। मोबाइल से वीडियो बना रहे युवक को भी बेरहमी से पीटा जा रहा है। इसी मामले आरोपितों पर कार्रवाई करने के साथ ही रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगेस्टर की कार्रवाई की भी रिपोर्ट भेजी थी। डीएम के यहां से अनुमति मिलने के बाद पांच आरोपितों पर गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज किया है।

# जीडीए टावर में लड़कियों के बीच जमकर मारपीट,वीडियो वायरल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कैंट थाना क्षेत्र के गोलघर स्थित जीडीए टावर में दो लड़कियां आपस में एक दूसरे का बाल नोचने लगी जीडीए टावर की दुकानदारों ने बताया कि दोनों लड़कियां मोमो की दुकान पर पहुंचकर मोमो खाने का आर्डर देती हैं किन्ही बातों को लेकर आपस में भिड़ जाति हैं, कड़ी मशक्कत के बाद एक दूसरे से अलग किया जाता है। इस दौरान जिस तरह लड़कियों ने गाली गलौज करते हुए दिखी उससे लोग हैरान हो गए। पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई ने बताया कि जीडीए टावर में लड़कियों को लड़ते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जांच के आदेश दे दिया गया है तहरीर मिलने पर वैधानिक कारवाही किया जायेगा, दोनों लडकियो को महिला थाने पर कौसलिग के लिए बुलाया गया है।

गोलघर स्थित जीडीए टावर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां दो लड़कियों के गुटों में जमकर मारपीट हो गई। किसी ने इसका वीडियों बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जीडीए टावर में लड़कियों का दोनों गुट के बीच करीब 20 मिनट तक लात-घूंसे और खूब जमकर गाली गलौच हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**लड़कियों के दो गुटों के बीच जमकर हुई मारपीट, देखकर लोग हैरान, कैंट थाने में मुकदमा दर्ज**

**मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई की बजाए, महिला थाने में काउंसलिंग के लिए बुलाया**

**एसपी सिटी ने पूरे मामले की जांच का दिया आदेश**



बताया जा रहा है, वायरल वीडियो शहर के गोलघर में स्थिति जीडीए टावर का है। वृहस्पतिवार की शाम को अचानक लड़कियों के दो गुटों जीडीए टावर पहुंची और वहां पर पुरानी बात को लेकर पहले तकरार हुआ फिर दोनों पक्षों की लड़कियों के बीच मारपीट शुरू हो गई। यह देखकर लोगों में हड़कंप मच गया।लड़कियां एक दूसरे का बाल खींचकर मारपीट कर रही थीं।

दोनों पक्षों में करीब 20 मिनट तक लड़ाई हुई। इस दौरान मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन वो बस मूकदर्शक बनी रही। उनके बीच मारपीट क्यों हुई, यह पता नहीं चल पाया। मारपीट के दौरान सिपाही वहां पर सिर्फ तमाशा देख रहा है और लड़कियां एक दूसरे को भद्दी भद्दी गालिया दे रही है।

पुलिस वहां पर कार्रवाई की बजाए पूरे मामले को रफा दफा करने में जुटी रही। लेकिन उन्हे नहीं पता वहां पर तमाम युवकों ने मोबाइल से पूरी घटना क्रम का वीडियों बनाकर सोशल मीडिया के जरिये वायरल कर दिया। चर्चा है कि किसी युवती के प्रेमी को लेकर विवाद की शुरूआत हुई और फिर मामला तूल पकड़ लिया। दोनों पक्ष की लड़कियों के साथ उनकी सहेलिया भी इस विवाद का हिस्सा बनी हुई थी। इस मामले में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने वीडियो की जांच का आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर कैंट थाने में 147/2023 धारा 323, 504. 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# क्राइम ब्रांच के अधिकारी बन मुंबई कारोबारी से लूट

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वृहस्पतिवार की शाम मुबंई में कारोबार करने वाला कारोबारी मुम्बई से फ्लाइट से गोरखपुर पहुंचे कारोबारी शाहपुर इलाके में जाने के नाम पर बदमाशों ने उसे कार में बैठा लिया। कार सवार बदमाशों ने अपने को क्राइमब्रांच का अफसर बताकर जांच के नाम पर 25000 नकदी, 8 ग्राम के सोने की अंगूठी, एटीएम व सिम कार्ड लूट लिया। एम्स गेट के पास कारोबारी को उतार कर फरार हो गए। बाद में एटीएम कार्ड का प्रयोग कर 20000 हजार नकदी भी निकाल लिया। पीड़ित की सूचना पर कैंट पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसी टीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। जिस कार से बारदात को अंजाम दिया गया है उस कार को बरामद कर लिया है।

**नंदानगर प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार रामजी शुक्ला मूल निवासी ग्राम पंडरी थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती, वर्तमान में मुम्बई के शिव ओम काम्प्लैक्स नहर रोड़ चांदीवली निकट डी मार्ट अंधेरी ईस्ट में रहकर कारोबार करते हैं। गुरूवार को शाहपुर इलाके के रामजानकीनगर में रहने वाले एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए मुम्बई से इंडिगो की फ्लाइट पकड़ कर शाम 5.45 पर एअरपोर्ट गोरखपुर पर उतरे और लाउंज से बाहर आकर आटो से रामजानकीनगर जाने की बात करने लगे। इस दौरान 5.51 बजे एक अन्य बदमाश आया और बोला कि खुद को रामजानकीनगर जाने की बात करते हुए वहां आ गया। इस बीच सामने एक कार सफेद रंग की बीडीआई लेकर पहुंचा। कारोबारी को रामजानकीनगर जाने की बात कह कर बैठा लिया। एअरपोर्ट से आगे बढ़ते ही कार में सवार एक अपने आप को क्राइमब्रांच का अफसर बताते हुए रामजी शुक्ला की अटैची चेक करने लगा। इस दौरान उन्हे बातों में उलझा दिया और लिफाफे में रखा 25000 नकदी व अंगूठी एटीएम कार्ड व मोबाइल से दोनों सिम कार्ड निकाल लिया और एम्स एलएनटी गेट पर उतार दिया।

**जांच के नाम पर 25000 नकदी व 8 ग्राम की सोने की अंगूठी लूटा**

**धौंस दिखाकरत कर एटीएम कार्ड छीना, कोड नंबर पूछा और मोबाइल से सिम कार्ड भी निकाला**



घटना में इस्तेमाल फुटेज से मिली कार व लूट का शिकार पीड़ित कारोबारी रामजी शुक्ला (इनसेट)।

उतरने के बाद जब कारोबारी ने अटैची चेक किया तो लिफाफे में रद्दी कागज व माचिस की डिबिया में पत्थर देखा उसके होश उड़ गए। कारोबारी को समझते देर नहीं लगी कि उसके साथ टपकेबाजी हुई है। कारोबारी की परेशानी देख एक व्यक्ति ने मदद की तथा पुलिस को सूचना देकर बुला लिया। इसके पहले कि कारोबारी मुम्बई अपने बेटे कोफोन कर एटीएम ब्लाक कराता टपकेबाजों ने नंदानगर एफसीआई रेलवे क्रासिंग स्थित एसबीआई एटीएम से तीन बार में 20000 रूपया निकाल लिया।

घटना की जानकारी होते ही कैंट पुलिस पीड़ित से तहरीर ले एअरपोर्ट से लेकर चौकी तथा एम्स तक रास्ते में लगे सीसी टीवी कैमरे खंगालने में जुट गई है। पुलिस की माने तो सीसी टीवी फुटेज में घटना में प्रयुक्त कार के साथ काफी क्लू मिल चुका है। इस दौरान पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो पता चला कि सफेद रंग की कार से वारदात को अंजाम दिया गया है।

### कार की हो गयी पहचान, बहुत जल्द हो जाएगा खुलासा : एसपी सिटी

पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण विश्नोई ने बताया कि मुबंई के रहने वाले कारोबारी को जिस कार में बैंठाकर वारदात को अंजाम दिया गया है उस कार की पहचान हो गयी है। कार पुलिस के हिरासत में है और कार मालिक से पुलिस पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि कार सवार जिन लोगों ने वारदात को अंजाम दिया है उनके बारे में पुलिस को जानकारी मिल गयी है। उनका कहना है कि पुलिस टीम वर्कआउट करने में लगी है बहुत जल्द ही घटना का खुलासा हो जाएगा।



# जीडीए टॉवर में भिड़ीं पापा की परी, लात-घूसों का वीडियो वायरल



युवतियों की लड़ाई का वीडियो वायरल हो गया.

## चौकी से पहुंचे सिपाही के सामने भी चले लात-घूसे

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 Feb):** गोलघर जीडीए टॉवर में लड़कियों के मारपीट का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ. वीडियो में कुछ लड़कियां आपस में मारपीट करती हुई दिखाई पड़ रही हैं. दोनों गुट के बीच 20 मिनट तक जमकर लात-घूसे चले. इस दौरान उन्होंने एक-दूसरे के बाल पकड़कर खींचे और थप्पड़ मारा. कैंट थाना पुलिस ने इस मामले में एक पक्ष की तरफ से एफआईआर भी दर्ज कर ली है.



"लड़कियों के बीच मारपीट का वीडियो मिला है. कैंट थाना पुलिस को आरोपितो की पहचान करने के साथ ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है. उनके पकड़े जाने के बाद ही विवाद की वजह स्पष्ट होगी.

**कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

### गुरुवार रात को हुई मारपीट

घटना गोलघर स्थित जीडीए कांप्लेक्स में गुरुवार रात करीब 8 बजे हुई. यहां पर रेस्टोरेंट में लड़कियों के दोनों गुट में अचानक मारपीट शुरू हो गई. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक लड़की दूसरे के बाल पकड़कर उसे घसीटते हुए ला रही है. इस दौरान कुछ लड़कियां बीच-बचाव करती हैं तो दूसरी लड़की उसको थप्पड़ मारना शुरू कर देती है. 20 मिनट तक दोनों गुट के बीच मारपीट होती रहती है. छुड़ाने की कोशिश के बीच भी थप्पड़ और घूसे लड़कियों के बीच चलते रहे.

### सूचना पर पहुंची पुलिस

मारपीट की सूचना पर पहुंचे कैंट थाने के सिपाही ने उन्हें अलग करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों गुट की लड़कियां मारपीट पर उतारू थीं. सिपाही के काफी समझाने पर वह मानीं. कैंट थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को एक पक्ष ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया है, जिसकी जांच चल रही है.

### घटना की वजह पता नहीं

दोनों गुट की लड़कियां आपस में मारपीट क्यों कर रही थीं? इसकी जानकारी किसी को नहीं है. घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कैंट थाना पुलिस जांच करने पहुंची. लड़कियां कहां की रहने वाली हैं और क्यों मारपीट कर रही थीं इसकी जानकारी नहीं है.

# फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र से ठेका, एफआईआर

GORAKHPUR (24 Feb): मोहद्दीपुर में बिजली निगम के गेस्ट हाउस में सुंदरीकरण कार्य के लिए एक ठेकेदार ने फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र लगा दिया. इसके लिए उसने डीएम की ओर से जारी चरित्र प्रमाणपत्र को बदल दिया. ठेकेदार को काम भी मिल गया. किसी ने शिकायत की तो बिजली निगम ने जांच की. अब बिजली निगम के जानपद खंड के अधिशासी अभियंता ने ठीकेदार के खिलाफ कैंट थाने में एफआइआर दर्ज कराई है. खोराबार थाना के सेमरा देवी प्रसाद उर्फ कठउर के शुभम नायक पुत्र राजेश नायक की नायक इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म है. यह फर्म बिजली निगम से जुड़े काम कराती है. पिछले साल की शुरुआत में बिजली निगम ने मोहद्दीपुर के गेस्ट हाउस के सुंदरीकरण कार्य का टेंडर जारी किया था. काम तकरीबन सात लाख रुपये का था. नायक इंटरप्राइजेज को जांच के बाद काम दे दिया गया. उसने काम भी शुरू कर दिया. किसी ने डीएम की ओर से जारी चरित्र प्रमाणपत्र को बदलने की शिकायत की. इस पर जानपद खंड के अधिशासी अभियंता अनिरुद्ध चौरसिया ने अप्रैल, 2022 में जांच करायी. जांच में चरित्र प्रमाण पत्र गलत मिलने पर उन्होंने टेंडर निरस्त कर दिया.

# नाबालिग के भगाने का केस दर्ज

CHAURI CHAURA:चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के एक लड़के पर अपनी 13 साल की लड़की को भगाने का आरोप लगाया. महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आकाश निषाद के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है.

# रेस्टोरेंट में घुसकर की थी मारपीट 5 बदमाशों पर लगा गैंगेस्टर

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (24 Feb): रामगढ़ताल स्थित चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में बीते दिनों मारपीट करने वाले 5 बदमाशों पर शुक्रवार को पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है. नवंबर माह में इस रेस्टोरेंट के अंदर घुसकर मारपीट की थी. जिसका वीडियो खूब वायरल हुआ था. गौर करने वाली बात ये है कि इसमे गैंग लीडर रामपुर गोपालपुर थाना गुलरिहा निवासी जेपी सिंह उर्फ जयप्रकाश सिंह उर्फ रिंकू पर अलग-अलग थानों में कुल 28 मुकदमें दर्ज हैं. इसी तरह मारपीट में शामिल अन्य बदमाश भी शातिर अपराधी हैं. रामगढ़ताल स्थित चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में एक नवंबर की रात मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ. वीडियो में दिखाई दे रहा है कि आधा दर्जन से अधिक दबंग रेस्टोरेंट के अंदर घुसकर वहां मैनेजर और कर्मचारियों को मार रहे हैं. वहीं एक युवक शीशे की ग्लास तोड़कर रिसेप्शन पर बैठे कर्मचारी के पेट में घोपने की कोशिश कर रहा है. वीडियो पर तरह-तरह के कमेंट भी आए. इस मामले में रेस्टोरेंट ऑनर की तहरीर पर रामगढ़ताल थाने में एफआईआर दर्ज की गई.

## इन पर लगा गैंगेस्टर

- जेपी सिंह उर्फ जयप्रकाश सिंह उर्फ रिंकू निवासी गोपालपुर
- विनोद कुमार मिश्रा निवासी मानबेला
- प्रभात यादव उर्फ गुड्डू निवासी दहला टोला
- राजकरन निषाद उर्फ राजकरन साहनी निवासी दहला टोला
- विवेक तिवारी निवासी राप्तीनगर फेज-3



आरपीएम एकेडमी ग्रीन सिटी में बच्चों ने हाथ उठाकर शपथ ली.

## आईनेक्स्ट कैंपेन के तहत बच्चों ने ली शपथ...

# सोशल मीडिया का सही और सीमित यूज करेंगे

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

**i IMPACT**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 Feb):** सोशल मीडिया के अधिक यूज और नुकसानदायक परिणामों से बच्चों को अवेयर करने का बीड़ा गोरखपुर के स्कूलों ने भी उठाया है. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के अभियान के साथ आते हुए स्कूलों ने शुक्रवार से इस नेक पहल की शुरुआत कर दी. स्कूलों में प्रेयर के दौरान बच्चों ने शपथ ली कि सोशल मीडिया का सही और सीमित यूज करेंगे. बच्चों ने जब उठाकर उठाकर शपथ ली तो स्कूल प्रांगण गूंज उठे. सोशल मीडिया का खराब इफेक्ट बच्चों पर पड़ रहा है. हाल फिलहाल में कई ऐसे मामले आए, जिसमे बच्चे नासमझी में सोशल मीडिया के जाल में फंसकर परेशान हुए. इसे लेकर दैनिक जागरण आईनेक्स्ट ने सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट अभियान चलाया. इस अभियान से अब सभी स्कूल भी जुड़ चुके हैं. शुक्रवार को पहले दिन कई स्कूलों में प्रेयर और क्लास के दौरान बच्चों को अवेयर किया गया. स्कूलों में बच्चों ने शपथ ली कि सोशल मीडिया का सही और सीमित यूज हम करेंगे. इस दौरान सभी टीचर्स उन्हें अच्छे टिप्स देते नजर आए. टीचर्स ने बताया कि सोशल मीडिया हमारे अच्छे भविष्य का एक माध्यम भर है. इसलिए हम इसके मिस्यूज से बचेंगे.

### यहां किया गया अवेयर

आरपीएम एकेडमी ग्रीन सिटी, स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज ग्रीन सिटी, स्प्रिंगर लोरेटो सिविल लाइंस, आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, लिटिल स्टार एकेडमी में शुक्रवार को प्रेयर और क्लास के दौरान बच्चों को सोशल मीडिया के प्रति अवेयर किया गया.



लिटिल स्टार एकेडमी में प्रिंसिपल श्रेया श्रीवास्तव, श्वेता सिंह, जय पटेल व अंजनी ने शपथ दिलाई.



स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज में बच्चों ने शपथ ली.



स्प्रिंगर लोरेटो में बच्चों ने शपथ ली.





सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट
बाल अपराधी बनने लगे बच्चे

### एसोसिएशन ने लिखा था लेटर ....

- गोरखपुर स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शाही ने सोशल मीडिया के मसले पर सभी स्कूलों को लिखा था कि सभी स्कूली बच्चों को सोशल मीडिया के प्रति अवेयर करें, ताकि आने वाली चुनौतियों से निपटा जा सके.

### इस तरह किया जाना है अवेयर

- सुबह प्रेयर के समय बच्चों से सोशल मीडिया के अच्छे और बुरे पहलुओं पर चर्चा करें.
- पेरेंट्स टीचर मीटिंग में सोशल मीडिया के प्रति सभी को अवेयर करें.
- बच्चों को ये बताएं कि इसका किस तरह यूज करें, जो उनके कैरियर के लिए अच्छा हो.
- बच्चों को ये भी बताएं कि सोशल मीडिया का अधिक यूज हमें किन-किन बीमारियों के चपेट में ले रहा है.

# बिना रजिस्ट्रेशन हॉस्पिटल पर छापेमारी

**CHAURI CHAURA:** एसडीएम चौरीचौरा शिवम सिंह ने शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के देवीपुर में बिना डिग्री के चल रहे आरपी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान वहां डॉक्टर नदारत मिले. उन्होंने बताया कि देवीपुर में फोरलेन सड़क के किनारे संचालित आरपी हॉस्पिटल बिना डिग्री के एक नर्स चला जा रही थी. संचालक को हास्पिटल के सभी अभिलेखों के साथ तहसील कार्यालय में अविलंब तलब किया गया. इसके साथ ही उन्होंने तरकुलहा मंदिर गेट के पास जानकी इंटरप्राइजेज राइस मिल्स का निरीक्षण किया. इस दौरान मिलर मौके पर मौजूद नहीं पाए गए.

# दो बाइक चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

पिपराइच। चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने कस्बे के गढ़वा चौराहे पर रहने वाले दो चोर सद्दाम व जहांगीर को गिरफ्तार कर शुक्रवार जेल भेज दिया गया है। गुरुवार की रात पुलिस गश्त कर रही थी। पूछताछ में बाइक रिठिया निवासी पूर्व प्रधान संजय पटेल की पाई गई जो बुधवार की रात उपनगर के जोशी वस्त्रालय दुकान के सामने से चोरी हो गई थी।

# गेस्ट हाउस का टेंडर लेने को लगाया फर्जी प्रमाणपत्र, केस दर्ज

कलंक कथा

- बिजली निगम के सिविल खंड ने मेसर्स नायक इंटरप्राइजेज पर दर्ज कराया मुकदमा
- सिविल खंड ने गेस्टहाउस मेंटीनेंस के लिए 2021-22 में निकाला था टेंडर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बिजली निगम के गेस्ट हाउस की मरम्मत व साज-सज्जा के एक टेंडर को हासिल करने के लिए ठेकेदार ने फर्जी प्रमाण पत्र लगाने की करतूत अंजाम दे डाली, मगर एक शिकायत ने उसकी पोल खोल दी। उसका चरित्र प्रमाण पत्र जांच में फर्जी निकला। बिजली निगम ने डीएम कार्यालय से जारी चरित्र प्रमाण पत्र के फर्जी होने के बाद ठेकेदार के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

डीएम कार्यालय से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने इसे गंभीरता से ली है। पुलिस ने मामले की तह तक जाने के लिए जांच शुरू कर दी है। मामला 2021-2022 का है। यह ठेकेदार बिजली अभियंताओं का चहेता बताया जा रहा है। बिजली निगम के सिविल डिवीजन (जानपद खंड) के अधिशासी अभियंता ई. अनिरुद्ध चौरसिया ने कैंट थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। अभियंता ने अपनी तहरीर में लिखा है कि खंड से 2021-22 में प्रकाशित निविदा में मेसर्स नायक इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर शुभम नायक पुत्र राजेश नायक ग्राम-सेमरा देवी उर्फ कठउर ने प्रतिभाग किया। फर्म ने डीएम कार्यालय से जारी चरित्र प्रमाण पत्र में कूटरचना कर निविदा के प्रस्तुत किया। शिकायत पर मामले की जांच की गई तो चरित्र प्रमाण पत्र में कूटरचना की पुष्टि हुई। ऐसे में मेसर्स नायक इंटर प्राइजेज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने का अनुरोध है। सिविल खंड के मुताबिक फर्म को फर्जी दस्तावेज के आधार पर टेंडर मिल भी गया। अप्रैल-22 में शिकायत पर मिलने पर अभियंताओं ने जांच शुरू की। उसके बाद अभियंताओं ने आवंटित टेंडर भी मई-22 में निरस्त कर दिया। डीएम कार्यालय से पत्राचार में 27 मई-22 को चरित्र प्रमाण पत्र में कूट रचना की पुष्टि होने के बाद निगम के अफसरों ने फर्म के खिलाफ केस कराने का निर्देश दिया।

## दस्तावेज में यह कूट रचना की गई

एक्सईएन की तहरीर के मुताबिक फर्म के संचालक ने डीएम कार्यालय के पत्रांक संख्या-87/जांच सहायक-18, 13 जुलाई-18 का जारी चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। जो कि पत्रांक संख्या-87/ जांच सहायक-18, 13 फरवरी-18 को जारी चरित्र प्रमाण पत्र में कूट रचना कर बनाया गया मिला। इसकी पुष्टि डीएम कार्यालय के पत्रांक संख्या-1345/जांच सहायक-22, दिनांक 27 मई-22 को हुई।

## ठेकेदार पर कई बार लगे है आरोप

बिजली निगम के मुताबिक सिविल खंड के इस ठेकेदार पर कई आरोप लगे है। इंजीनियरों ने ठेकेदार को लाभान्वित करने की नियत से स्टेशन रोड स्थित पावर हाउस कॉलोनी में आवास दे दिया था। इस आवास में अभियंता दावत उड़ाते थे। कुछ दिन पहले ही सीई के निर्देश पर अभियंताओं ने ठेकेदार से आवास खाली कराया। इस ठेकेदार ने हाईडिल कालोनी में खंड के जेई की मिलीभगत से पेड़ भी कटवा दिए। कॉलोनी के लोगों ने सीई से शिकायत की तो जांच कमेटी बनी। पर जांच कमेटी की रिपोर्ट भी ठंडे बस्ते में चली गई।

# नाबालिग लड़की भगाने पर केस दर्ज

चौरीचौरा। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपनी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# गांजा के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने शुक्रवार को एक शातिर तस्कर को स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 2.15 किग्रा अवैध गांजा व गांजा के बिक्री से प्राप्त 5000 रुपया बरामद किया। पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत उसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। रामगढ़ताल थानेदार सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि तस्कर की पहचान राजघाट क्षेत्र के चकरा अव्वल निवासी विनय रावत के रूप में हुई। उसपर पहले से एनडीपीएस एक्ट में तीन केस राजघाट थाने में दर्ज है।

# हत्या के प्रयास में तीन को 10 साल की सजा




**गोरखपुर, निज संवाददाता।** हत्या के प्रयास का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल दुबे ने कोतवाली थानाक्षेत्र के पुर्दिलपुर निवासी अभियुक्त डब्बू साहनी उर्फ रामकिशुन, सूरज और राजकुमार जायसवाल को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को जुर्माने से भी दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय का कहना था कि पांच अप्रैल 2007 को समय करीब सात बजे वादी जितेंद्र कुमार मिश्र अपनी श्रृंगार की दुकान बंदकर अलीनगर चौराहे पर प्रकाश वीर गुप्ता और राजेश श्रीवास्तव से बात कर रहा था। वहीं वादी का भाई राजेश कुमार मिश्र मिला। वहां से वे सभी लोग दस नंबर बोरिंग देवकी गैस सर्विस के बगल में अपने भाई राजेश मिश्र के किराए के मकान पर गए। थोड़ी देर बाद वहां अभियुक्तगण आए और वादी के भाई को बुलाए। वादी का भाई बाहर आकर उनसे बात करते हुए रोड की तरफ जाने लगा। वादी और उसके साथ आए लोग भी उसके पीछे गए। कुछ दूर जाते ही अभियुक्त डब्बू साहनी अचानक कट्टा निकाल कर वादी के भाई पर ताबड़तोड़ फायर करने लगा। अभियुक्तगण वादी और उसके साथ आए लोगों को जान मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

## नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में दस साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने खोराबार थानाक्षेत्र के रामपुर चौराहा निवासी अभियुक्त जुगुन पासवान को दस साल के कठोर कारावास और 80 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड नहीं देने पर अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 17 मार्च 2016 की रात करीब नौ बजे की है। अभियुक्त वादी की 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# मारपीट व छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने घर में घुस कर मारपीट और छेड़खानी करने के आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के गंगानगर कॉलोनी निवासी निहाल चौधरी के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में एक नकलची पकड़ा

गोरखपुर। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा शुक्रवार को जिले के 218 केंद्रों पर चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच हुई। कुल 4976 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। एक छात्र अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़ा गया, उसे रस्टीकेट कर दिया गया। प्रथम पाली में हाईस्कूल कृषि विषय की परीक्षा के लिए 313 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें 305 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में इंटर अंग्रेजी विषय के पंजीकृत कुल 62589 परीक्षार्थियों में 57617 परीक्षा दी। द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान नकल करने के आरोप में कक्ष निरीक्षक ने इंटर कॉलेज भटवली बाजार, उनवल में एक परीक्षार्थी को रस्टीकेट कर दिया।

# मारपीट में महिला समेत तीन को सजा

गोरखपुर। मारपीट और छेड़छाड़ के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने बेलघाट थानाक्षेत्र के ग्राम शाहपुर केसरिया निवासी अभियुक्त धीरेंद्र को तीन साल के कठोर कारावास और 13 हजार रुपये अर्थदंड तथा अभियुक्त सुरेंद्र व लालमती को एक साल के कारावास और तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं विशेष लोक अभियोजक राममिलन सिंह का कहना था कि घटना 19 अप्रैल 2015 की सुबह करीब सात बजे की है। अभियुक्त पीड़िता पर बुरी नजर रखता था। अभियुक्त धीरेंद्र शौच के लिए जा रही पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने लगा और इसका हाथ मरोड़कर तोड़ दिया।

# धोखाधड़ी का आरोपी जेल भेजा गया

चौरीचौरा। धोखाधड़ी के आरोपित गौनर निवासी राघवेन्द्र कुमार चौहान को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि ग्राम सोनबरसा निवासी अयोध्या ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में शिकायत की थी कि राघवेंद्र ने जमीन देने के नाम पर 13 लाख रुपये लिए थे। लेकिन जमीन की रजिस्ट्री नहीं किया। पैसे वापस मांगने पर धमकी देने लगा था।

# बिजली चोरी के मामले निपटाने में लापरवाही

गोरखपुर। बिजली थाने पर बढ़ते बिजली चोरी के मुकदमों को निस्तारित करने की रणनीति के तहत जोन के मुख्य अभियंता ने सभी वितरण खण्डों को निर्देश दिए थे कि प्रत्येक दिन एक कर्मचारी को बिजली थाने पर भेजें।

थाना व वितरण खंड की टीम मिलकर बिजली चोरी के मामलों को निस्तारित करेगी। राजस्व जमा कराने का लक्ष्य भी तय हुआ, लेकिन अबतक इसमें कोई रुचि नहीं ली। लिहाजा आदेश के बाद भी किसी खंड से कर्मचारियों के नहीं आने पर थाना प्रभारी ने मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया है।

# जालसाजी कर हड़पे रुपये, गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी से कूटरचित रसीद तैयार कर रुपये हड़पने के आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के शाखा प्रबंधक ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनकी कंपनी में रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव के पर पर काम करने वाले आजमगढ़ के बरदह दरियापुर बसाई निवासी घनश्याम पाठक बैंकिंग के समय फर्जी चालान रसीद के माध्यम से धोखाधड़ी करते थे। पुलिस ने गबन व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# रेस्टोरेंट कर्मचारियों को पीटने वालों पर गैंगस्टर

**फॉलोअप**

- चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में एक नवम्बर की घटना
- किचन बंद होने पर खाने को लेकर हुआ था विवाद

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। तारामंडल इलाके में नौकायन रोड पर चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के साथ रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने वाले बदमाशों पर रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

इंस्पेक्टर सुधीर सिंह ने बताया कि जेपी सिंह उर्फ जयप्रकाश उर्फ रिंकू, विनोद मिश्र, प्रभात यादव उर्फ गुड्डू, राजकरन निषाद, विवेक तिवारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। दरअसल, एक नवंबर की रात को चिलुआताल के मानबेला निवासी विनोद मिश्र ने अपने साथियों संग सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने के साथ ही कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह के प्रार्थना-पत्र पर विनोद मिश्र, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था।



निबरहर की घटना में गिरफ्तार आरोपित ● सौ. पुलिस

# चोर बोलकर पिटाई करने वाले आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : निबरहर गांव रिश्तेदारी में गए युवक की पिटाई करने वाले तीन आरोपितों को सहजनवां पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश कर पुलिस ने आरोपित ज्वाला यादव, रामबृक्ष, रणजीत सिंह को जेल भेज दिया। गुरुवार को युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी।

केशवाखोर के बिंदेश्वरी यादव का 25 वर्षीय पुत्र दुर्गेश यादव बुधवार की रात बाइक से निबरहर रिश्तेदारी में जा रहा था। गांव पहुंचते ही आरोपितों ने पकड़ लिया और चोर-चोर कहते हुए पिटाई करनी शुरू कर दी। कुछ देर में दो दर्जन की संख्या में ग्रामीण भी पहुंच गए।

इसके बाद आरोपितों ने दुर्गेश को पेड़ में बांधकर ग्रामीणों के साथ जमकर पिटाई की। एक युवती की सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी आरोपित पीटते रहे। पुलिस से भी ग्रामीणों ने नोकझोंक की थी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस दुर्गेश को छुड़वाकर मेडिकल कालेज भिजवाया था, जहां उसका उपचार चल रहा है।

# शासन तक मांग पत्र पहुंचाने के आश्वासन पर किया दाह संस्कार

**जासं, भीटी रावत :** गीडा थाना क्षेत्र के भड़सार में उप जिलाधिकारी सुरेश राव के आश्वासन पर शुक्रवार की सुबह स्वजन ने छात्रा के शव का दाह संस्कार कर दिया। गुरुवार को मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उसे कुचल दिया था। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर स्वजन ने दाह संस्कार करने से मना कर दिया था। मुख्यमंत्री को पत्र लिख स्वजन ने 50 लाख रुपये व किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की थी।

भड़सार निवासी दीपशिखा पुत्री रामानंद गुरुवार को सहजनवां से कोचिंग पढ़कर साइकिल से घर जा रही थी। बनगांवा के पास तेज रफ्तार से आ रही मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। शाम पांच बजे शव घर लाए जाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने स्वजन के साथ सड़क पर जाम लगा दिया। जाम लगाने की सूचना पर तीन थानों की पुलिस, तहसीलदार व एसडीएम ने स्वजन व ग्रामीणों को देर रात 12 बजे तक समझाने का प्रयास किया, मगर वह नहीं माने। उधर, छात्रा के पिता की तहरीर पर गीडा थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली मालिक व अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# गोलघर में लड़कियों के दो गुट में जमकर मारपीट, चार पर मुकदमा

## जीडीए टावर में रेस्टोरेंट के सामने गुरुवार की रात को हुई घटना

**कार्रवाई**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गोलघर के जीडीए टावर में गुरुवार की रात कहासुनी के बाद लड़कियों के दो गुट में जमकर मारपीट हुई। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद कैंट थाना पुलिस ने आरोपितों की पहचान कर शुक्रवार की शाम दो सगी बहनों समेत चार पर लड़कियों पर मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

घटना गोलघर स्थित जीडीए कांप्लेक्स में गुरुवार रात आठ बजे हुई। यहां पर रेस्टोरेंट में बैठी माया बजार की नैना गुप्ता व उसकी सहेली को चार लड़कियों ने घेर लिया। पास में खड़े पीआरडी जवान के हाथ से डंडा छीनकर पीटने लगीं। आसपास के लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो दोनों बहन बाल पकड़कर नैना को घसीटते हुए सीढ़ी के किनारे ले गईं और धक्का देकर नीचे गिरा दिया। रेस्टोरेंट के बाहर मौजूद 50 से अधिक लोग मारपीट का वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। जीडीए टावर में तैनात पीआरडी जवान की सूचना पर कैंट थाने का सिपाही पहुंचा और बीच-बचाव का प्रयास किया लेकिन वे काबू में नहीं आ रही थीं। काफी समझाने के बाद वह शांत हुईं और चली गईं।



गोलघर में युवती की पिटाई करती महिला ● वीडियो ग्रैब

### घटनास्थल पर पहुंचकर मां ने भी किया हंगामा

घटना के बाद पिटाई करने वाली लड़कियों की मां भी जीडीए टावर पहुंच गई और हंगामा करने लगी। पीआरडी जवान और दुकानदारों ने समझाने का प्रयास किया तो उन्हें भी धमकाने लगी। करीब आधा घंटा तक बवाल काटा। इसके बाद गोली मारने की धमकी देते हुए चली गई।

### शोहदे ने घर में घुसकर की छेड़खानी, विरोध पर पीटा

**जासं., गोरखपुर :** शाहपुर क्षेत्र में गुरुवार की रात शोहदे ने घर में घुसकर युवती से छेड़खानी की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने लगा। मारपीट व छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। युवती ने शाहपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गंगानगर कालोनी का रहने वाला निहाल चौधरी नशे का आदी है। गुरुवार को वह घर में घुसकर छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर पिटाई कर फरार हो गया। सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

" लड़कियों के बीच मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया के जरिये प्राप्त हुआ है। कैंट थाना पुलिस ने सभी आरोपितों की पहचान कर ली है। मामले में कैंट थाना पुलिस ने मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपितों से पूछताछ के लिए शनिवार को महिला थाने पर बुलाया गया है। इसके बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

– **कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

# मारपीट व छेड़खानी के मामले में तीन दंडित



**विसं., गोरखपुर** : मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने बेलघाट थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर केसरिया निवासी अभियुक्त धीरेंद्र को तीन साल के कठोर कारावास और 13 हजार रुपये अर्थदंड तथा अभियुक्त सुरेंद्र व लालमती को एक साल के कारावास एवं तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय व विशेष लोक अभियोजक राममिलन सिंह का कहना था कि घटना 19 अप्रैल, 2015 की सुबह करीब सात बजे की है। अभियुक्त पीड़िता पर बुरी नजर रखता था। घटना के समय पीड़िता शौच के लिए घर के पश्चिम झाड़ी की तरफ गई थी। अभियुक्त धीरेंद्र वहां पहले से मौजूद था और पीड़िता के साथ छेड़खानी करते हुए हाथ पकड़कर मरोड़ दिया। पीड़िता का हाथ टूट गया। पीड़िता की छोटी बहन के शोर मचाने पर वादी और उसकी पत्नी पहुंचे।

उसी समय अभियुक्त का भाई सुरेंद्र और उसकी मां लालमती भी आ गई और अभियुक्तों ने मिलकर पीड़िता और वादी को गाली देते हुए मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**पिपराइच** : थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपित गढ़वा चौक पिपराइच कस्बा निवासी सद्दाम व जहांगीर को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात बाइक सवार दो संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। पकड़कर पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी की है। आरोपितों ने बताया कि उन्होंने मंगलवार की शाम कस्बे से बाइक चोरी की थी। बाइक पूर्व प्रधान की थी।

# पति समेत तीन दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**पिपराइच** : शादी के 13 दिन बाद ही शुक्रवार को एक महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए पति समेत सास व ननद के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया। महिला ने बताया है कि उसकी शादी 10 फरवरी को रिठिया गांव के धीरज गौड़ से हुई थी। ससुराल पहुंचने पर सास माला व ननद के साथ मिलकर पति 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। नहीं देने पर 22 फरवरी की शाम पांच बजे लात व मुक्के से मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह अपने मायके महराजगंज जिले के पुरैना थाना क्षेत्र के मेदनीपुर में रह रही है।

# हिस्ट्रीशीटर जेपी समेत पांच पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

**जासं, गोरखपुर** : सर्किट हाउस के पास चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ व कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने वाले हिस्ट्रीशीटर जेपी समेत पांच पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। वहां सीसी कैमरे में आरोपितों की करतूत कैद हो गई थी।

एक नवंबर, 2022 की रात को चिलुआताल के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा ने साथियों संग सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने के साथ ही कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया था। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह के प्रार्थना पत्र पर विनोद मिश्रा, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। छानबीन में पता चला कि बांसगांव के सिउवा उर्फ सिसवा गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर जेपी सिंह उर्फ जय प्रकाश भी घटना में शामिल था। प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने जेपी सिंह के साथ ही चिलुअताला के मानबेला निवासी विनोद कुमार मिश्रा, गुलरिहा के हरसेवकपुर नंबर दो दहला टोला निवासी प्रभात यादव उर्फ गुड्डू, राजकरन निषाद और राप्तीनगर फेज तीन निवासी विवेक तिवारी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करने के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी थी।

## हत्या के प्रयास मामले में तीन को दस वर्ष कठोर कारावास

जासं, गोरखपुर : हत्या के प्रयास का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल दूबे ने कोतवाली थाना क्षेत्र के पुर्दिलपुर निवासी अभियुक्त डब्बू साहनी उर्फ राम किशुन, सूरज व राजकुमार जायसवाल को दस साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को जुर्माने से भी दंडित किया है।

## करंट की चपेट में आने से युवती की मौत

जासं, पिपरौली : गीडा के गाहासाड़ में 18 वर्षीय प्रेमशीला की शुक्रवार को करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। उसका सदर अस्पताल में उपचार चल रहा था। मृत युवती के स्वजन ने बताया कि गुरुवार की रात आठ बजे वह मोटर लगे हैंडपंप से बर्तन साफ कर रही थी।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

हरपुर बुदहट : तुलसीरतन गांव में 32 वर्षीय भूपेश दुबे का शव खपरैल के मकान में फंदे से लटकता मिला। शुक्रवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत्यु के कारणों का पता लगाने में पुलिस जुटी है।

# दुष्कर्म के मामले में एक को 10 वर्ष कठोर कारावास

**विसं., गोरखपुर :** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने खोराबार थाना क्षेत्र के रामपुर चौराहा निवासी जुगनू पासवान को दस साल के कठोर कारावास एवं 80 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 17 मार्च, 2016 की रात करीब नौ बजे की है। जुगनू वादी की 14 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया है।

# तेंदुआ का पता लगाने के लिए विभाग लगाएगा कैमरा

**जासं, गोरखपुर** : गोरखनाथ के नया गांव में 19 फरवरी की रात पहुंचे तेंदुआ जैसे जानवर ने रामकरन निषाद पर हमला कर दिया। जबड़ा पकड़ने के बाद छह फीट तक घसीटते हुए ले गया। 20 फरवरी से वन विभाग की टीम और ग्रामीण पहरा दे रहे हैं। वन विभाग एक सप्ताह में गांव में 50 सीसी कैमरे लगाएगा। इससे पहचानने की कोशिश करेगा कि कौन सा जानवर है।

डीएफओ विकास यादव ने बताया कि नया गांव के रामकरन निषाद ने 19 फरवरी को बताया था कि रात में आठ बजे कुत्तों के भौंकने की आवाज पर निकला। इसी दौरान तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। इसी गांव के राकेश ने बताया कि शाम छह बजे तेंदुआ की तरह दिखने वाला जानवर घर में घुस था। शोर मचाने पर वह भाग गया।

# बलिदानी बंधु सिंह स्मारक पर धुन बजाकर किया नमन



बलिदानी स्मारक पर राष्ट्रधुन बजाते पुलिस के जवान ●जागरण

**जासं, मुंडेरा बाजार** : तरकुलहा में स्थित 1857 के गदर के नायक बाबू बंधु सिंह बलिदानी स्मारक पर शुक्रवार की शाम को पीएसी व पुलिस की सयुक्त टीम ने बैंड बजाकर कर बलिदानियों को नमन किया। इस दौरान संयुक्त टीम ने राष्ट्र गान, पीएसी गान, सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तान हमारा, कदम से कदम बढ़ाए जाए, गीत की धुन बजाई।

पीएसी के मुख्य आरक्षी कन्हैया प्रसाद, मेजर छेदीलाल गुप्त, इंद्रदेव प्रसाद, रामजीत गौंड, रामदरश, अवधेश कुमार समेत पीएसी व पुलिस बैंड के लोग शामिल रहे। इस दौरान व्यापार मंडल उपाध्यक्ष हिमाचल साहनी, हरीश राजभर, अमरनाथ जायसवाल, सचिन पासवान, सोनु पासवान, दीपक सिंह, उदयभान शर्मा, सुनील आदि ने नमन किया।

# 'चरित्र' फर्जी, ले लिया बिजली निगम में ठीका

**जासं, गोरखपुर** : मोहद्दीपुर में बिजली निगम के गेस्ट हाउस में सुंदरीकरण कार्य के लिए एक ठीकेदार ने फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र लगा दिया। इसके लिए उसने डीएम की ओर से जारी चरित्र प्रमाणपत्र को बदल दिया। ठीकेदार को काम भी मिल गया। किसी ने शिकायत की तो बिजली निगम ने जांच की। अब बिजली निगम के जानपद खंड के अधिशासी अभियंता ने ठीकेदार के खिलाफ कैंट थाने में एफआइआर दर्ज कराई है।

खोराबार थाना के सेमरा देवी प्रसाद उर्फ कठउर के शुभम नायक पुत्र राजेश नायक की नायक इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म है। यह फर्म बिजली निगम से जुड़े काम कराती है। पिछले साल की शुरुआत में बिजली निगम ने मोहद्दीपुर के गेस्ट हाउस के सुंदरीकरण कार्य का टेंडर जारी किया था। काम तकरीबन सात लाख रुपये का था। नायक इंटरप्राइजेज को जांच के बाद काम दे दिया गया। उसने काम भी शुरू कर दिया। किसी ने डीएम की ओर से जारी चरित्र प्रमाणपत्र को बदलने की शिकायत की। इस पर जानपद खंड के अधिशासी अभियंता अनिरुद्ध चौरसिया ने अप्रैल, 2022 में जांच करायी।

# बिना डिग्री इलाज करती मिली नर्स

चौरीचौरा। देवीपुर में स्थित आरपी हॉस्पिटल का शुक्रवार को उपजिलाधिकारी शिवम सिंह ने निरीक्षण किया। डॉक्टर नदारद रहे। बिना डिग्री वाली नर्स भर्ती मरीज का इलाज करती मिली।

एसडीएम ने कर्मचारियों से रजिस्ट्रेशन और मेडिकल से संबंधित अभिलेख मांगे तो कर्मचारी दिखाने में हीलाहवाली कर रहे थे।

एसडीएम ने डॉक्टर को हॉस्पिटल व मेडिकल से संबंधित अभिलेखों के साथ तलब किया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन हॉस्पिटल का संचालन व बिना डिग्री का इलाज करने की सूचना मिल रही है। संवाद

# पेड़ से बांधकर पीटने के तीन आरोपी गिरफ्तार

सहजनवां (गोरखपुर)। इलाके के निबरहर में बुधवार रात युवक को पेड़ में बांधकर पीटने के तीन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। केशवाखोर निवासी दुर्गेश यादव बुधवार की रात निबरहर गांव में रिश्तेदारी में जा रहा था। गांव में पहुंचते ही लोगों ने चोर होने का आरोप लगाते हुए पेड़ में बांध कर पिटाई कर दी। मेडिकल कॉलेज में उसे भर्ती कराया गया। पीड़ित के भाई राजेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को ज्वाला यादव, रामबृझ, रणजीत और अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बृहस्पतिवार रात में पटना पुल से तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ब्यूरो

# रेस्त्रां में तोड़फोड़ पर पांच बदमाशों पर गैंगस्टर

## एक नवंबर की रात नौकायन रोड पर चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में हुई थी वारदात

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके के नौकायन रोड पर चूल्हा-चौका रेस्त्रां में कर्मियों से मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पांच बदमाशों को गिरोहबंद किया गया। डीएम की अनुमति के बाद रामगढ़ताल पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की तहरीर पर केस दर्ज किया।

पुलिस ने जेपी सिंह उर्फ जय प्रकाश उर्फ रिंकू, विनोद कुमार मिश्रा, प्रभात यादव उर्फ गुड्डू, राजकरन निषाद, विवेक तिवारी को आरोपी बनाया है।

जानकारी के मुताबिक, एक नवंबर की रात में चिलुआताल के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा ने अपने साथियों के साथ सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की थी। इस दौरान कर्मचारियों पर जानलेवा हमला किया गया। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह के प्रार्थना पत्र पर विनोद मिश्रा, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया।


विवेक तिवारी


राजकरन निषाद


प्रभात यादव


विनोद कुमार मिश्रा


जेपी सिंह

### डीएम की अनुमति के बाद रामगढ़ताल पुलिस ने दर्ज किया केस

पुलिस को उन्होंने सीसी कैमरे की फुटेज सौंकी। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि रिसेप्शन पर खड़े कर्मचारी को पीटने के बाद गिलास तोड़कर गले में घोंपने का प्रयास भी किया गया था। मोबाइल फोन से वीडियो बना रहे युवक को भी बेरहमी से पीटा जा रहा है।

आरोपियों पर कार्रवाई के साथ ही रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर की भी रिपोर्ट भेजी थी। डीएम से अनुमति के बाद पांच आरोपियों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया।

# मारपीट व छेड़खानी के अभियुक्तों को तीन साल की सजा सुनाई

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मारपीट व छेड़छाड़ के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने बेलघाट थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर केसरिया निवासी अभियुक्त धीरेंद्र को तीन साल के कठोर कारावास व 13 हजार रुपये अर्थदंड तथा अभियुक्त सुरेंद्र व लालमती को एक साल के कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है।

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता का कहना था कि घटना 19 अप्रैल 2015 की सुबह करीब सात बजे की है। अभियुक्त पीड़िता पर बुरी नजर रखता था। वह शौच के लिए घर के पश्चिम की तरफ गई थी। अभियुक्त धीरेंद्र वहां पहले से मौजूद था और पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने लगा।

इस दौरान उसका हाथ पकड़ कर मरोड़ दिया जिससे उसका हाथ टूट गया। पीड़िता के शोर मचाने पर घरवाले वहां पहुंचे, इस दौरान अभियुक्त का भाई सुरेंद्र और उसकी मां लालमती भी वहां आ गईं।

अभियुक्तों ने मिलकर पीड़िता तथा वादी को गाली देते हुए मारा-पीटा और जान मारने की धमकी दी।

# घर में घुसकर की छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने घर में घुसकर छेड़खानी करने के आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उसने मारपीट भी की थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान शाहपुर के गंगानगर कॉलोनी निवासी निहाल चौधरी के रूप में हुई है। निहाल चौधरी स्मैक का आदी

## कुछ दिनों पहले नशा मुक्ति केंद्र से लौटा है आरोपी

है। घरवालों ने उसका नशा छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र भेजा था।

वहां से कुछ दिनों पहले वह घर आया, लेकिन फिर आसपास के लोगों को परेशान करने लगा। बृहस्पतिवार को आरोपी एक युवती के घर में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की।

# पुलिस ने सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

चौरीचौरा। पुलिस ने शुक्रवार को मुंडेरा बाजार में लाउडस्पीकर से प्रचार कर लोगों को जागरूक किया। पुलिस ने अपील की कि आप लोग जब भी किसी शादी समारोह या अन्य कार्यक्रम में जाएं तो घर पर एक परिचित को जरूर बुला लें। इससे घर की सुरक्षा बनी रहेगी। पुलिस ने लोगों को वाहन सही वह सुरक्षित जगहों पर रखने की अपील की। कहा कि जागरूक होकर इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है। संवाद

# हत्या की कोशिश के अभियुक्तों को दस साल की कैद

गोरखपुर। हत्या के प्रयास का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल दूबे ने कोतवाली थाना क्षेत्र के पुर्दिलपुर निवासी अभियुक्त डब्बू साहनी उर्फ रामकिशुन, सूरज व राज कुमार जायसवाल को दस साल के कठोर कारावास व प्रत्येक को जुर्माने से भी दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में कहा गया कि पांच अप्रैल 2007 को वादी जितेंद्र मिश्र अलीनगर चौराहे पर प्रकाश वीर गुप्ता व राजेश श्रीवास्तव से बात कर रहा था। वहीं भाई राजेश कुमार मिश्र मिला। वहां से वे राजेश कुमार मिश्र के किराए के मकान पर गए थोड़ी देर बाद अभियुक्त आए और वादी के भाई को बुलाया। कुछ दूर जाते ही डब्बू साहनी तमंचे से भाई पर फायर करने लगा। ब्यूरो

# नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को दस साल की कैद

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने खोराबार थाना क्षेत्र के रामपुर चौराहा निवासी अभियुक्त जुगुन पासवान को दस साल के कठोर कारावास व 80 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 17 मार्च 2016 की रात करीब नौ बजे की है।

अभियोजन अधिकारी ने कहा कि अभियुक्त वादी की 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। ब्यूरो

# चोरी के खुलासे के लिए एडीजी से की मुलाकात

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** घासीकटरा निवासी व्यापारी विजय मद्देशिया ने एडीजी से मुलाकात कर एक माह पहले उनके घर में हुई चोरी के खुलासे की मांग की है।

उन्होंने पड़ोस में रहने वाले बिजली मिस्त्री पर संदेह जताते हुए कहा कि सीसी कैमरे की फुटेज में उसके जैसा युवक दिख रहा है। पुलिस अगर प्रयास करे तो घटना का पर्दाफाश हो जाएगा।

व्यापारी विजय मद्देशिया ने बताया कि 16 जनवरी को पत्नी व बच्चों के साथ अपने ससुराल नेपाल के बुटवल गए थे। 20 जनवरी को लौटे तो कमरे का ताला टूटा था। चोर आलमारी में रखे 25 लाख रुपये कीमत के गहने व छह लाख रुपये नकदी ले गए थे।

## व्यापारी ने पड़ोस में रहने वाले बिजली मिस्त्री पर संदेह जताया

घर में लगे सीसी कैमरे की फुटेज चेक करने पर एक युवक दिख रहा है, जिसका हुलिया पड़ोस में रहने वाले बिजली मिस्त्री की तरह है। उसका घर में आना-जाना भी था।

# खुद को क्राइम ब्रांच का बताकर 45 हजार लूटे

## एयरफोर्स के पास तीन बदमाशों ने बस्ती के शख्स से की वारदात

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट इलाके के एयरफोर्स से एम्स के बीच तीन बदमाशों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताकर बस्ती के रामजी शुक्ला से 45 हजार रुपये व सोने की अंगूठी लूट ली और फरार हो गए। बृहस्पतिवार को हुई घटना में केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

खबर है कि पुलिस को अहम सुराग भी हाथ लग गए हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, बस्ती जिले के वाल्टरगंज के पड़री निवासी रामजी शुक्ला फ्लाइट से बृहस्पतिवार को मुंबई से गोरखपुर आए। शाहपुर इलाके के रामजानकी नगर में एक रिश्तेदार के घर जाने के लिए कार को किराये पर लिया।

### चोरी और जालसाजी की धारा में केस दर्ज कर जांच में जुटी कैंट पुलिस

कार में मौजूद तीन लोगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताते हुए चेकिंग शुरू कर दी और फिर झांसा में लेकर 25 हजार रुपये व एक सोने की अंगूठी ले लिए। साथ में एटीएम कार्ड भी ले लिए, जिससे तुरंत ही 20 हजार रुपये भी निकाल लिए हैं। कैंट पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

## जालसाजी में फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी में जालसाजी कर गबन करने के आरोप में कर्मचारी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान आजमगढ़ के बरदह थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी घनश्याम पाठक के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि शाखा प्रबंधक श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस की ओर से इस मामले में केस दर्ज कराया गया है। आरोप है कि कंपनी के रिलेशनशिप एक्सीक्यूटिव के पद पर काम करने वाले कर्मचारी घनश्याम पाठक ने जालसाजी कर गबन किया है। ब्यूरो

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-02-2023

रा०सहारा दि० 25/07/23

# अधिनियम की मूल भावना के अनुरुप करें जन सूचना से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण

देवरिया (एसएनबी)। राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को जन सूचना अधिकार अधिनियम की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों के जन सूचना अधिकारी 30 दिन की निर्धारित अवधि के भीतर अनिवार्य रूप से सूचना उपलब्ध कराएं। सूचना उपलब्ध कराते समय व्यापक लोकहित को प्राथमिकता दें। किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाए, अन्यथा प्राविधानो के अनुरुप वे दण्डित भी किये जाएंगे है।



सम्बोधित करते राज्य सूचना आयुक्त।

राज्य सूचना आयुक्त ने बताया कि जनपद में तीन दिनों के दौरान उन्होंने 485 प्रकरणों की सुनवाई की जिसमें से 450 का निस्तारण गुणदोष के आधार पर कर दिया गया। शेष प्रकरणों पर निर्णय सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि कार्यालयों में जो सूचना उपलब्ध हो उसे ही उपलब्ध कराया जाए। किसी भी तरह की नई सूचनाओं का सृजन न किया जाए। उन्होंने कहा कि बेवजह सूचनाओं से सम्बंधित आवेदनों को लंबित न रखें, यदि सूचना उपलब्ध है तो उसे यथाशीघ्र आवेदक को उपलब्ध करा दें। यदि अभिलेखों को एकत्रित करने में समस्या हो अथवा अनुपलब्धता की स्थिति हो तो भी उन्हें समय-सीमा के अन्दर अवगत करायें, इससे जन सूचना अधिकारी अपील के स्तर से बच सकते हैं। साथ ही आयोग में प्रकरण प्रस्तुत होने पर जन सूचना अधिकारी अपना पक्ष मजबूती से रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में जन सूचना पंजिका भी होनी चाहिए, जिसमें प्रकरणों का अनिवार्य रुप से अद्यतन अंकन भी सुनिश्चित किया जाये। सभी कार्यालयो में नामित जन सूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी, अपीलीय अधिकारी के नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर भी जन सुविधा के लिए अंकित होना चाहिए।

राज्य सूचना आयुक्त ने यह भी कहा कि इससे जुडे सभी अधिकारी प्राविधानों का पूरी तरह से अध्ययन कर लें, जिससे कि उन्हे उसका पालन करने में आसानी हो। यदि आयोग में

**सूचना उपलब्ध कराते समय व्यापक लोकहित को दें प्राथमिकताः सुभाष चंद्र सिंह**

**सभी अधिकारी नियमों की रखें पूरी जानकारीःराज्य सूचना आयुक्त**

कोई प्रकरण आये, तो किसी सक्षम व जानकार विभागीय अधिकारी को ही भेजें, ताकि वह अपने पक्ष को पूरी स्पष्टता के साथ रख सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, सीएमओ डा.राजेश झा, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा. राजेश कुमार बरनवाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नागेन्द्र कुमार सिंह, एएसपी डा. राजेश सोनकर सहित समस्त एसडीएम, सीओ एवं तहसीलदारगण सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि० 25/07/23

# अधिनियम की मूल भावना के अनुरूप करें निस्तारण : राज्य सूचना आयुक्त

- सूचना उपलब्ध कराते समय व्यापक लोकहित को दें प्राथमिकता
- 30 दिन की समय सीमा में उपलब्ध कराएं सूचना

जासं, देवरिया: राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। 30 दिन की निर्धारित अवधि के भीतर सूचना जन सूचना अधिकारी अवश्य उपलब्ध कराएं, अन्यथा प्रविधानों के अनुरूप दंडित भी किए जाएंगे। वह शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते राज्य सूचना अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह, सीडीओ रवींद्र कुमार (दाएं), एएसपी डा. राजेश सोनकर (बाएं) ● जागरण

उन्होंने अधिकारियों को जन सूचना अधिकार अधिनियम से अवगत कराया। कहा कि सूचना उपलब्ध कराते समय व्यापक लोकहित को प्राथमिकता दें। एक ही व्यक्ति के 485 प्रकरणों की तीन दिन तक सुनवाई की गई, जिसमें 450 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों के निर्णय के लिए सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में जो सूचना उपलब्ध हो, उसे ही उपलब्ध कराएं। किसी भी तरह की नई सूचना सृजन न करें। आवेदनों को बिना वजह लंबित न रखें। यदि सूचना उपलब्ध है तो शीघ्र आवेदक को उपलब्ध कराएं। यदि अभिलेखों को एकत्रित करने में समस्या हो या अनुपलब्ध हो तो भी समय-सीमा के अन्दर अवगत कराएं। इससे जन सूचना अधिकारी अपील के स्तर से बच सकते हैं। आयोग में प्रकरण प्रस्तुत होने पर जन सूचना अधिकारी अपना पक्ष मजबूती से रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में जन सूचना पंजिका होनी चाहिए, जिसमें प्रकरण को अनिवार्य रूप से अंकित करें। सभी कार्यालयो में नामित जन सूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी, अपीलीय अधिकारी के नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर भी जन सुविधा के लिए अंकित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, सीएमओ डा. राजेश झा, मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा.राजेश बरनवाल, एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, एएसपी डा. राजेश सोनकर, तहसीलदार आनंद कुमार नायक आदि मौजूद रहे।

## धंधेबाजों ने जनसूचना कानून को कमाई का बनाया जरिया

देवरिया: राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने कहा कि जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 को धंधेबाजों ने कमाई का जरिया बना लिया है। जिसके कारण आम आदमी का हित प्रभावित हो रहा है। जरूरतमंद को सूचनाएं मिलने में देरी हो रही है। गोरखपुर मंडल के जिलों में तीन हजार से अधिक द्वितीय अपील की पत्रावली राज्य सूचना आयोग में लंबित है। जिसमें सर्वाधिक देवरिया की है। वह शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के 485 द्वितीय अपील की सुनवाई किया हूं। अपीलकर्ता आज तक उपस्थित नहीं हुआ। यदि सूचना लोकहित से जुड़ा होता तो वह जरूर उपस्थित होते। अपीलकर्ता ने 17 विभागों से सूचनाएं मांगी थी।

राष्ट्रीय सहारा दि० 25/02/23

# खामपार थाना क्षेत्र के तीन झोलाछाप चिकित्सकों पर केस

**भाटपाररानी (एसएनबी)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ ने अभियान चला कर झोलाछाप डक्टरों पर कार्रवाई करने के लिए डा. संजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर खामपार थाना क्षेत्र में जांच करवाया था। जिसके तहत तीन झोलाछाप चिकित्सकों की पहचान कर चिकित्सकीय टीम ने खामपार पुलिस को तहरीर दिया था। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की जांच टीम ने खामपार क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर चल रहे क्लीनिक पर पहुंचकर जांच किया। जांच के दौरान किसी के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। टीम ने अस्पताल चलाए जाने से संबंधित व योग्यता एवं पंजीकरण से संबंधित अभिलेख की प्रति अगले 3 दिन के अंदर कार्यालय पीएचसी पर उपलब्ध कराने का नोटिस दिया था। 22 फरवरी तक किसी ने प्रस्तुत नहीं किया। जांच में तीन झोलाछाप डक्टरों पर केस दर्ज करने के लिए जांच टीम द्वारा खामपार पुलिस को रिपोर्ट भेजी गयी थी।

आदि मौजूद रहा।

अमर उजाला दि० - 25/02/22

# समय से करें जन सूचनाओं का निराकरण : राज्य सूचना आयुक्त

## अधिकारियों को अधिनियम की बारीकियों की दी गई जानकारी




राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को जन सूचना अधिकार अधिनियम की बारीकियों से अवगत कराया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को जन सूचना अधिकार अधिनियम की बारीकियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों के जन सूचना अधिकारी 30 दिन की निर्धारित अवधि के भीतर अनिवार्य रूप से सूचना उपलब्ध कराएं।

सूचना उपलब्ध कराते समय व्यापक लोकहित को प्राथमिकता दें। किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए, अन्यथा प्रावधानों के अनुरूप वे दंडित भी किए जाएंगे।

राज्य सूचना आयुक्त ने बताया कि जनपद में तीन दिनों के दौरान उन्होंने 485 प्रकरणों की सुनवाई की। इसमें से 450 का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर कर दिया गया। शेष प्रकरणों पर निर्णय सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि कार्यालयों में जो सूचना उपलब्ध हो उसे ही उपलब्ध कराया जाए।

### कहा-कार्यालयों में जो सूचना उपलब्ध हो उसे ही उपलब्ध कराया जाए

कहा कि किसी भी तरह की नई सूचनाओं का सृजन न किया जाए। यदि अभिलेखों को एकत्रित करने में समस्या हो अथवा अनुपलब्धता की स्थिति हो तो भी उन्हें समय-सीमा के अंदर अवगत कराएं। इससे जन सूचना अधिकारी अपील के स्तर से बच सकतें हैं। साथ ही आयोग में प्रकरण प्रस्तुत होने पर जन सूचना अधिकारी अपना पक्ष मजबूती से रख सकेंगे।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में जन सूचना पंजिका भी होनी चाहिए। उसमें प्रकरणों का अनिवार्य रूप से अद्यतन अंकन भी सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी प्रावधानों का पूरी तरह से अध्ययन कर लें। ताकि उन्हें उसका पालन करने में आसानी हो।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, सीएमओ डॉ. राजेश झा, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. राजेश कुमार बरनवाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नागेंद्र कुमार सिंह, एएसपी डॉ. राजेश सोनकर सहित समस्त एसडीएम, सीओ आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि०-25/02/23

## राज्य सूचना आयुक्त बोले- आरटीआई कानून के सहारे कुछ लोग कर रहे हैं धंधा

# पारदर्शिता में कमी वाले विभागों से अधिक मांगी जाती हैं सूचनायें

**प्रेसवार्ता**

- गोरखपुर मंडल में सूचना मांगने में देवरिया है सबसे अव्वल
- एक ही व्यक्ति के 485 प्रकरणों में 450 का किया निस्तारण

देवरिया, निज संवाददाता। राज्य सूचना आयुक्त सुभाष सिंह ने कहा कि कम पारदर्शिता वाले विभागों से ही अधिक सूचनायें मांगी जाती हैं। जन सरोकार वाले विभागों में अधिक समस्यायें होती हैं। जिले स्तर पर सुनवाई करने से वादी और प्रतिवादी के समय और पैसे की बचत होती हैं। इससे विभाग भी सूचनायें देने को सतर्क और सजग होते हैं तथा सुनवाई में सक्रियता से मामले को लेते हैं। उन्होंने कहा कि मंडल में सबसे अधिक सूचनायें देवरिया से मांगी जाती है तथा उसमें भी सबसे अधिक सूचनायें एक ही व्यक्ति ने मांगी हैं।

यह बातें राज्य सूचना आयुक्त ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि गोरखपुर मंडल के 3 हजार सूचनायें आयोग में लंबित हैं। इसमें कमी लाने को महीने में 4-5 दिन जिला स्तर पर सुनवाई करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अनावश्यक और जिनका जन सरोकार से वास्ता नहीं है ऐसी सूचनायें मांग कर सरकारी कार्य में बांधा डाल रहे हैं। ऐसे लोगों के चलते सुनवाई के दौरान नकारात्मकता हावी होने से अन्य मामलों पर असर पड़ता है। सूचना आयुक्त ने कहा कि कुछ आरटीआई कानून को धंधा बना लिये हैं।



कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य सूचना आयुक्त सुभाष सिंह।

### एक ही व्यक्ति के लंबित थे 485 मामले, 450 का निस्तारण

इस बार देवरिया में तीन दिन तक सुनवाई की गयी। जिले के एक ही व्यक्ति के 485 आरटीआई के मामले लंबित चल रहे थे, हालांकि तीन दिनों तक चली सुनवाई में वह उपस्थित नहीं हुए, जबकि संबंधित विभागों के जन सूचना अधिकारी तीनों दिन उपस्थित रहे। अगर लोकहित से संबंधित सूचनायें मांगी गयी होती तो वह जरूर उपस्थित होते। उन्होंने कहा कि सूचना उपलब्ध कराते हुए 485 में 450 का निस्तारण कर दिया गया। इसमें ग्राम्य विकास विभाग के सबसे अधिक 250 तथा राजस्व, उर्जा, अतिरिक्त उर्जा, नगर विकास विभाग से अन्य सूचनायें थी।

**सूचना उपलब्ध कराने व्यापक लोकहित को दें प्राथमिकता:** राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को जन सूचना अधिकार अधिनियम की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों के जन सूचना अधिकारी 30 दिन की अवधि के भीतर सूचना उपलब्ध कराएं तथा सूचना उपलब्ध कराते समय लोकहित को प्राथमिकता दें। किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लम्बित करने पर दंण्डित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेवजह सूचनाओं से सम्बंधित आवेदनों को लंबित न रखें तथा आवेदक को समय से सूचना उपलब्ध करा दें। इससे जन सूचना अधिकारी अपील के स्तर से बच सकते हैं तथा आयोग में प्रकरण प्रस्तुत होने पर जन सूचना अधिकारी अपना पक्ष मजबूती से रख सकेंगे। सभी कार्यालयों में जन सूचना पंजिका भी होनी चाहिए, जिसमें प्रकरणों का अनिवार्य रुप से अंकन भी सुनिश्चित किया जाये। कार्यालयो के जन सूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी, अपीलीय अधिकारी के नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर भी जन सुविधा के लिए अंकित होना चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त ने यह भी कहा कि इससे जुडे सभी अधिकारी प्राविधानों का पूरी तरह से अध्ययन कर लें, जिससे उसका पालन करने में आसानी हो। इसमें मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, सीएमओ डॉ राजेश झा, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ राजेश कुमार बरनवाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नागेन्द्र कुमार सिंह, एएसपी डॉ राजेश सोनकर, सभी एसडीएम, सीओ एवं तसीलदार आदि मौजूद रहे।

दर्ज कराया गया है।

हिन्दुस्तान दि० 25/02/23

# सड़क पर लगा जाम तो दर्ज होगा केस

देवरिया। मैरेजहाल और डीजे संचालकों के साथ शुक्रवार को कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी सदर ने बैठक किया। जिसमें मैरेज हॉल संचालकों से पार्किंग के चलते जाम लगने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही रात में 10 बजे के बाद डीजे बजा तो कार्रवाई की चेतावनी दिया। जिसमें कोतवाली क्षेत्र के सभी मैरेजहॉल और डीजे संचालक बैठक में शामिल थे।

सदर कोतवाली क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मैरेज हॉल संचालक, डीजे संचालकों की सदर कोतवाली में बैठक हुई। जिसमें क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि मैरेज हाल में विवाह और कार्यक्रमों के अवसर पर लोगों की भीड़ रहती है। अधिकांश मैरेज हालों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।

5/02/23

हिन्दुस्तान दि-25/02/23

# अधिवक्ता के साथ लूट में छह पर केस

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। एक महिला के पक्ष से मुकदमा की पैरवी करने वाले अधिवक्ता को दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट कर रुपये लूट लिया। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर सलेमपुर पुलिस ने मुबलवा, मारपीट और लूट का केस दर्ज किया है।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के तातिल गांव के रहने वाले राजीव यादव पुत्र गजेन्द्र यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वे जिला एवं सत्र न्यायालय देवरिया में विधि व्यवसाय करता हूं सिवल जज (सीनियर डिविजन ) कक्ष सं.- 18 देवरिया में वाद संख्या 299/2022 मुनिया देवी बनाम संगीता देवी में मैं मुनिया देवी का पैरवी करता हूं। मुकदमें की दूसरे पक्ष के लोग इससे खार खाए हुए हैं। दूसरे पक्ष के लोगों ने 28 दिसम्बर 2022 को जान से मारने की धमकी दिया था। 16 फरवरी 2023 को दिन में 12 बजे मैं अपने घर से नवलपुर चौराहे की तरफ जा रहा था। प्राथमिक विद्यालय तातिल के पास एक महिला समेत कुछ लोग आए। उनके हाथ में लाठी डण्डा, लोहे की राड था। उनके साथ आई संगीता यादव के ललकारने पर हमलावर मारने पीटने लगे। इसी बीच एक युवक ने असलहे से मेरे ऊपर फायर कर दिया। जिससे मैं बाल बाल बच गया। बदमाश पाकेट में रखे हुए 1600 रुपये लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने संगीता देवी पत्नी सुरेन्द्र यादव, अनुज यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव, अनूप यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव, पंकज यादव पुत्र रामअशीष यादव और दो अज्ञात निवासी तातिल पर मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला से मारपीट में तीन पर केस

देवरिया। घर में घुसकर महिला मारपीट करने पर एसपी के आदेश पर मईल पुलिस ने तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने मईल थाने में सुनवाई होने पर एसपी को प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

मईल थाना क्षेत्र के कहांव गांव की रहने वाली नजबुन खातुन पत्नी मैनुद्दीन अंसारी ने एसपी को तहरीर देकर बताया कि उन्हें और पुत्री आलिया तथा जीया को ससुराल वालों ने घर से भगा दिया है। इसी बीच जानकारी हुई की पति ने दूसरी शादी कर ली है। जानकारी होने पर ससुराल गई, लेकिन वे लोग घर में रखने को तैयार नहीं हुए।

हिन्दुस्तान दि-25/02

दैनिक जागरण दि-25/02/23

# सड़क हादसे रोकने के लिए चिह्नित स्थानों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

**जागरण प्रभाव**

जास, देवरिया: दैनिक जागरण के देशव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान का असर अब दिखने लगा है। शहर के मुख्य मार्ग व अन्य जगहों के पोल व दीवारों पर रिफ्लेक्टर लगाया गया है। जिसके चलते आए दिन शहर में दीवार व पोल से टकराने के चलते हो रहे हादसों में कमी आएगी।

शहर के अति व्यस्ततम चौराहा सुभाष चौक पर यातायात पुलिस की तैनाती के बावजूद वाहन चालकों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। शाम होते ही डिवाइडर दिखाई नहीं देते थे और डिवाइडर से गाड़ियां टकरा जाती थी और लोग घायल हो जाते थे। इसको लेकर कोई इंतजाम नहीं था। दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क दुर्घटना के कारकों की सकारात्मक रिपोर्ट के बाद जिला प्रशासन ने इसे संज्ञान में लिया। अब शहर के सिविल लाइंस रोड के सभी पोलों व डिवाइडर कट स्थान पर रिफ्लेक्टर लगा दिया गया है, ताकि दूर से ही डिवाइडर का कट रात को आसानी से दिख सके और पोल भी नजर आएं। जिससे हादसे पर अंकुश लग सके। इसके अलावा कुछ ऐसे जगह हैं, जहां वाहन दीवारों से टकरा जाते हैं, उन स्थानों पर भी रिफ्लेक्टर लगाया गया है। नगर पालिका व एआरटीओ की तरफ से यह रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। इसके लगने के बाद हादसों में कमी आएगी।



शहर के सिविल लाइंस में पोल पर लगाया गया रिफ्लेक्टर ● जागरण

- दैनिक जागरण के देशव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान को प्रशासन ने लिया संज्ञान
- जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति के निर्देश पर नपा प्रशासन ने लगवाया रिफ्लेक्टर

> दैनिक जागरण के देशव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान के सकारात्मक पहल के बाद नगर पालिका व लोक निर्माण विभाग के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थानों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। रिफ्लेक्टर लगने के बाद दूर से ही डिवाइडर के कट नजर आने लगेंगे हौर हादसों में कमी आएगी।
> आशुतोष शुक्ल, एआरटीओ

NIT No.:
On
Authority
by the
(GDA),
Uttar Pra
Organiza
Khorabar
for Dev
Medicity
online ag
Interested
at "www.
RFQ rela
on NIC
any quer
GDA, Go
Office
Bihar Agri

## एक नजर में

### शराब के साथ दबोचा

**गौरीबाजार :** बैतालपुर नगर पंचायत के बरारी तिराहा के समीप से पुलिस ने एक व्यक्ति को 21 शीशी शराब के साथ पकड़ा। आरोपित बरारी गांव निवासी जितेंद्र गोड़ को आबकारी एक्ट के तहत चालान कर दिया। (जासं)

### बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**गौरीबाजार :** पुलिस ने लापरवाह बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम सवना लक्ष्मण की रहना वाली हाजरा पत्नी अली हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 15 फरवरी को वह अपनी सास जैबुन्निशा के साथ सामान खरीदने गईं थी। इसी दौरान सड़क पार करते समय बाइक सवार ने ठोकर मार दी। जिससे उनकी सास गंभीर रूप से घायल हो गई। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 25/02/23

# गबन में अध्यक्ष व ईओ समेत चार की भूमिका संदिग्ध

जासं, सलेमपुरः लोक आयुक्त की तरफ से गठित जांच टीम के दौरान लाखों रुपये गबन के मामले में ईओ ने तत्कालीन अध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता पर कोतवाली में अक्टूबर 2021 में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे की विवेचना 16 माह बाद भी पूरी नहीं हुई। उच्चाधिकारियों के दबाव के बाद लोक आयुक्त की तरफ से गठित टीम की जांच के बाद इस मामले में अध्यक्ष के साथ ईओ अवर अभियंता और लिपिक भी घेरे में आ गए हैं। कुल 18.61 लाख रुपये के गबन की पुष्टि हुई है।

भाजपा नेता रामध्यान पटेल ने वर्ष 2019 में 11 बिंदुओं पर लोक आयुक्त से नगर पंचायत मझौलीराज में गबन की शिकायत की थी। शिकायत के बाद लोक आयुक्त के निर्देश पर तत्कालीन डीएम अमित किशोर ने जिला स्तरीय टीम गठित कर मामले की जांच कराई। प्रथम दृष्टया अध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता दोषी पाए गए। जिस पर ईओ पंकज कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा के बाद अब तक अध्यक्ष की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। लोक आयुक्त की टीम ने पुनः पुनर्मूल्यांकन किया तो अध्यक्ष के साथ ईओ अवर अभियंता व लेखा लिपिक 18 लाख 61 हजार 50 रुपये के गबन में संलिप्त पाए गए। जिसमें ईओ पंकज कुमार पर 5.60 लाख अध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता पर 5.60 लाख अवर अभियंता विंध्याचल प्रसाद गुप्ता पर 3.28 लाख तथा लेखा लिपिक ओम प्रकाश पर 5.51 लाख रुपये से अधिक की गबन की पुष्टि जांच टीम ने की है। इसको आधार मानकर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता रामध्यान पटेल का कहना है कि विवेचना में जानबूझकर देरी की जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमे की विवेचना की जा रही है। आरोपित अध्यक्ष ने न्यायालय से स्थगन आदेश लिया है। इसकी वजह से गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। विवेचना के दौरान तीन अन्य जिम्मेदारों की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

www.jagran.com

दैनिक जागरण दि० 25/02/23

# दो प्रभारी निरीक्षक समेत तीन लाइनहाजिर

जासं, देवरियाः जिले के दो प्रभारी निरीक्षक व एक थानाध्यक्ष को एसपी संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को लाइन हाजिर कर दिया। साथ ही सात थानों के प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी के पीआरओ राहुल सिंह को शहर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक सलेमपुर जितेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक भलुअनी ब्रजेश कुमार मिश्र, थानाध्यक्ष बरहज जयशंकर मिश्र को लाइनहाजिर किया गया है।

शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी को बरहज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक के रूप में तैनाती की गई है।

मीडिया सेल के प्रभारी गोपाल पांडेय को सलेमपुर कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक भटनी संतोष कुमार को प्रभारी निरीक्षक खुखुंदू, साक्षी सुरक्षा प्रकोष्ठ के निरीक्षक श्यामानंद राय को प्रभारी निरीक्षक भटनी, खुखुंदू थानाध्यक्ष गोपाल राजभर को थानाध्यक्ष एकौना, थानाध्यक्ष एकौना भवानी राजभर को थानाध्यक्ष भलुअनी बनाया गया है।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगा ली शरीर में आग, पुलिस ने बचाया

## खुखुंदू थाना क्षेत्र के सेल्हरापुर के राजभर टोले का मामला

अमर उजाला दि०-25/02/23

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के सेल्हरापुर के राजभर टोले में शुक्रवार दोपहर को एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद स्वयं को आग के हवाले कर लिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आगे बढ़कर पहले जल रहे युवक के शरीर से आग बुझाई। फिर स्वयं की गाड़ी से अस्पताल लाकर उसका प्राथमिक उपचार कराया। पुलिस की सूझबूझ से युवक की जान बच गई।

सेल्हरापुर के राजभर मोहल्ला निवासी भोला राजभर (35)

### पुलिस ने प्राथमिक उपचार कराकर परिजनों को सौंपा

शुक्रवार दोपहर को पत्नी रिंकू देवी से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। मामला मारपीट तक पहुंच गया। वह पत्नी रिंकू देवी को पीटने लगा।

विवाद बढ़ते देखकर रिंकू पड़ोसी के घर जाकर छिप गई। इसके बाद भोला उसके कपड़े लाकर बाहर जलाने लगा। फिर उसने घटना की सूचना 112 पुलिस को दी।

पुलिस को सूचना देने से नाराज भोला ने स्वयं को आग के हवाले कर लिया। उसे जलते देख किसी ने आग बुझाने की कोशिश नहीं की।

आस-पास के लोग तमाशबीन बने रहे। उधर, तब तक एसआई अभिनाश मौर्या मयफोर्स और 112 पुलिस मौके पर पहुंच गईं। भोला को जलते देखकर पुलिस ने आगे बढ़कर सबसे पहले उसकी जान बचाई। फिर तत्काल अपने वाहन में लेकर न्यू पीएचसी खुखुंदू आई। प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने उसे परिजनों को बुलाकर सौंप दिया।

एसओ गोपाल प्रसाद राजभर ने बताया कि पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचने से पूर्व भोला ने आग लगा ली थी। आग बुझाकर उसे अस्पताल लाया गया।

अमर उजाला दि0-25/02/23

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में सपा देगी 27 को धरना

भाटपार रानी। रेलवे स्टेशन परिसर में युवती से हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना को समाजवादी पार्टी ने गंभीरता से लिया है। समाजवादी पार्टी 27 फरवरी को पैदल मार्च कर तहसील मुख्यालय पहुंचेगी, जहां धरना देगी। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-02-2023

लखनऊ केसरी

उत्त

लखनऊ शनिवार 2

# जटहाँ बाजार पुलिस द्वारा चोरी की घटना का अनावरण, चोरी गये मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटर साईकिल के साथ 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

लखनऊ केसरी ब्यूरो चीफ राकेश कुशवाहा

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जयसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर उमेश चन्द्र भट्ट के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जटहांबाजार पुलिस द्वारा पडरही नहर पुलिया के पास से मु0अ0सं0 40/2023 धारा 379/411 भादवि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1–असरफ उर्फ अयान पुत्र अब्बास साकिन भुजौली बाजार थाना खड्डा जनपद कुशीनगर




2–नितीश पासवान पुत्र रामहरख साकिन नेबुआ रायगंज थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर, 3–गोलू गौड़ पुत्र गुड्डू गौड़ साकिन नेबुआ रायगंज थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक अदद मोबाइल रिलयमी–8 व घटना में प्रयुक्त पल्सर वाहन संख्या न्‍ 57 ग 4938 व एचएफ डिलक्स नं0 न्‍ 57 ।व 3169 की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पंजीकृत अभियोग– मु0अ0सं0 40/2023 धारा 379/411 भादवि0 गिरफ्तार अभियुक्तगण– 1–असरफ उर्फ अयान पुत्र अब्बास साकिन भुजौली बाजार थाना खड्डा जनपद कुशीनगर 2–नितीश पासवान पुत्र रामहरख साकिन नेबुआ रायगंज थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर 3–गोलू गौड़ पुत्र गुड्डू गौड़ साकिन नेबुआ रायगंज थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर विवरण बरामदगी– 1–चोरी की एक अदद मोबाइल रिलयमी–8 2–घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटर साईकिल (पल्सर वाहन संख्या न्‍ 57 ग 4938 व एचएफ डिलक्स नं0 न्‍ 57 ।व 3169) बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1–थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार थाना जटहांबाजार जनपद कुशीनगर। 2–उ0नि0 उमेश कुमार यादव थाना जटहांबाजार जनपद कुशीनगर 3–का0 पंचम यादव थाना जटहांबाजार जनपद कुशीनगर 4–का0 रूपेश सिंह थाना जटहांबाजार जनपद कुशीनगर 5–का0 लालबाबू थाना जटहांबाजार जनपद कुशीनगर 6–का0 समीर यादव थाना जटहांबाजार जनपद कुशीनगर 7–का0 सूरज गिरि थाना जटहांबाजार जनपद कुशीनगर

# सीएससी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में टीआई ने ग्रामीणों को किया जागरूक

लखनऊ केसरी ब्यूरो चीफ राकेश कुशवाहा

पडरौना,कुशीनगर। विकासखंड के घेरा चौराहे पर सीएससी द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक सत्य सन्याल शर्मा ने यातायात नियमों के प्रति उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सभी से यातायात नियमों को पालन करने की अपील की। इस दौरान यातायात निरीक्षक श्री शर्मा ने कहा कि बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन कभी न चलायें,चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें,शराब के नशे में कभी वाहन न चलाएं,निर्धारित गति सीमा से वाहन चलायें,अपने लेन को छोड़ दूसरे लेन में जाकर ओवरटेक न करें। उन्होंने जनपद में शराब पीकर वाहन चलाने की समस्या पर चिंता



जाहिर करते हुए अपील किया कि शराब एक बुरी लत है। यह स्वयं व परिवार दोनों को तबाह कर देती है। विशिष्ट अतिथि सीएससी जिला प्रबन्धक गौरव पाण्डेय ने सीएससी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सीएससी से सरकार द्वारा चलाई जा जन कल्याणकारी योजनाओं का आवेदन करके लाभ लिया जा सकता है। साथ ही कई तरह के प्रमाण पत्र भी यहाँ से आवेदन कर प्राप्त किया सकता है।सीएससी ऐसा प्लेटफार्म जहाँ एक ही छत के नीचे बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिकंदर आजम ने किया जबकि संचालन अवधेश पाण्डेय ने किया। सीएससी संचालक अब्दुल मजीद ने सभी अतिथियों का स्वागत व आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दुर्गवलिया विजय तिवारी,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जिगना एस पी सिंह, जमालुद्दीन वारसी,अनिल तिवारी,आनन्द गुप्ता,राहुल, समसुद्दीन,नुरुल हसन, अनवर, अब्दुल अजीज,अब्दुल समद, ईशा अंसारी,टुनटुन प्रजापति, नागेंद्र पांडेय,भोलू पाण्डेय,शहीद अंसारी,आफताब आलम, बैलिस्टर,वाजिद अली,गफूर अंसारी,जाहिद जमाल, टीएम अली,गुड्डू यादव,निसार आदि मौजूद रहे।

# विशुनपुरा पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखनऊ केसरी ब्यूरो चीफ राकेश कुशवाहा

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछितध्वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दुदही रेलवे ढाला के पास से मु0अ0सं0 66ध्2023 धारा 376 ।ठ, 504,506 भादवि0 व 5उध्6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त 1–विक्की भारती पुत्र स्व0 रामेश्वर प्रसाद साकिन विशुनपुरा बरियापट्टी टोला चौसज थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पंजीकृत अभियोगः– मु0अ0सं0 66ध् 2023 धारा 376 ।ठ, 504,506 भादवि0 व 5उध्6 पाक्सो एक्ट गिरफ्तार अभियुक्त– विक्की भारती पुत्र स्व0 रामेश्वर प्रसाद साकिन विशुनपुरा बरियापट्टी टोला चौसज थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर गिरफ्तार करने वाली टीमः– 1–प्र0नि0 महेन्द्र राम प्रजापति थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर 2–व0उ0नि0 श्री हरिलाल राव थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर 3–का0 नीरज कुमार सिंह थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर 4–का0 योगेश कुशवाहा थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर



# अहिरौली बाजार पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखनऊ केसरी ब्यूरो चीफ राकेश कुशवाहा

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 81ध्2023 धारा 363ध्366ध्376 भादवि व = पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1–अली रजा पुत्र सफी मोहम्मद साकिन कुसम्हा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पंजीकृत अभियोग– 1–मु0अ0सं0 81ध्2023 धारा 363ध्366ध्376 भादवि व = पाक्सो एक्ट गिरफ्तार अभियुक्त– 1–अली रजा पुत्र सफी मोहम्मद साकिन कुसम्हा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर गिरफ्तार करने वाले टीम–



1–उ0नि0 श्री अंकित कुमार शुक्ला थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर 2–का0 शुभम यादव थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर 3–का0 शिवप्रकाश थाना अहिरौली बजार

# कोतवाली हाटा पुलिस टीम द्वारा 02 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

लखनऊ केसरी ब्यूरो चीफ राकेश कुशवाहा

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन सिंह के नेतृत्व में अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बाघनाथ के पास से थाना कोतवाली हाटा पुलिस टीम द्वारा 02 किलो 300 ग्राम अवैध



ा गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त सोनू बरनवाल पुत्र स्व0 इन्द्रजीत बरनवाल साकिन वार्ड नं0 19 थाना को0 हाटा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 116ध्2023 धारा 8ध्20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पंजीकृत अभियोग– मु0अ0सं0 116ध्2023 धारा 8ध्20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर गिरफ्तार अभियुक्त– सोनू बरनवाल पुत्र स्व0 इन्द्रजीत बरनवाल साकिन वार्ड नं0 19 थाना को0 हाटा जनपद कुशीनगर बरामदगी का विवरणः– 02 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा (कुल कीमत लगभग 45,000ध– रू0) बरामदगीधगिरफ्तारी करने वाली टीम– 1–उ0नि0 श्री प्रविन्द्र कुमार राय चौकी प्रभारी कस्बा हाटा 2–हे0का0 राजेश कुमार यादव थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर 3–का0 दीपक कुमार थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर 4–का0 राजकुमार थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर 5–का0 सतीशचन्द्र यादव थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर

# 34 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर गिरफ्तार



निर्वाण टाइम्स, कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीजेश उपाध्याय मय टीम द्वारा ग्राम महुअवा काटा से 50 मीटर पश्चिम एन एच -28 के पास से एक लग्जरी वाहन चेवरलेट सेल कार नं0 बी आर 01 बीएफ 8215 से तस्करी कर ले जायी जा रही 34 पेटी अवैध शराब रायल क्लासिक ह्विस्की (फ्रूटी) प्रत्येक पेटी में 48 अदद फ्रूटी 180 एम एल की कुल 1632 अदद फ्रूटी करीब 293 लीटर वाहन सहित कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये के साथ एक शराब तस्कर राजबीर सिंह पुत्र महेश चन्द्र निवासी परवली रमायन थाना चौबिया जनपद इटावा उ0प्र0 को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 067/2022 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम व 473 भादवि0 में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पटहेरवा पुलिस द्वारा लग्जरी वाहन से तस्करी कर ले जायी जा रही 34 पेटी अंग्रेजी अवैध शर

लखनऊ केसरी ब्यूरो चीफ राकेश कुशवाहा

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जयसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज कुशीनगर जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में अवैध शराब विक्रीधनिष्कर्षणध्परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पटहेरवा गिरीजेश उपाध्याय मय टीम द्वारा ग्राम महुअवा काटा से 50 मीटर पश्चिम छभ्–28 के पास से एक लग्जरी वाहन ब्म्टत्व्स्म्ज़ै ।प्स् कार नं0 ठत् 01 ठथ् 8215 से तस्करी कर ले जायी जा रही 34 पेटी अवैध शराब रायल क्लासिक ह्विस्की (फ्रूटी) प्रत्येक पेटी में 48 अदद फ्रूटी 180 डस् की कुल 1632 अदद फ्रूटी करीब 293 लीटर वाहन सहित कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये के साथ एक शराब तस्कर राजबीर सिंह पुत्र महेश चन्द्र निवासी परवली रमायन थाना चौबिया जनपद इटावा उ0प्र0 को गिरफ्तार किया गया। बरामदगीधगिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 067ध्2022 धारा 60ध्72 आबकारी अधिनियम व 473 भादवि0 में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पंजीकृत अभियोग– मु0अ0सं0 67ध्2023 धारा 60ध्72 आबकारी अधिनियंम व 473 भादवि0 विवरण बरामदगी:– 1–एक अदद ब्म्टत्व्स्म्ज़ै ।प्स् कार नं0 ठत् 01 ठथ् 8215 (कीमत लगभग 10 लाख रुपये) 2–34 पेटी अवैध शराब रायल क्लासिक ह्विस्की (फ्रूटी) प्रत्येक पेटी मे 48 अदद फ्रूटी 180 डस् की कुल 1632 अदद फ्रूटी करीब 293 लीटर अवैध I अंग्रेजी शराब (शराब कीमत लगभग 02 लाख रूपये) गिरफ्तार अभियुक्त– 1–राजबीर सिंह पुत्र महेश चन्द्र निवासी परवली रमायन थाना चौबिया जनपद इटावा उ0प्र0 । गिरफ्तारीध्बरामदगी करने वाली टीम:– 1–प्र0नि0 श्री गिरिजेश उपाध्याय थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर । 2–उ0नि0 श्री सुभाषचन्द्र श्रीवत्स थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर । 3–हे0का0 फूलचन्द चौधरी थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर । 4–का0 विनोद यादव थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर । 5–का0 सोहित यादव थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर । 6–का0 जयहिन्द यादव थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर । 7–का0 अभिलाश यादव थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर । 8–का0 जयनन्द यादव थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर ।



# पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त थानों के त्यौहार रजि0 व शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर दिए गये आवश्यक दिशा-निर्देश

लखनऊ केसरी ब्यूरो चीफ राकेश कुशवाहा

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की ली जानकारी, कानून व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश– पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त थानों के त्यौहार रजिस्टर एवं शिकायती प्रार्थना पत्र, आई0जी0आर0एस0 ध जनशिकायती प्रार्थनापत्र आदि की वर्तमान स्थिति की जानकीरी ली गयी तथा काफी समय से लंबित





मामलों के तत्काल निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थानावार की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी ली गयी तथा जनपद में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा– निर्देश दिए गये।

# अहिरौली पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया

### अहिरौली दान की आवाज

अहिरौली बाजार – पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 81/2023 धारा 363/366/376 भादवि व ३ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त –अली रजा पुत्र



सफी मोहम्मद उम्र 23 वर्ष कुसम्हा थाना अहिरौली बाजार का निवासी है पुलिस को सूचना मिली की टीकर चौराहे से कही निकल रहा है आनन फानन में पुलिसकर्मियों द्वारा गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी गिरफ्तार करने वाले टीम–

उ0नि0 अंकित कुमार शुक्ला –का0 शुभम यादव –का0 शिवप्रकाश

# दो बाइक के साथ तीन चोर गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जिले के जटहाँ बाजार पुलिस द्वारा चोरी की घटना का पदार्फास किया गया। पुलिस ने बताया कि चोरी गये मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त दो बाइक के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया ।शुक्रवार को घटना का पदार्फास करते हुए जटहां बाजार पुलिस ने बताया कि पडरही नहर पुलिया के पास से असरफ उर्फ अयान पुत्र अब्बास निवासी भुजौली बाजार खड्डा, नितीश पासवान पुत्र रामहरख निवासी नेबुआ रायगंज नेबुआ नौरंगिया व गोलू गौड़ पुत्र गुड्डू गौड़ निवासी नेबुआ रायगंज, नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार किया गया।इनके कब्जे से चोरी की मोबाइल रिलयमी, घटना में प्रयुक्त पल्सर वाहन संख्या- यूपी 57 एक्स 4938 व एचएफ डिलक्स वाहन संख्या- यूपी 57 एडी 3169 की बरामदगी की गयी।पुलिस ने बताया कि पूर्व में पंजीकृत अभियोग मुकदमा अपराध संख्या- 40/2023 धारा 379/411 भादवि0 में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में राजकुमार बरवार, उमेश कुमार यादव, पंचम यादव, रूपेश सिंह, लालबाबू, समीर, सूरज गिरि शामिल रहे।

# लग्जरी वाहन से 34 पेटी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार




**कुशीनगर।** जिले के पटहेरवा पुलिस द्वारा लग्जरी वाहन से तस्करी कर ले जायी जा रही 34 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाई में जुटी हुई है।पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पटहेरवा गिरीजेश उपाध्याय मय टीम द्वारा ग्राम महुअवा काटा से 50 मीटर पश्चिम एनएच-28 के पास से एक लग्जरी वाहन सेवरलेट कार नम्बर बीआर 01 बीफ 8215 से तस्करी कर ले जायी जा रही 34 पेटी अवैध शराब रायल क्लासिक विस्की को पकड़ा। जिसकी बाजार में कीमत 12 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मौके से शराब तस्कर राजवीर सिंह पुत्र महेश चन्द्र निवासी परवली रमायन थाना चौबिया जनपद इटावा को गिरफ्तार किया गया। शराब की बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने स्थानीय थाना में मुकदमा अपराध संख्या- 067/2022 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम व 473 भादवि0 में अभियोग पंजीकृत किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में सुभाषचन्द्र श्रीवास्तव, फूलचन्द चौधरी, विनोद यादव, सोहित यादव, जयहिन्द यादव, अभिलाश यादव, जयनन्द यादव शामिल रहे।

# चोरी के मोबाइल फोन 2 मोटर साईकिल के साथ 3 गिरफ्तार

निर्वाण टाइम्स

**कुशीनगर।** जिले के जटहां बाजार पुलिस द्वारा पडरही नहर पुलिया के पास से मु0अ0सं0 40/2023 धारा 379/411 भादवि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1-असरफ उर्फ अयान पुत्र अब्बास साकिन भुजौली बाजार थाना खड्डा जनपद कुशीनगर 2-नितीश पासवान पुत्र रामहरख साकिन नेबुआ रायगंज थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर, 3-गोलू गौड़ पुत्र गुड्डू गौड़ साकिन नेबुआ रायगंज थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक अदद मोबाइल रिलयमी-8 व घटना में प्रयुक्त पल्सर वाहन संख्या यूपी 57 एक्स 4938 व एचएफ डिलक्स नं0 यूपी 57 एडी 3169 की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# थाना जटहाँ बाजार पुलिस द्वारा चोरी की घटना का अनावरण

## चोरी गये मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटर साईकिल के साथ 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार



**पुर्वांचल राज्य ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कुशीनगर पुलिस अधीक्षक धवल जयसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर उमेश चन्द्र भट्ट के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जटहांबाजार पुलिस द्वारा पडरही नहर पुलिया के पास से मु0अ0सं0 40/2023 धारा 379/411 भादवि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण असरफ उर्फ अयान पुत्र अब्बास साकिन भुजौली बाजार थाना खड्डा जनपद कुशीनगर नितीश पासवान पुत्र रामहरख साकिन नेबुआ रायगंज थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर गोलू गौड़ पुत्र गुड्डू गौड़ साकिन नेबुआ रायगंज थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक अदद मोबाइल रिलयमी-8 व घटना में प्रयुक्त पल्सर वाहन संख्या वढ 57 4938 व एचएफ डिलक्स नं0 वढ 57 अऊ3169 की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार उ0नि0 उमेश कुमार यादव का0 पंचम यादव रूपेश सिंह लालबाबू समीर यादव का0 सूरज गिरि रहे।

# 34 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर गिरफ्तार



**निर्वाण टाइम्स, कुशीनगर।** जनपद के पटहेरवा थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीजेश उपाध्याय मय टीम द्वारा ग्राम महुअवा काटा से 50 मीटर पश्चिम एन एच -28 के पास से एक लग्जरी वाहन चेवरलेट सेल कार नं0 बी आर 01 बीएफ 8215 से तस्करी कर ले जायी जा रही 34 पेटी अवैध शराब रायल क्लासिक ह्विस्की (फ्रूटी) प्रत्येक पेटी में 48 अदद फ्रूटी 180 एम एल की कुल 1632 अदद फ्रूटी करीब 293 लीटर वाहन सहित कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये के साथ एक शराब तस्कर राजबीर सिंह पुत्र महेश चन्द्र निवासी परवली रमायन थाना चौबिया जनपद इटावा उ0प्र0 को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 067/2022 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम व 473 भादवि0 में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चोरी के मोबाइल व बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**विशुनपुरा।** जटहा बाजार थाने की पुलिस ने मोबाइल और चोरी हुई दो बाईकों के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाब हासिल की है। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए अभियुक्तों को जेल भेज दिया। एसओ राजकुमार बरवार ने बताया की पहले से दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त असरफ, नितीश पासवान व गोलू गोंड को गिरफ्तार किया गया है।

# नशा के सेवन में वाहन चलाना खतरा : सत्य सन्याल शर्मा

## सीएससी द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में टीआई ने ग्रामीणों को किया जागरूक



कुशीनगर (नगर संवाद) विकासखंड के घेरा चौराहे पर सीएससी द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक सत्य सन्याल शर्मा ने यातायात नियमों के प्रति उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सभी से यातायात नियमों को पालन करने की अपील की। इस दौरान यातायात निरीक्षक श्री शर्मा ने कहा कि बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन कभी न चलायें,चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें,शराब के नशे में कभी वाहन न चलाएं,निर्धारित गति सीमा से वाहन चलायें,अपने लेन को छोड़ दूसरे लेन में जाकर ओवरटेक न करें।

उन्होंने जनपद में शराब पीकर वाहन चलाने की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए अपील किया कि शराब एक बुरी लत है। यह स्वयं व परिवार दोनों को तबाह कर देती है। विशिष्ट अतिथि सीएससी जिला प्रबन्धक गौरव पाण्डेय ने सीएससी के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने कहा कि सीएससी से सरकार द्वारा चलाई जा जन कल्याणकारी योजनाओं का आवेदन करके लाभ लिया जा सकता है।साथ ही कई तरह के प्रमाण पत्र भी यहाँ से आवेदन कर प्राप्त किया सकता है।सीएससी ऐसा प्लेटफार्म जहाँ एक ही छत के नीचे बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिकंदर आजम ने किया जबकि संचालन अवधेश पाण्डेय ने किया। सीएससी संचालक अब्दुल मजीद ने सभी अतिथियों का स्वागत व आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दुर्गवलिया विजय तिवारी,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जिगना एस पी सिंह, जमालुद्दीन वारसी,अनिल तिवारी,आनन्द गुप्ता,राहुल, समसुद्दीन,नुरुल हसन, अनवर, अब्दुल अजीज,अब्दुल समद, ईशा अंसारी,टुनटुन प्रजापति, नागेंद्र पांडेय,भोलू पाण्डेय,शहीद अंसारी,आफताब आलम, बैलिस्टर, वाजिद अली,गफूर अंसारी,जाहिद जमाल, टीएम अली,गुड्डू यादव,निसार आदि मौजूद रहे।

# लग्जरी वाहन से तस्करी कर ले जायी जा रही 34 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

कुशीनगर (नगर संवाद)। जिले के पटहेरवा पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की खेप के साथ एक शराब तस्कर को उस समय दबोचने में कामयाबी पाई है, जब तस्कर शराब की खेप को उच्चे कीमत में बेचने के लिए बिहार प्रदेश ले जा रहा था

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जयसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में अवैध शराब विक्री,निष्कर्षण,परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को वाहन चेकिंग के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पटहेरवा गिरीजेश उपाध्याय मय टीम द्वारा ग्राम महुअवा काटा से पचास मीटर पश्चिम नेशनल हाईवे 28 के पास से एक लग्जरी वाहन




उल्एशफडछ्एळ रअकछ कार नं0 इफ 01 इक्र 8215 से तस्करी कर ले जायी जा रही 34 पेटी अवैध शराब रायल क्लासिक ह्विस्की (फ्रूटी) प्रत्येक पेटी में 48 अदद फ्रूटी 180 टछ की कुल 1632 अदद फ्रूटी करीब 293 लीटर वाहन सहित कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये के साथ एक शराब तस्कर राजबीर सिंह पुत्र महेश चन्द्र निवासी परवली रमायन थाना चौबिया जनपद इटावा उ0प्र0 को गिरफ्तार किया गया बरामदगी,गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बताते चले प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय,उ0नि0 सुभाषचन्द्र श्रीवास्तव,हे0का0 फूलचन्द चौधरी,का0 विनोद यादव,का0 सोहित यादव ,का0 जयहिन्द यादव ,का0 अभिलाश यादव ,का0 जयनन्द यादव को साथ लेकर हाईवे पर आकस्मिक वाहन चेकिंग कर रहे थे की उपरोक्त लग्जरी वाहन आते दिखाई दिया जिसे वारीकी से छानबीन किया गया तो उसमे छिपा कर अवैध शराब रखी मिली,जिसे बरामद करते हुए एक अभियुक्त को दबोचा लिया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

दुदही, हिसं। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को पांच वर्षीय बच्ची के साथ पट्टीदारी के ही युवक ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बुधवार की दोपहर अपने पट्टीदारी की पांच वर्षीय बच्ची को कटहल के पेड़ के नीचे खेलते समय फुसलाकर घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद घर पहुंची बच्ची बदहवास थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन में जुट गयी। गुरुवार की देर रात एसओ महेंद्र राम प्रजापति आदि ने आरोपी को दुदही में पश्चिमी रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को आरोपी विक्की को जेल भेज दिया गया।

# 34 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। पटहेरवा पुलिस ने शुक्रवार को फोरलेन के महुअवा कांटा से राजस्थान से बिहार ले जाये जा रहे अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। 34 पेटी अंग्रेजी शराब व कार की कीमत लगभग बारह लाख बताई जा रही है। पकड़े गए इटावा निवासी तस्कर के खिलाफ पुलिस आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

पटहेरवा थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि अपराध पर पूर्णतया लगाम लगाने को चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार की दोपहर में फोरलेन पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गोरखपुर की तरफ से एक कार आती दिखी, जिसे रोकने पर कार चालक तेज गति से भागने लगा। उसे हाइवे पर महुअवा कांटा के समीप पीछा कर रोक लिया गया। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें 34 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुआ।



लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते यातायात निरीक्षक।

# यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

**पडरौना।** पडरौना ब्लॉक के घेरा चौराहे पर सीएससी के तत्वावधान में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुये कहा कि बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन कभी न चलायें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**अहिरौली बाजार।** पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कुसम्हा निवासी अली रजा दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित था। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से ही अभियुक्त फरार चल रहा था

# यातायात के प्रति किया जागरूक

**साखोपार :** पडरौना विकासखंड के घेरा चौराहे पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। गौरव पांडेय ने भी अपने विचार रखे। सिकंदर आजम, अवधेश पांडेय, अब्दुल मजीद, विजय तिवारी, एसपी सिंह, जमालुद्दीन वारसी, आदि मौजूद रहे। (जासं)

# आर्केस्ट्रा का सामान उठा ले गए मनबढ़, 5 पर केस

- विशुनपुरा के मडरौन मंडुरही में बारात में बज रहा था आर्केस्ट्रा
- लड़की के भाई ने एतराज जताया तो मनबढ़ों ने की मारपीट

दुदही, हिसं। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पडरौन मंडुरही गांव के वृत्ति टोले पर गुरुवार की देर रात बारात में चल रहा आर्केस्ट्रा मनबढ़ों ने जबरन बंद करा दिया। इसके बाद कलाकारों के साथ आर्केस्ट्रा के साजो सामान वाली गाड़ी उठा ले गए। लड़की के भाई ने इस पर एतराज किया तो उससे मारपीट की गयी। इस पर हंगामा शुरू हो गया। सूचना पर रात में एएसपी के नेतृत्व में मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंच गयी और आर्केस्ट्रा की गाड़ी बरामद थाने पहुंचा दिया। शांति कायम होने के बाद शादी संपन्न हुई। इस मामले में पुलिस ने पांच मनबढ़ों पर केस दर्ज किया है। पांचों फरार बताए गए हैं।

थाना क्षेत्र के वृत्ति टोला में गुरुवार की देर शाम को जितेन्द्र चौधरी की बहन की बारात आयी थी। रात में बारात में आर्क्रेस्ट्रा का नृत्य चल रहा था। इसी दौरान चार पांच की संख्या में गांव के ही मनबढ़ पहुंच गए। उन्होंने रात में आर्केस्ट्रा चलाने का विरोध किया और चल रहा प्रोग्राम जबरन बंद करा दिया। बाराती सकते में आ गए। बारातियों की सूचना पर जितेन्द्र मौके पर पहुंचा और फिर से आर्केस्ट्रा का प्रोग्राम शुरू करने को कहा तो उससे मनबढ़ों ने मारपीट की। इस बाद कलाकारों सहित आर्केस्ट्रा वाली गाड़ी को साथ लेते गए। जितेंद्र ने डायल 112 को इसकी जानकारी दी। इसके पुलिस अधिकारियों को भी सूचना दी। बताया कि दूसरे संप्रदाय के कुछ मनबढ़ युवक मेरी बहन की शादी में बाधा डाल रहे हैं। गंभीरता देख एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा, प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान आरके सिंह, थानाध्यक्ष सेवरही संजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक बरवापट्टी, थानाध्यक्ष कुबेरस्थान राघवेन्द्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा महेंद्र राम प्रजापति भारी फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। घटनास्थल से कुछ दूर आगे कलाकारों के साथ खड़ी आर्केस्ट्रा के साजो सामान वाली गाड़ी बरामद कर ली। जितेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने रात में ही साबिर, बुलेट, अफजल, शेखावत व क्यामुद्दीन पर बलवा व मारपीट आदि की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। एएसपी रितेश सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**दुदही, हिसं।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को पांच वर्षीय बच्ची के साथ पट्टीदारी के ही युवक ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बुधवार की दोपहर अपने पट्टीदारी की पांच वर्षीय बच्ची को कटहल के पेड़ के नीचे खेलते समय फुसलाकर घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद घर पहुंची बच्ची बदहवास थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन में जुट गयी। गुरुवार की देर रात एसओ महेंद्र राम प्रजापति आदि ने आरोपी को दुदही में पश्चिमी रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को आरोपी विक्की को जेल भेज दिया गया।

# परीक्षा में पकड़े गए दो सॉल्वर, केस दर्ज

- केंद्र व्यस्थापकों की तत्परता और सूचना पर पकड़े गए दोनों आरोपी
- केंद्रों की विभाग और प्रशासनिक अधिकरी कर रहे मॉनरिटरिंग

पडरौना, निज संवाददाता। बोर्ड परीक्षा के इंटरमीडिएट अंग्रेजी के पेपर में शुक्रवार को दूसरे स्थान पर परीक्षा देते हुये दो साल्वर पकड़े गये। केंद्र व्यवस्थापकों की तहरीर पर संबंधित पुलिस साल्वर के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी हुई है।

फतेह मेमोरियल इंटरमीडिएट कॉलेज तमकुहीराज कुशीनगर में अंग्रेजी विषय की परीक्षा चल रही थी। कमरा नंबर आठ में बोधा सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज सपही बुजुर्ग के अहमद अंसारी पुत्र जाहिर अंसारी के स्थान पर साल्वर परीक्षा दे रहा था। कक्ष निरीक्षक को शक होने पर उसके प्रमाण पत्रों की जांच की तो पता चला कि साल्वर दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा है।

केंद्र व्यवस्थापक के पूछताछ में साल्वर ने बताया कि वह एक शिक्षक के कहने पर परीक्षा दे रहा था। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर पुलिस ने अनुचित साधनों का निवारण अधिनियम 1998 के तहत केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं अंग्रेजी के पेपर में रमापति इंटरमीडिएट कॉलेज धर्मपुर पर्वत के एक कमरा में जितेंद्र चौहान के स्थान में परीक्षा दे रहा साल्वर को कक्ष निरीक्षक व केंद्र व्यवस्थापक की तत्परता से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस उसके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी हुई है। इस संबंध में डीआईएस रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि इंटर अंग्रेजी के पेपर में दो साल्वर पकड़े गये हैं। उनके खिलाफ केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा संबंधित थाने में तहरीर सौंप केस दर्ज कराया गया है। यहां बता दें कि जिले में चल रही बोर्ड परीक्षा की ऑनलाइन मॉनीटरिंग के साथ सचल दल की निगरानी में परीक्षा सकुशल संपन्न करायी जा रही है। इसके अलावे सचल दस्ता में शामिल अधिकारी की समय-समय पर केंद्रों की जांच कर रही है।

## दोनों केन्द्र व्यवस्थापकों को डीएम का नोटिस

कुशीनगर। शुक्रवार को इंटर अंग्रजी की परीक्षा में फतेह मेमोरियल इंटरमीडिएट कॉलेज तमकुहीराज और रमापति इंटरमीडिएट कॉलेज धर्मपुर पर्वत में सॉल्वर पकड़े जाने के बाद डीएम रमेश रंजन ने दोनों केन्द्र व्यवस्थापकों को नोटिस जारी की है। इसमें कहा है कि परीक्षा कक्ष तक पहुंचने के पहले यदि गेट पर ही प्रवेश पत्र से चेहरे का मिलान करते हुए सघन जांच की जाती तो यह नौबत नहीं आती। इसलिए गेट पर ही सचल दल का गठन कर सघन चेकिंग कराएं। डीएम ने दोनों को चेतवानी दी है कि भविष्य में यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो नियमानुसार केन्द्र व्यवस्थापक पर भी कार्रवाई कर दी जाएगी। जिसका पूरा उत्तरदायित्व केन्द्र व्यवस्थापक का होगा।

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**दुद्धी:** बच्ची के दुष्कर्म के आरोपित को विशुनपुरा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान विक्की प्रसाद के रूप में हुई। एसएचओ महेंद्र राम प्रजापति ने बताया कि बीते बुधवार को चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार था। (जासं)

## मोबाइल के साथ तीन गिरफ्तार

**मंसाछापर :** जटहाबाजार पुलिस ने क्षेत्र के पड़रही नहर के पास शुक्रवार को बाइक सवार तीन युवकों को पकड़ा। युवकों में एक के पास से चोरी का मोबाइल मिला। पहचान अशरफ उर्फ अयान निवासी भुजौली बाजार थाना खड्डा तथा नीतीश पासवान व गोलू गौड़ निवासी नेबुआ रायगंज थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई। एसएचओ राज कुमार बरवार ने बताया कि एक माह पूर्व थाने में मोबाइल चोरी चोरी का मुकदमा पंजीकृत हुआ था। पड़रही के आसपास मोबाइल का लोकेशन मिलने पर पुलिस टीम ने बाइक सवार तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। तीनों ने स्वीकारा कि वे जटहाबाजार स्थित एक दुकान में बैठे अधेड़ का झोला चुरा ले गए थे। (जासं)

# होली में खलल डालने वालों की खैर नहीं :एएसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार देर शाम को बीट पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें त्योहारों को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखने तथा इस सदंर्भ में मिली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। आइजीआरएस से जुड़े मामलों में चौकन्ना रहने तथा लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में होली सहित कई त्योहार पड़ रहे हैं। इन त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना पहली प्राथमिकता है। बीट पुलिस अधिकारी अपने अपने क्षेत्रा में चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अतिरिक्त सतर्कता बरतें। पूर्व में संपन्न हुए त्योहारों में खलल डालने वालों को चिन्हित कर



पुलिस लाइन सभागार में पुलिस कर्मियों की बैठक को संबोधित करते एएसपी रितेश कुमार सिंह बीच में● जागरण

उनकी सूची तैयार कर लें। उनकी गतिविधियों पर दिन रात नजर रखें। होलिका जलाए जाने के स्थान आदि को लेकर जहां विवाद की आशंका हो, वहां दोनों पक्षों से वार्ता कर विवाद को सुलझा लें।

इस संदर्भ में मिली शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। एक भी मामला छूटने न पाए। संवदेनशील तथा अति संवेदनशील गांवों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। इन क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ साथ एक निश्चित अंतराल पर क्यूआरटी का भ्रमण सुनिश्चित कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वालों को दंडित किया जाएगा। कहा कि आइजीआरएस से जुड़े मामलों का निस्तारण पहली प्राथमिकता है। इसे लेकर संबंधित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी तत्परता बरतें। बैठक में थानावार जन शिकायती रजिस्टर का निरीक्षण कर एएसपी ने लंबित मामलों वाले बीपीओ को जरूरी निर्देश दिए। सभी थानों के बीट पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# तस्कर से 34 पेटी हरियाणा की अंग्रेजी शराब बरामद

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा:** हरियाणा से बिहार की राजधानी पटना जा रही तस्करी की 34 पेटी अंग्रेजी शराब शुक्रवार की सुबह दस बजे बिहार सीमा के समीप पटहेरवा थाना पुलिस ने महुअवा कांटा बाजार के समीप पकड़ी। लग्जरी कार से शराब की खेप लेकर जा रहे पकड़े गए तस्कर की पहचान राजवीर सिंह निवासी परवली रमायन, थाना चौबिया, जिला इटावा के रूप में हुई। उसने बताया कि होली पर बढ़ी मांग के चलते वह शराब लेकर जा रहा था। उसके पास हरियाणा से यह शराब पहुंची थी।

पुलिस टीम एनएच 28 पर महुअवा काटा के समीप वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सूचना पर प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने एसआइ सुभाष श्रीवास्त, कांस्टेबल जयहिंद यादव, सोहित यादव, जयनंद यादव के साथ कार को चालक सहित पकड़ लिया। कार में 34 पेटी अंग्रेजी शराब मिली, जिसमें 1632 अदद फ्रूटी 180 एमएल थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया तस्कर को जेल भेजा जा रहा है। हरियाणा-बिहार तस्कर के गठजोड़ का पर्दाफाश जल्द होगा।



थाना परिसर में बरामद शराब व पकड़े गए तस्कर के साथ खड़ी पुलिस ● जागरण

**गांजा के साथ एक गिरफ्तार, जासं,हाटा :**कोतवाली पुलिस ने नगर के बाघनाथ तिराहे के समीप शुक्रवार को झोले में रखे गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया ।उसकी पहचान सोनू बरनवाल निवासी वार्ड संख्या 19 हाटा के रूप में हुई ।गांजा की मात्रा 2.3 किग्रा पाई गई ।

# नौ दिन बाद भी मुन्ना के हत्यारे का सुराग नहीं

**जासं, तुर्कपट्टी** : मछरिया बसंत भारती टोला नौगांवा निवासी मुन्ना मद्धेशिया हत्याकांड में घटना के नौ दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस मृतक के मोबाइल का काल डिटेल खंगालने में जुटी है। मुन्ना करीब चार वर्षों से सऊदी के ओमान में कार्य करते थे। बीते 10 फरवरी को ही वह गांव लौटे व 13 फरवरी की सुबह आठ बजे तुर्कपट्टी फाल पर स्थित अपने बड़े पुत्र आनंद की दुकान से घर के लिए निकले, लेकिन नहीं पहुंचे। 14 फरवरी को मृतक की पत्नी रीता देवी ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी। पुलिस को 16 फरवरी खिरियां निवासी अवध किशोर सिंह के गन्ने खेत में मुन्ना का शव मिला। मृतक का गला करीब दो इंच गहराई तक कटा था और दाहिने हाथ में सब्जी काटने वाला एक चाकू मौजूद था। पुलिस को मृतक की साइकिल घटना स्थल से 200 मीटर दूर पर नहर के किनारे मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मुन्ना की हत्या तीन से पांच दिन के भीतर की गई। अगर हत्या तीन से पांच दिन के भीतर की है और गुमशुदगी घटना के मात्र तीन दिन पहले ही दर्ज हुई है तो गुमशुदगी दर्ज होने से पहले ही उनकी हत्या किए जाने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। कई सवाल पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पुलिस तुर्कपट्टी फाल पर लड़के के दुकान के आगे और इंटर कालेज के उत्तर दुकानों पर लगे सीसी फुटेज को खंगालने में लगी है, जिससे कि पता चल सके कि वह अपने बेटे की दुकान से अकेला निकला था या फिर उसके साथ कोई और था। एसएचओ आशुतोष सिंह ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है, जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा।

# दो घरों में दिनदहाड़े चोरी, धराया चोर

**जासं, अहिरौली बाजार:** क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में दो मकानों में शुक्रवार को चोरी की घटना सामने आई है। लोगों ने एक चोर को पकड़ पुलिस को सौंप दिया। उसकी पहचान अनिल चौहान निवासी अगया थाना पिपराइच जिला गोरखपुर के रूप में हुई। क्षेत्र के मुंडेरा लाला निवासी बृजेश गुप्त दोपहर तीन बजे पंपिंगसेट से गेहूं की सिंचाई कर रहे थे। पत्नी गांव में आयोजित मुंडन समारोह में शामिल होने चलीं गईं। घर में सिर्फ 10 वर्षीय अश्विनी था। बताया जा रहा कि वह बगल में खेलने चला गया। कुछ समय बाद जब घर लौटा तो दरवाजे पर अपरिचित को खड़ा देख वह घबरा गया। शोर मचाने लगा। शोर सुनकर अंदर घुसा चोर दौड़ कर बाहर आया। दोनों उसे धक्का देकर तेजी से दरवाजे की तरफ भागे और वहां खड़ी पल्सर बाइक को स्टार्ट कर बरवा बाबू की तरफ फरार हो गए। जानकारी पर गांव के युवक बाइक पर अश्विनी को बैठाकर चोरों का पीछा करने लगे। बरवा बाबू गांव में गांव के बाहर एक घर के सामने पल्सर सवार को देखते ही अश्विनी ने उसे पहचान लिया।

# दूसरे की जगह पर परीक्षा देते पकड़े गए दो युवक

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे दो युवक पकड़े गए हैं, जिनको पुलिस के हवाले करते हुए केंद्र व्यवस्थापक ने तहरीर दी है। सेवरही के रमापति इंटरमीडिएट कालेज धर्मपुर पर्वत में शुक्रवार को इंटरमीडिएट अंग्रेजी की परीक्षा में परीक्षार्थी जितेंद्र चौहान विद्यालय ठाकुर हरिकेश प्रताप सिंह इंटर कालेज दुदही के स्थान पर दूसरे मुन्ना भाई निप्पू कुमार निवासी बांसगांव खास थाना विशुनपुरा को परीक्षा देते समय कक्ष निरीक्षक की सूचना पर केंद्र व्यवस्थापक द्वारा सचल दस्ते के माध्यम से पकड़ पुलिस को सौंप दिया गया, तो फतेह मेमोरियल इंटर कालेज में अंग्रेजी की परीक्षा में अहमद अंसारी विद्यालय बोधा सिंह इंटर कालेज सपहीं बुजुर्ग के स्थान पर राजू प्रसाद निवासी ओझवलिया गोपालपुर थाना तरयासुजान को पकड़ कर तमकुहीराज पुलिस को सौंपा है। थानाध्यक्ष सेवरही संजय कुमार व तमकुहीराज नीरज राय ने बताया कि परीक्षा अधिनियम 1998 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। दूसरे की जगह परीक्षा देते हुए जिले में अब तक कुल चार युवक पकड़े जा चुके हैं।

**बोर्ड परीक्षा में 3802 ने छोड़ी परीक्षा**

**जासं, पडरौना:** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में शुक्रवार को 44872 में से 3802 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों में कुल 41070 परीक्षार्थी शामिल रहे। हाईस्कूल की कृषि की परीक्षा में 430 परीक्षार्थियों में से 13 गैरहाजिर रहे, जो कुल 21 केंद्रों पर हुई। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की अंग्रेजी की परीक्षा में 44439 में से 3782 अनुपस्थित रहे, तो हाईस्कूल में व्यावसायिक ट्रेड में तीन में से एक गैर हाजिर रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट केंद्रों का भ्रमण करते रहे। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसी भी केंद्र पर गड़बड़ी मिली तो जिम्मेदार बख्शे नहीं जाएंगे। कहा कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं। कहा कि जिन परीक्षा केंद्रों पर नकल की बात सामने आई उनको ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। सभी एसडीएम परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण में लगे रहे। जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के जरिये अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रहा।

**एडीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को चेताया**

देर शाम एडीएम देवी दयाल वर्मा ने केंद्र व्यवस्थापक फतेह मेमोरियल इंटर कालेज तमकुहीराज व रमापति इंटरमीडिएट कालेज धर्मपुर पर्वत को पत्र जारी कर चेतावनी दी है कि मुख्य गेट पर सघन जांच न करने की वजह से ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। अगर भविष्य में ऐसी स्थिति आती है तो जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# त्योहार में खलल डालने वाले बख्शे नहीं जाएगा : सीओ

**बभनौली :** होली को लेकर सेवरही थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में  शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को संवेदनशील स्थानों व उपद्रवियों को चिन्हित कर इसकी सूचना पुलिस को देनी चाहिए। त्योहार में खलल डालने वाले को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष संजय कुमार, त्रिभुवन जायसवाल आदि मौजूद रहे। (जासं)

# शांति कमेटी की हुई बैठक

**बेलवा कारखाना:** होली के त्योहार को लेकर चौराखास थाने पर पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें आगामी त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाने पर चर्चा की गई। (जासं)

# चोरी की दो बाइकों से साथ तीन गिरफ्तार

**मंसाछापर/ जटहा बाजार।** जटहा बाजार थाने की पुलिस ने मोबाइल और चोरी की दो बाइकों के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया की शुक्रवार को पडरही नहर पुलिया के पास से तीन लोग पकड़े गए। उनसे पूछताछ करके जानकारी ली गई है। उनके पास से चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान खड्डा थाना क्षेत्र के भुजौली बाजार निवासी असरफ उर्फ अयान, नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के रायगंज निवासी नितीश और गोलू के रूप में हुई है। संवाद

# बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**दुदही।** विशुनपुरा थाने के एक गांव में बीते बुधवार को एक चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष महेंद्र राम प्रजापति ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस गश्त में थी। मुखबिर से सूचना मिली कि वह दुदही रेलवे स्टेशन पर है। पुलिस टीम ने आरोपी विक्की को पश्चिम रेलवे ढाला के पास से पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी करके पुलिस उसे कोर्ट ले गई। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

## अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**समउर बाजार/ पटहेरवा।** नेशनल हाइवे 28 पर शुक्रवार की सुबह चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार से 34 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस कार्रवाई में जुटी है। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कार में शराब लेकर पटना जा रहा है। महुअवा काटा के पास पहुंचकर पुलिस ने चेकिंग की तो एक व्यक्ति ने कार मोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस की सक्रियता से वह पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसकी कार में छिपाकर रखी गई अवैध शराब मिली, जिसे हरियाणा से लाया गया था। पूछताछ में आरोपी की पहचान इटावा जिले के चौबिया थाना क्षेत्र के परवली रमायन निवासी राजवीर सिंह के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक गिरीजेश उपाध्याय ने बताया पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। संवाद

# त्योहारों में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई

**तमकुहीरोड।** सेवरही थाने में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें होली व शब-ए-बरात आदि त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की चर्चा की गई। सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा ने कहा कि त्योहार लोगों को एकता व भाईचारे का संदेश देते हैं। इसलिए सभी त्योहारों को सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। सेवरही एसओ संजय कुमार ने कहा कि त्योहारों में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। इस दौरान सेवरही पुलिस चौकी इंचार्ज मंगेश कुमार मिश्र, पूर्व चेयरमैन त्रिभुवन जायसवाल, छोटेलाल वर्मा, इमरान अजमेरी, पप्पू जायसवाल, राजेश यादव, अजय गुप्ता, शुकदेव रौनियार आदि मौजूद रहे। संवाद

# शांति के साथ मनाएं त्योहार

**बनकटा बाजार।** चौरा खास थाना परिसर में होली एवं शब-ए-बरात सहित अन्य त्योहारों पर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभा पंचायतों से ग्राम प्रधान व ग्राम प्रतिनिधि चौकीदार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एसएचओ राजेश कुमार मिश्रा ने सभी लोगों ने शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान एसआई सुशील कुमार चौरसिया, एसआई संतराज यादव, अमित कुमार, भरत मिश्रा, विकास पांडे,प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, कालिका सिंह, गुड्डू सिंह आदि लोग मौजूद रहे। संवाद

# हत्यारोपी की तलाश में जुटीं पुलिस की तीन टीमें

संवाद न्यूज एजेंसी

**गंगुआ बाजार।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र में अपनी नानी के घर रहने वाली किशोरी की हत्या का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। उसकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगी हैं। किशोरी की मां की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना के बाद से ही वह गांव से लापता है।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बिहार बुजुर्ग गांव के टोला कटहरी बाग में नानी के घर पर रहकर बिहार प्रांत के कटेया, बैकुंठपुर की नंदनी पढ़ाई करती थी। रविवार की देर रात उसका शव कमरे में मिला था। ग्रामीणों की सूचना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दम घुटने से मौत की वजह सामने आई। इस मामले में जम्मू-कश्मीर में रहने

## किशोरी की मां की तहरीर पर एक युवक पर दर्ज हुआ है हत्या का मुकदमा

वाली किशोरी की मां ने बुधवार शाम थाने पहुंचकर बिहार बुजुर्ग गांव के टोला कटहरी बाग निवासी सुदर्शन के बेटे गौतम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया।

मां ने आरोप लगाया कि गौतम उनकी बेटी को परेशान करता था। घटना के बाद से ही आरोपी लापता है। उसकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगी हैं। मोबाइल बंद होने से आरोपी की लोकेशन नहीं मिल रही।

इस संबंध में सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि आरोपी का मोबाइल बंद बता रहा है, जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-02-2023

# लंबित विवेचनाओं को समय से पूरा करें

## समीक्षा

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शुक्रवार को पुलिस सभागार में पुलिस अफसरों के साथ अपराध गोष्ठी की। गोष्ठी में विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर प्रकरणों को लेकर निर्देश दिया। लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश देते हुए एसपी ने अपराधियों की गिरफ्तारी व शिकायती पत्रों के निस्तारण पर जोर दिया।

अपराध गोष्ठी एसपी ने वांछित अभियुक्तों, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारंटियों की गिरफ्तारी की समीक्षा की। शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थिति देखी। वर्ष 2022 से पूर्व के लंबित विवेचना की समीक्षा की गई। दो माह से अधिक समय से लंबित विवेचना के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बरामद तथा शेष अपहृत/अपहृता की बरामदगी के संबंध में समस्त थानों की समीक्षा की गई। आईजीआरएस तथा जनसुनवाई प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं फीडबैक की स्थिति की समीक्षा की गई।

### पैरोकारों के साथ एनबीडब्ल्यू की समीक्षा की

एसपी ने जिले के समस्त पैरोकारों के साथ वार्ता कर न्यायालयों से जारी एनबीडब्ल्यू की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी ली। समस्त थानों को जारी एनबीडब्ल्यू के सम्पूर्ण तामिला कराने के लिए निर्देशित किया। समस्त थानों की एनबीडब्ल्यू पेंडेंसी का निरीक्षण किया। गैर जनपद के न्यायालयों से जनपद के अपराधियों के लिए जारी एनबीडब्ल्यू की रिपोर्ट को भी देखा गया व त्वरित तामिला कराने के लिए निर्देशित किया गया। मीटिंग के दौरान आये पैरोकारों से न्यायालय में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। सेशन कोर्ट व लोवर कोर्ट के लिए पैरोकारों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

# विवेचनाओं के निस्तारण पर जोर, अपराधों पर लगाम लगाने के निर्देश

**जासं, महराजगंज**: पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तथागत सभागार में शुक्रवार को बैठक में पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने जिले के अपराध की समीक्षा करते हुए पुरानी विवेचनाओं के निस्तारण पर जोर दिया। इसके साथ ही साथ चोरी, छिनैती समेत होली पर्व के मद्देनजर शराब की तस्करी पर पाबंदी लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के मामलों में पोर्टल पर डाटा फीडिंग को लेकर थानेदारों को स्वयं जिम्मेदार बनना होगा।



अपराध गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ । जागरण

पुलिस अधीक्षक ने थानों पर लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारंटी की गिरफ्तारी, शिकायत प्रार्थना पत्र के निस्तारण एवं उनके कार्रवाई की समीक्षा की। वर्ष 2022 से पूर्व के लंबित विवेचना का त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। आइजीआरएस शिकायतों का निस्तारण और प्रार्थनापत्रों की सुनवाई गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, सदर सीओ अजय सिंह चौहान, निचलौल सूर्यबली मौर्य, फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र, नौतनवा अनुज कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार, रामकृष्ण यादव आदि मौजूद रहे।

# 18 घंटे बाद मिला नदी में डूबे युवक का शव

भगवानपुर, हिन्दुस्तान संवाद। परसामलिक क्षेत्र के पचडिहवा गांव के सामने रोहिन नदी में डूबे युवक का शव शुक्रवार को 18 घंटे बाद नदी से बरामद हुआ।

महदेइया खास निवासी कोदई यादव का बेटा रामकेश यादव गुरुवार की शाम करीब पांच बजे मिश्रवलिया के पास रोहिन नदी किनारे बने मिट्टी के बांध पर टहल रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया जिससे वह नदी में डूब गया। सूचना पर मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए थे। परसामलिक पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। देर रात तक जाल डालकर डूबे युवक की तलाश की जाती रही, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक कुंवर कौशल उर्फ मुन्ना सिंह व ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया भी कोशिशों में जुटे रहे।

फरेंदा सीओ कोमल प्रसाद मिश्र, सोनौली कोतवाल अभिषेक सिंह, नौतनवा एसओ सत्यप्रकाश सिंह, परसामलिक एसओ दिनेश कुमार गोड मय फोर्स देर रात तक युवक की तलाश में लगे रहे। शुक्रवार की सुबह से ही परसामलिक एसओ दिनेश कुमार गोड अपनी टीम व ग्रामीणों के साथ शव की तलाश में जुट गए थे। प्रधान प्रतिनिधि यशवन्त यादव, उमेश यादव, रामसमुझ यादव, संतोष कुमार सहयोग में लगे रहे। ग्राम पंचायत जमुहानी टोला मधईडीह से आठ गोताखोरों की एक टीम बुलाई गई थी। गोताखोर चन्द्रशेखर, केश, राममिलन, बबलू, सुक्खू, घुमड़न, सिकन्दर, विष्णु ने जाल डालकर व पानी मे गोता लगाकर शुक्रवार को 10.45 पर पानी मे डूबे युवक का शव बाहर निकाला। परसामलिक के एसओ दिनेश कुमार गोड ने कहा कि नदी में डूबे युवक का शव बरामद हो गया है। शव की तलाश में गोताखोरों की टीम लगाई गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



रामकेश यादव, फाइल फोटो।

## तीन भाइयों में बीच का था रामकेश

मृतक रामकेश यादव तीन भाइयों में बीच का था। मिक्सर मशीन पर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। उसका शव बरामद होने के बाद उसके पिता कोदई यादव, माता भानमती देवी, बड़े भाई रामप्रीत, छोटे भाई रामजीत का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था।

# विधायक इरफान सोलंकी को पेशी पर कानपुर भेजा

## तलब

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** महराजगंज जिला जेल में बंद कानपुर के विधायक इरफान सोलंकी को शुक्रवार की भोर में कड़ी सुरक्षा के बीच कानपुर भेजा गया। उन्हें कोर्ट में पेशी के लिए तलब किया गया था। पेशी के बाद वापस महराजगंज जिला जेल लाया जाएगा।

कानपुर के सपा विधायक इरफान सोलंकी को महराजगंज जेल में शिफ्ट किया गया है। गुरुवार की शाम को ही विधायक को कानपुर भेजे जाने की योजना बना ली गई। शुक्रवार की भोर में चार बजे जिला जेल के गेट से सीओ पुलिस फोर्स के साथ विधायक को लेकर कानपुर के लिए रवाना हो गए। कानपुर में उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले वह एक बार और पेशी पर कानपुर जा चुके हैं।

> कड़ी सुरक्षा के बीच विधायक को कानपुर में पेशी के लिए भेजा गया है। पेशी के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच महराजगंज जिला जेल वापस लाया जाएगा।
>
> –प्रभात सिंह,
>
> जेल अधीक्षक, महराजगंज

# गैर जमानती वारंट के बाद भी गिरफ्तार नहीं करने का आरोप

**जासं, महराजगंज:** दो वर्ष पुराने मारपीट और हत्या के प्रयास मामले में दोषी आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी कोल्हुई पुलिस द्वारा गिरफ्तारी न करने का मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार को पीड़ित मुहम्मद सई ने पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। कोल्हुई के खड़खोड़ी गांव निवासी पीड़ित मुहम्मद सई ने बताया कि अगस्त 2020 में उनके विपक्षियों ने उनके बेटे पर हमला करके उन्हें घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने कुल चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। अब न्यायालय ने दो आरोपित मोबिन और बुधिराम के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया है।

## मारपीट के मामले में वांछित गिरफ्तार

**पनियरा।** पुलिस ने बलवा सहित विभिन्न धाराओं में शामिल दो आरोपियों को लखरहिया गांव के पास गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार ने बताया कि राम स्वरूप व सूरज निवासी जंगल बांकी टुकड़ा नं 14 के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत है। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस काफी दिनों से प्रयास कर रही थी। शुक्रवार को दोनों आरोपी लखरहिया गांव से गिरफ्तार किए गए। संवाद

# पिता ने बेटों पर लगाया मारपीट का आरोप

**नौतनवा :** बरवाभोज निवासी श्रीप्रसाद ने नौतनवा थाना में तहरीर देकर अपने दो बेटों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि उनके दो बेटे हैं। आएं दिन भूमि बंटवारे के लिए विवाद करते हैं। गुरुवार रात बेटे बातचीत के दौरान लाठी व डंडे से पीटने लगे। चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग एकत्रित हो गए। वह घायलावस्था में थाना पहुंचे और पुलिस से आपबीती सुनाई। (जासं)

# बच्ची के दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**दुदही :** बच्ची के दुष्कर्म के आरोपित को विशुनपुरा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान विक्की प्रसाद के रूप में हुई। बच्ची से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार था। (जासं)

## 19 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज** : सोनौली थाने की पुलिस ने शुक्रवार को कस्बा निवासी राज के पास से 19 शीशी नेपाली शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। (जासं)

## 135 लीटर नेपाली शराब बरामद

**निचलौल** : आबकारी विभाग व सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को शाम करीब छह बजे गंडक नहर ब्रिज के पास 135 लीटर नेपाली शराब बरामद किया। आबकारी टीम ने बरामद शराब को आबकारी एक्ट के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। आबकारी इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव ने बताया कि टीम को देखते ही तस्कर फरार हो गए। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग व सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम सक्रिय रहेगी। (जासं)

# 21 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

महराजगंज :जनपदीय पुलिस द्वार विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका व भविष्य में शांति व्यवस्थ को बनाये रखने के लिए जनपद के विभिन्न थानों से कुल 21 लोगों को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय चालान किया गया, जहां से उन्हे जमानत दे दिया गया। (जा

# 177 वाहनों का चालान

महराजगंज : यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 177 वाहनों का चालान काट दिया है। पुलिस ने इसके अलावा न लापरवाह वाहन चालकों से 8500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया है। (जासं)

# पिता ने बेटों पर लगाया मारपीट का आरोप

**नौतनवा :** बरवाभोज निवासी श्रीप्रसाद ने नौतनवा थाना में तहरीर देकर अपने दो बेटों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि उनके दो बेटे हैं। आएं दिन भूमि बंटवारे के लिए विवाद करते हैं। गुरुवार रात बेटे बातचीत के दौरान लाठी व डंडे से पीटने लगे। चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग एकत्रित हो गए। वह घायलावस्था में थाना पहुंचे और पुलिस से आपबीती सुनाई। (जासं)

## 21 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

महराजगंज :जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका व भविष्य में शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए जनपद के विभिन्न थानों से कुल 21 लोगों को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय चालान किया गया, जहां से उन्हे जमानत दे दिया गया। (जासं)

## 177 वाहनों का चालान

महराजगंज : यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 177 वाहनों का चालान काट दिया है। पुलिस ने इसके अलावा नौ लापरवाह वाहन चालकों से 8500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया है। (जासं)

# संगठित होकर मानव तस्करी पर रोकथाम को आएं आगे




सोनौली सीमा पर बैठक के बाद कोर कमेटी के सदस्य● सौ. पुलिस

**मानव तस्करी देश का सबसे बड़ा अपराध, सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को जागरूक करें, एसएसबी व पुलिस की संस्थाओं के साथ बैठक**

**जासं,सोनौली** : सोनौली पुलिस चौकी परिसर में शुक्रवार को मानव तस्करी रोकथाम के लिए एसएसबी, पुलिस, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों व नेपाल पुलिस के साथ कोर कमेटी की बैठक की गई।

पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति गोरखपुर के बाल संरक्षण अधिकारी श्रवण कुमार ने कहा कि भारत-नेपाल की पुलिस व एसएसबी जवान आपसी सामंजस्य स्थापित कर मानव तस्करी को रोकने के लिए संगठित होना पड़ेगा। एसएसबी 22 वीं बटालियन सोनौली की महिला इंस्पेक्टर पूनम देवी ने बताया कि मानव तस्करी देश का सबसे बड़ा अपराध है। इस पर लगाम लगाने के लिए सभी सामाजिक संगठनों व प्रशासन को प्रयास करना पड़ेगा। इसके लिए सीमावर्ती इलाकों के ग्रामीणों को भी जागरूक कर सूचनाओं के लिए प्रेरित करें। एसएसबी 66 वीं बटालियन मानव तस्करी रोधी युनिट के प्रभारी गिरधारीलाल लाल, नेपाल प्रहरी राम कुमार चौधरी, हेड कांस्टेबल रामबली, निजामुद्दीन पठान,मानव सेवा संस्थान के शारदा, नितेश चौधरी, प्रदीप शुक्ला, पुष्पा उपस्थित रहे।

# 'लंबित विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लाएं'

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसपी ने कहा-सभी थानेदार दायित्व के प्रति रहे सचेत

**महराजगंज।** लंबित विवेचना के निस्तारण में तेजी लाएं। सभी थानेदार दायित्व के प्रति सचेत रहें। लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर छोटी-बड़ी घटना पर त्वरित मौके पर पहुंचे।

उक्त बातें पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कही। वह शुक्रवार को पुलिस कार्यालय के तथागत सभागार में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ प्रभारी निरीक्षक, पुलिस कार्यालय के शाखा प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने वांछित अभियुक्तों, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारंटियों की गिरफ्तारी, शिकायत प्रार्थना पत्र के निस्तारण आदि के प्रगति की समीक्षा की। दायित्व के प्रति लापरवाह थानेदारों को कड़ी फटकार भी लगाई। दो माह से अधिक समय से लंबित विवेचना के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आईजीआरएस तथा जनसुनवाई प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में तेजी लाएं। सड़क दुर्घटना वाले स्थानों की फीडिंग करने के संबंध में भी समीक्षा की। दोपहिया वाहनों पर हेलमेट के प्रयोग करने एवं सवारों को जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तैयारियों के बारे में पूछताछ की।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-02-2023

# विवाद के दौरान हृदय गति रुकने से मौत, केस

**बस्ती।** मुण्डेरवा थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर जगदीश अग्रहरि पुत्र बनारसी अग्रहरि निवासी बोदवल बाजार ने बताया कि उसके छोटे भाई विनोद को गांव के संजय कसौधन द्वारा कई बार दवा ईलाज के लिए ले जाकर छोटे भाई विनोद के हिस्से की जमीन को धोखे से 11 लाख रुपया मे अपनी माता विमलावती देवी के नाम बैनामा करा लिया व दो लाख रुपये भाई विनोद के खाते मे देने के बाद शेष पैसा कुछ दिनो बाद देने को कहा। बकाया पैसा मांगने भाई विनोद व पत्नी गीता संजय कसौधन के घर गये तो संजय कसौधन तथा उसके परिवार वाले लोग उग्र होकर दोनो गालियां देते हुए मारने की धमकी दी। इस दौरान भाई विनोद को हार्टअटैक आ गया और मौके पर उसकी मृत्यु हो गयी। मामले में मुण्डेरवा पुलिस ने आरोपी गिरजेश कसौधन, संजय कशौधन, संदीप कशौधन, सौरभ कसौधन पुत्रगण राममूरत, विमलावती देवी पत्नी राममूरत निवासीगण बोदवल थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 420, 504, 506, 304 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सैनिक सम्मान के साथ हुआ फौजी का अन्तिम संस्कार

**छावनी (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के निवासी थल सेना में नायक के पद पर तैनात फौजी की ड्यूटी के दौरान हृदय गति रूकने से मौत हो गयी।फौजी हिसार हरियाणा में पाँच आर्म्ड रेजिमेंट में नायक के पद पर तैनात था।बुधवार की प्रातः आठ बजे के करीब फौजी की मौत हो गई।फौजी का शव शुक्रवार को प्रातः पैतृक गाँव कौवाडांड पहुँचा तो चीत्कार मच गया।हर्रैया के पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेंद्र सिंह ने मृतक फौजी के घर पहुँचकर परिवार को ढांढस बंधाया।

छावनी थाना क्षेत्र के कौवाडांड़ निवासी 47 वर्षीय राजकुमार शर्मा पुत्र स्व. राजाराम शर्मा हृदय गति रूकने से हिसार हरियाणा में हो मौत हो गयी।मृतक फौजी वर्ष 2002 में अहमदनगर महाराष्ट्र में थल सेना में भर्ती हुए थे।वर्तमान में पाँच आर्म्ड रेजिमेंट में नायक के पद तैनात थे।मृतक के बाबा, पिता राजाराम शर्मा व भाई सेवानिवृत्त हवलदार अशोक कुमार शर्मा फौज में नौकरी कर चुके हैं।

तेइस वर्षीय बेटा विकास फौज में जाने का सपना पाले हुए है।फौजी का तिरंगे में लिपटा शव डुहवा मिश्र गांव के एक होटल में गुरुवार की देर रात ग्यारह बजे के बाद रेजिमेंट के अधिकारियों के साथ पहुँचा तो होटल के बाहर लोगो का तांता लगा रहा।शुक्रवार को गर्ड अफ अनर,शोक सभा व सलामी के बाद सैनिक सम्मान के साथ फौजी का अंतिम संस्कार बीड़ी बांध के ठोकर नम्बर दस पर किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय व ग्राम प्रधान पति बबलू चौधरी व्यवस्था में मुस्तैद रहे।

# दरवाजे का ताला तोड़कर घर में चोरी, केस

**बस्ती ।** दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर में नकदी व जेवरात की चोरी कर लिया। मामले में गृह स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मड़वा नगर में बीती रात अज्ञात चोरो ने संजय कुमार के घर को निशाना बनाया और दरवाजे का ताला तोड़कर घर में रखा 50 हजार रूपये का जेवर व 13 हजार रूये नकद की चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित संजय कुमार पुत्र परशुराम निवासी ग्राम मड़वानगर थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पैसा लेने के बाद जमीन का नही किया बैनामा, केस

**बस्ती ।** दो जमीन का पैसा लेने के बाद केवल एक ही जमीन का बैनामा करते हुए एक जमीन के बैनामें से मना कर दिया गया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाना क्षेत्र के कुसौरा स्थित दो जगह जमीन दिखाने के बाद अभियुक्तो द्वारा अंजुम पत्नी मोहम्मद रफीक से 12 लाख रूपये ले लिया। जिसके बाद एक जरब गड्ढे की जमीन का बैनामा करते हुए दूसरी जमीन को बैनामा करने से मना कर दिया। पैसे मांगने पर उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़िता अंजुम पत्नी मोहम्मद रफीक निवासी ग्राम तुरकौलिया उर्फ करमहिया हाल मुकाम बेईली थान कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शाह आलम पुत्र शाकीर अली निवासी बेईली थाना कलवारी, इल्ताफ हुसैन पुत्र तहबर हुसैन निवासी कम्हरिया थाना कलवारी के विरूद्ध धारा 419, 420, 406, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक व चेन चोरी का केस दर्ज

**बस्ती ।** बाइक के गले से चैन चोरी कर लेने के दो मामले में मुकामी पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कार्यवाही कोतवाली व पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने पीड़ितो की शिकायत पर की है। कोतवाली क्षेत्र के महिला स्पताल परिसर में बृजलाल अपनी बाइक संख्या यूपी 51 बीएफ / 4774 को खड़ी कर कहीं गये हुए थे। इसी बीच अज्ञात चोरो की नजर उनकी बाइक पर गड़ गयी और वह उसे चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित बृजलाल पुत्र राम उजागिर निवासी निरन्जनपुर थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कड़र खास शिव मन्दिर परिसर में शिवरात्रि के दिन मेले में आयी अंशु मिश्रा पत्नी विनय मिश्रा निवासी मड़वानगर थाना कोतवाली के गले से सोने की चैन अज्ञात चोर छीन कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# खाली जमीन पर कब्जा करने के विवाद में मारपीट

**बस्ती ।** खाली जमीन पर कब्जा करने की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जानमाल की धमकी दी। लालगंज थानाक्षेत्र के दशकोलवा गांव में खाली पड़ी जमीन पर कब्जा करने के विवाद को लेकर सावित्री देवी को आरोपी धर्मवीर, संतोष कुमार, बुद्धेश कुमार ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता सावित्री देवी पत्नी रमेश चन्द्र निवासी दशकोलवा थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी धर्मवीर, संतोष कुमार, बुद्धेश कुमार पुत्रगण राम सुरेश निवासीगण दशकोलवा थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# फ्रेन्चाइजी दिलाने के नाम पर पैसे की ठगी, केस

**बस्ती ।** फ्रेन्चाइजी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से हजारो रूपये की ठगी कर ली गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाने पर तहरीर देकर श्रीचन्द्र गुप्ता पुत्र शिव शंकर निवासी कराह पिठिया ने बताया कि एड पे नामक कम्पनी की फ्रेन्चाइज़ी दिलाने के नाम पर अभियुक्त अन्जनी ने उससे 50 हजार रूपये लेने के बाद भी फ्रेन्चाइजी नही दिलायी और न ही पैसे वापस किये। मामले में मुण्डेरवा पुलिस ने आरोपी एड पे कम्पनी के उत्तर प्रदेश प्रमुख अन्जनी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी दुल्लहपुर निकट रेलवे फाटक थाना दुल्लहपुर जिला गाजीपुर के विरूद्ध धारा 420, 406 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# घरेलू विवाद में मारपीट, एफआईआर

**बस्ती ।** घरेलू विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाना क्षेत्र के लोनहा गांव में घरेलू विवाद को लेकर कुछ लोगो ने सुशीला देवी को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जानमाल की धमकी दी। इस मामले में पीड़िता सुशीला देवी पत्नी सुरेन्द्र निवासी लोनहा थाना कलवारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विक्रम पुत्र मिश्रीलाल, माधुरी पत्नी विक्रम, कुसुम पुत्री विक्रम निवासीगण लोनहा थाना कलवारी के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पन्द्रह लोगों पर सीआरपीसी की कार्रवाई

**बस्ती ।** क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने 15 लोगो को सीआरपीसी के तहत पाबन्द किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसान वाल्टरगंज पुलिस ने क्षेत्र से रामचन्दर पुत्र कमला प्रसाद निवासी बनकसिया मझौवा खजुरी, छट्टू पुत्र बाढ़ू निवासी जोगिया जुड़ीकुईया, संतोष गुप्ता, विजय कुमार, कृष्ण कुमार, मुनीराम गुप्ता पुत्रगण श्रीराम गुप्ता, अभिषेक चौधरी उर्फ परशुराम, अर्जुन सिंह उर्फ रामकृष्ण पुत्रगण हरिवंश चौधरी, संदीप चौधरी पुत्र शिवराम उर्फ बाली, शिवसागर चौधरी पुत्र रामदास चौधरी निवासीगण पलाने थाना वाल्टरगंज, विजय कुमार पुत्र मनोज निवासी तेनुआ, श्यामसुन्दर, रामसरन पुत्रगण बुद्धू निवासीगण विशुनपुरवा, अखिलेश पुत्र छट्टू निवासी जोगिया जुड़ीकुईया, पवन मौर्य पुत्र भल्लर निवासी सुगर मिल कालोनी थाना वाल्टरगंज पर 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी है। पुलिस का कहना है कि उक्त अभियुक्तो द्वारा अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए क्षेत्र में समाजविरोधी क्रिया कलाप करते थे, जिससे पुलिसिंग व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

# विद्युत टावर गिरा, केस दर्ज

**बभनान ।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के भौखरी विद्युत प्लांट के अन्तर्गत घारीघाट जाने वाले लाईन में बभनान नगर पंचायत के वार्ड नं 1अम्बेडकरनगर में टावर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में प्रोजेक्ट परियोजना प्रबन्धक की तहरीर पर घटना के इक्कीस दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शिवकुमार तिवारी पुत्र यज्ञ प्रसाद तिवारी निवासी जरौली फेज नं 2 बर्रा थाना बर्रा जनपद कानपुर हालमुकाम केवटहिया नजदीक जनता इण्टर कालेज बभनान ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि वे आर एस इन्फ्रा प्रोजेक्ट में परियोजना प्रबंधक के पद पर कार्यरत है।भौंखरी से घारीघाट जाने वाली लाइन में 132 के वी टावर लगाने का कार्य चल रहा है।वार्ड नं.एक अम्बेडकरनगर बभनान में टावर बनकर तैयार था।विद्युत तार के खिंचाई का काम पूरा हो चुका था। विगत 7 फरवरी को ही विद्युत आपूर्ति की शुरुआत की जानी थी।अग्यात व्यक्तियों द्वारा टावर के सपोर्ट में लगे स्टिक तार को छेड़छाड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिससे टावर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ टावर को क्षतिग्रस्त करने का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# ट्रेन पर पत्थर चलाने पर उम्रकैद की सजा होगी

बभनान। ट्रेनों पर पत्थर चलाने वालों को आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। साथ ही रेल यातायात को प्रभावित करने वालो पर भी कठोरतम कार्रवाई का प्रावधान है। यह बातें आचार्य नरेंद्र देव किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बभनान में रेल सुरक्षा संरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ बस्ती संजय मिश्रा ने कहीं। उन्होंने बताया कि मैन रन ओवर कैटल रन ओवर की घटनाएं अत्याधिक हो रही हैं। इनको रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आरपीएफ चौकी प्रभारी बभनान भीम सिंह, एसआई दिलीप कुमार, प्रबंधक विजय पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र शुक्ल, डॉ. श्रवण कुमार शुक्ल, डॉ. सुरेंद्र पाण्डेय, अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ल, स्कंद शुक्ला, विक्रम पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# चार अंतरराज्यीय चोर हुए गिरफ्तार

## खुलासा

**कप्तानगंज, हिसं।** कप्तानगंज पुलिस ने चार अंतरराज्यीय शातिर चोरों को चोरी की योजना बनाते समय गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में दो दिल्ली और एक अलीगढ़ का रहने वाला है। ये तीनों बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के अपने सहयोगी के साथ मिलकर चोरी, नकबजनी करते थे। उनके कब्जे से दो तमंचा, कारतूस, चाकू व चोरी करने का औजार बरामद हुआ है।

थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर के जरिए गुरुवार रात को सूचना मिली कि कस्बे के निकट स्थित जसईपुर प्राथमिक विद्यालय में कुछ संदिग्ध लोग बैठकर चोरी की योजना बना रहे हैं। इस पर एसआई जावेद खान, जयशंकर पाण्डेय, हेकां धर्मदेव, रणविजय सिंह, कां एसपी चौहान व सतीश चन्द के साथ दबिश देकर चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी में उनके पास से चोरी के कुछ रुपये भी बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में कप्तानगंज और थाना नगर क्षेत्र में की गई चोरी की तीन घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में महेश सिंह निवासी खलवा थाना दुबौलिया, जितेन्द्र चौहान निवासी जखौता थाना घवाना जनपद अलीगढ, जीशान अल्वी व प्रदीप कुमार निवासीगण भलेश्वर डेयरी स्वामी श्रद्धानन्द पार्क मंगल बाजार रोड थाना भलेश्वर डेयरी दिल्ली शामिल हैं।



कप्तानगंज पुलिस की पकड़ में अंतरराज्यीय शातिर चोर।

# राजस्व चौपाल में निस्तारित हुए वरासत से जुड़े मामले

## आयोजन

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** तहसील स्तर पर लंबित वादों के त्वरित निस्तारण करने को जिले की 10 न्याय पंचायतों में राजस्व चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में वरासत, धारा-67 तथा धारा-24 सहित अन्य राजस्व विवादों का निस्तारण किया गया। लंबित मामलों में राजस्व टीम ने स्थलीय निरीक्षण भी किया। बस्ती सदर के न्याय पंचायत गनेशपुर, कड़र खास, तुरकौलिया, हर्रैया के मझौवा बाबू, कठौतिया सांवडीह, बैरागल, सूदीपुर, खम्हरिया, भानपुर के नरखोरिया, रुधौली तहसील के पकरीजई में चौपाल लगा।

**ऑनलाइन दर्ज किये गये 17 वाद : भानपुर/रुधौली।** तहसील क्षेत्र के बांकेचोर करायन, नौआगांव न्याय पंचायत में आयोजित राजस्व चौपाल में नरखोरिया, खोरिया, बड़ौगी, नौआगांव, चिरई बुजुर्ग, धौरहरा तथा मझारी के किसानों के राजस्व वादों की सुनवाई हुई। नायब तहसीलदार रामनगर अजीत सिंह ने बताया कि चौपाल के माध्यम से धारा- 24 के छह, धारा 67 का एक तथा अवैध कब्जे के पांच मामले निस्तारित हुए।

**वरासत के नौ मामले मौके पर निस्तारित : हर्रैया/दुबौलिया।** तहसील क्षेत्र के न्याय पंचायत मझौवा बाबू में एसडीएम गुलाब चन्द्र ने वरासत से जुड़े नौ मामलों का मौके पर निस्तारण कराया। दुबौलिया के बैरागढ़ न्याय पंचायत में नायब तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव की अध्यक्षता में चौपाल लगी।



शुक्रवार को न्याय पंचायत मझौवा बाबू, हर्रैया में राजस्व चौपाल में वादों की सुनवाई करते एसडीएम गुलाब चन्द्र व राजस्व टीम।

### ग्रामीणों और कर्मचारियों के बीच हुई नोकझोंक

**घघौवा।** विक्रमजोत ब्लॉक के एकमाहिरानिया के प्रावि परिसर में एडीओ समाज कल्याण सत्येंद्र यादव की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन हुआ। शिकायतों के क्रम में थोड़ी देर के लिए ग्रामीणों और चौपाल में कर्मचारियों के बीच नोकझोंक भी हो गई।

### बनकटी में लगी चौपाल

**साऊघाट।** सॉऊघाट के महसिन व परसालालशाही में गांव की समस्या-गांव में समाधान का चौपाल लगाया गया। बीडीओ योगेन्द्र राम त्रिपाठी ने शासन की ओर से चलाई जा रही योजनओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।



शुक्रवार को बीडी बांध पर अंतिम संस्कार के समय मृत जवान को सैन्य सलामी देते गोरखा रेजीमेंट के जवान। ● हिन्दुस्तान

# तिरंगे में लिपटा फौजी का शव पहुंचा छावनी, उमड़े लोग

छावनी। थल सेना में नायक के पद पर तैनात छावनी क्षेत्र के राजकुमार शर्मा की बुधवार को ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह हिसार (हरियाणा) तैनात थे। शुक्रवार को सुबह तिरंगे में लिपट शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। अंतिम दर्शन को सैकड़ों लोग उमड़ पड़े। सैन्य सलामी के बीच जवान को अंतिम विदाई दी गई।

छावनी थाना क्षेत्र के कौवाडाड़ गांव निवासी राजकुमार शर्मा (47) पुत्र स्व. राजाराम शर्मा 2002 में सेना में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। मौजूदा समय सेना के 5 आर्म्स रेजीमेंट में हिसार में तैनात थे। मृतक के बाबा, पिता स्व. राजाराम शर्मा और बड़े भाई सेवानिवृत हवलदार अशोक कुमार शर्मा भी सेना में तैनात थे। चौथी पीढ़ी के रुप में बेटा विकास (23) भी सेना में जाने की तैयारी कर रहा है।

नायक राजकुमार शर्मा के निधन की सूचना बुधवार को दोपहर में परिजनों को मिल गई थी। गुरुवार की रात करीब 11 बजे रेजीमेंट के जवानों के साथ हिसार से शव छावनी में पहुंचा। हाइवे किनारे सटे होटल के पास शव वाहन को रोक दिया गया। शुक्रवार की सुबह शव घर ले जाया गया तो परिजन बदहवास हो गए। गांव में मातम पसर गया। सैकड़ों लोग एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े। गोरखा रिक्रूटिंग डिपोट गोरखपुर से पहुंचे जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। दोपहर में बीडी बांध के ठोकर नम्बर दस पर अंतिम संस्कार किया गया।



राजकुमार शर्मा (फाइल फोटो)।

इस दौरान एसओ छावनी दुर्गेश पांडेय, ग्राम प्रधान पति बब्लू चौधरी आदि मौजूद रहे। पत्नी रंजना, बेटी आंचल, भाई अशोक कुमार और शिवकुमार का रो-रो कर बुरा हाल था।

# मारापीटा, मुकदमा

**बस्ती :** कलवारी थाने के लोनहा गांव निवासी सुशीला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घरेलू झगड़े को लेकर कुछ लोगों ने उन्हें मारा पीटा और जान माल की धमकी दी। पुलिस ने विक्रम, माधुरी पत्नी विक्रम सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# 12 लाख रुपये हड़पने का आरोप, मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** कलवारी पुलिस ने धोखाधड़ी कर पैसा हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

अंजुम निवासी तुरकौलिया उर्फ करमहिया हाल मुकाम बेईली ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षी ने दो जगह जमीन दिखाकर 12 लाख रुपया ले लिया। एक गड्ढे की जमीन को बैनामा कर दिया। दूसरी जमीन न दी और न ही पैसा वापस किया। मांगने पर अपशब्द कहते हुए धमकाया।

पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

# चेन चोरी के मामले में केस

**बस्ती :** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कड़र शिव मंदिर परिसर में आयोजित शिवरात्रि मेले में महिला का सोने का चेन चोरी होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता अंशू मिश्रा पत्नी विनय मिश्रा निवासी मड़वानगर थाना कोतवाली ने पुरानी बस्ती पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी थी।

# नकदी और जेवर चोरी के मामले में मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली क्षेत्र के मड़वानगर मोहल्ले में नवंबर 2022 की रात एक घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित संजय कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 नवंबर की रात उनके दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने उनके मकान से 50 हजार रुपये कीमत के जेवरात व 13 हजार रुपये नकदी चोरी कर लिया। पीड़ित के अनुसार पुलिस ने पहले मुकदमा दर्ज नहीं किया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर काल किया और सारी बातें बताई। पुलिस ने गुरुवार को केस दर्ज किया।

# वाहन चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

## अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य हैं, तीन वारदातों को पुलिस ने किया खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** थाना कप्तानगंज पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। वह चोरी करने की साजिश रच रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में दो दिल्ली और एक अलीगढ़ का निवासी है।

जो यहां के दुबौलिया थाना क्षेत्र के अपने सहयोगी के साथ चोरी, नकबजनी करते थे। उनके कब्जे से दो तमंचा, कारतूस, चाकू व चोरी करने के औजार बरामद किए गए।

### तलाशी में तीन तमंचे, चाकू और कुछ रुपये भी बरामद हुए

थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर के जरिये बृहस्पतिवार रात को सूचना मिली कि कस्बे के निकट स्थित जसईपुर प्राथमिक विद्यालय में कुछ संदिग्ध चोरी करने की साजिश रच रहे हैं। एसआई जावेद खान, जय शंकर पांडेय, हेड कांस्टेबल धर्मदेव, रणविजय सिंह, कांस्टेबल एसपी चौहान, व सतीश चंद के साथ दबिश देकर चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी में उनके पास से चोरी के कुछ रुपये भी बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में कप्तानगंज, थाना नगर क्षेत्र में की गई चोरी की तीन घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की है।

गिरफ्तार आरोपियों में महेश सिंह निवासी खलवा थाना दुबौलिया, जितेंद्र चौहान निवासी जखौता थाना घवाना जनपद अलीगढ़ के अलावा जीशान अल्वी व प्रदीप कुमार निवासीगण भलेश्वर डेयरी स्वामी श्रद्धानंद पार्क मंगल बाजार रोड थाना भलेश्वर डेयरी दिल्ली शामिल हैं। इनमें महेश सिंह पर थाना बवाना, अलीपुर, वजीराबाद दिल्ली के अलावा थाना नगर और कप्तानगंज में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट के सात मुकदमे दर्ज हैं। जितेंद्र चौहानपुर कप्तानगंज व नगर थाने में चोरी के चार, जीशान अल्वी और प्रदीप पर कप्तानगंज व नगर थाने में चोरी के तीन-तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# योजना बनाते चार अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

## पकड़े गए चोरों में से दो दिल्ली, एक अलीगढ़ और एक बस्ती का रहने वाला

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** कप्तानगंज पुलिस ने चार अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक तमंचा, एक कारतूस व चोरी करने के औजार बरामद हुए हैं। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के बाद चोरी की चार घटनाओं के पर्दाफाश का दावा किया है।

थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि उन्हें देररात सूचना मिली कि कुछ लोग प्राथमिक विद्यालय जसईपुर के पास मौजूद हैं जो चोरी की योजना बना रहे हैं। वह अपनी टीम के साथ रात तीन बजे के करीब वहां पहुंचे तो मौके पर चार युवक मिले। पुलिसकर्मियों को अचानक वहां देख वे भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। उनकी पहचान महेश सिंह निवासी ग्राम खलवा थाना दुबौलिया जनपद बस्ती, जितेंद्र चौहान निवासी निवासी जखौता थाना घवाना जनपद अलीगढ़, जिशान अल्वी व प्रदीप कुमार निवासी भलेश्वर डेरी स्वामी श्रद्धानन्द पार्क, मंगल बाजार रोड, थाना भलेश्वर डेरी दिल्ली के रूप में हुई। बताया कि पकड़े गए आरोपित कप्तानगंज थाना क्षेत्र में तीन व नगर थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना में वांछित थे।




कप्तानगंज थाने में पकड़े गए अंतरराज्यीय चोर व पुलिस टीम •जागरण

### महेश पर सात तो जितेंद्र पर दर्ज हैं चार मुकदमे

थानाध्यक्ष ने बताया कि महेश सिंह पर कुल सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें दिल्ली के रोहिणी जिले के थाना अलीपुर व थाना बवाना में लूट, थाना वजीराबाद नई दिल्ली में चोरी का मुकदमा पहले से दर्ज है। चार अन्य आपराधिक मुकदमों में बस्ती जनपद के कप्तानगंज थाने में दर्ज तीन व नगर थाने में एक मुकदमा शामिल है। वहीं जितेंद्र चौहान पर कुल चार मुकदमे दर्ज हैं। इनमें कप्तानगंज में तीन व नगर थाने में दर्ज एक मुकदमा शामिल है। जिशान और प्रदीप कुमार पर तीन-तीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। इनमें दो कप्तानगंज व एक नगर थाने में दर्ज है।

**महेश सिंह है गिरोह का सरगना:** थानाध्यक्ष ने बताया कि महेश सिंह गिरोह का सरगना है। वह दिल्ली में रहता था, वहीं उसने अपना एक गिरोह बना लिया। उसने दिल्ली में घटनाओं को अंजाम देने के बाद बस्ती में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देना शुरू किया। वह अपने साथियों के साथ बस्ती आता था और घटना को अंजाम देकर दिल्ली भाग जाता था।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :** अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उप निरीक्षक जावेद खान, जयशंकर पांडेय, प्रधान आरक्षी धर्मदेव, रणविजय सिंह, एसपी चौहान व सतीश चंद शामिल हैं।

# परीक्षार्थी की जगह दूसरा युवक परीक्षा देते पकड़ा गया



अशोक इंटर कालेज छावनी में निरीक्षण करते एसडीएम गुलाब चंद्र ● सौ.स्वयं



किसान इंटर कालेज मरहा में निरीक्षण करतीं डीएम प्रियंका निरंजन ● सौ.सूचना विभाग

**जागरण संवाददाता,वस्ती:** सीसीटीवी की निगरानी में चल रहे यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में एक परीक्षार्थी की जगह दूसरा युवक परीक्षा देता पकड़ा गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

शुक्रवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की कृषि व इंटरमीडिएट के मानव विज्ञान, ट्रेडिंग आटोमोबाइल्स, आइटी, आइटीईएस, हेल्थ केयर विषय की परीक्षा हुई। प्रथम पाली सुबह आठ से 11.15 बजे की परीक्षा में हाईस्कूल के 433 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 27 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट में दो परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था मगर अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। दो बजे से

**● 2732 लोगों ने छोड़ी परीक्षा, केंद्र का भ्रमण करते रहे अधिकारी**

3.15 बजे तक हुई परीक्षा में 31516 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 2703 अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सचल दल व अधिकारी केंद्रों का भ्रमण करते रहे। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने द्वितीय पाली में किसान इंटर कालेज, मरहाकटया में निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाचार्य कक्ष में स्थापित मॉनिटर पर सीसी कैमरे का अवलोकन किया। कक्षाओं में जाकर परीक्षा को भी देखा। उन्होंने प्रधानाचार्य रामबचन वरुण के साथ बी कापी रजिस्टर का निरीक्षण किया। साथ ही अवशेष 88 कॉपियों का मिलान किया। इस अवसर पर

**● पकड़े गए परीक्षार्थी के खिलाफ दर्ज कराया गया मुकदमा**

जिलाधिकारी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट संतोष कुमार ने परीक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

152 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे में विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में आदर्श इंटर कालेज मखौड़ा धाम में परीक्षार्थी मो. आलम निवासी इटवा थाना परशुरामपुर की जगह समीत कुमार परीक्षा देता पकड़ा गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

**एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों पर की छापेमारी**

**जासं, हर्रैया, वस्ती :** छावनी थाना क्षेत्र के लतीफिया इंटर कॉलेज में चल रही यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की दूसरी पाली की परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना पर एसडीएम गुलाबचंद व छावनी थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय का स्ट्रांग रूम, परीक्षा हॉल, सिटिंग प्लान, सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया।

विद्यालय में कोई गड़बड़ी नहीं मिली। एसडीएम ने कक्ष निरीक्षकों की सूची व बोर्ड परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र व आधार कार्ड का शत-प्रतिशत मिलान करवाकर प्रवेश दिलाने का सख्त निर्देश दिया। इसके बाद अशोक इंटर कॉलेज व उर्मिला शिक्षा निकेतन संस्थान राम रेखा का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने बारी-बारी से सभी कक्षों का निरीक्षण किया। सभी विद्यालय में सीसी कैमरे चालू मिले।

# टावर गिरने के मामले में अज्ञात पर मुकदमा

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के भौखरी विद्युत प्लांट के अन्तर्गत घारीघाट जाने वाले लाइन में बभनान नगर पंचायत के अंबेडकरनगर में टावर गिरने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। टावर गिरने के 21 दिन बाद परियोजना प्रबंधक शिवकुमार तिवारी ने तहरीर दी, जिसमें बताया कि भौंखरी से घारीघाट जाने वाली लाइन में 132 केवीए टावर लगाने का कार्य चल रहा है। अंबेडकरनगर बभनान में टावर बनकर तैयार था और विद्युत तार के खिंचाई का काम पूरा हो चुका था। इससे पहले टावर के सपोर्ट में लगे स्टीक तार को अज्ञात लोगों ने छेड़छाड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे टावर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया है। थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात व्के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद

# सैनिक सम्मान के साथ फौजी को दी गई अंतिम विदाई

संवाद न्यूज एजेंसी

छावनी थाना क्षेत्र के कौवाडाड़ के निवासी थे नायक राज कुमार

हिसार में ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुकने से हुई थी मौत

छावनी। थल सेना में नायक के पद पर तैनात कौवाडाड़ निवासी राज कुमार शर्मा (47) की ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गई। वह हिसार हरियाणा में आर्म्ड रेजिमेंट में नायक के पद पर तैनात थे। बुधवार सुबह आठ बजे उनकी मृत्यु की बात बताई जा रही है।

शुक्रवार सुबह उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव कौवाडांड लाया गया। शव पहुंचते ही गांव में चीखपुकार मच गई। पूर्व ब्लॉक प्रमुख हर्रैया योगेंद्र सिंह ने फौजी के घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी। विधायक अजय सिंह ने फौजी की मौत पर शोक व्यक्त किया है। छावनी थाना क्षेत्र के कौवाडांड़ निवासी राजकुमार शर्मा पुत्र स्व. राजाराम शर्मा वर्ष 2002 में अहमदनगर महाराष्ट्र में थल सेना में भर्ती हुए थे। मृतक के बाबा, पिता राजाराम शर्मा व भाई सेवानिवृत्त हवलदार अशोक कुमार शर्मा फौज में नौकरी कर चुके हैं। 23 वर्षीय बेटा विकास फौज में जाने का सपना पाले हुए है। फौजी का तिरंगे में लिपटा शव डुहवा मिश्र गांव के एक होटल में बृहस्पतिवार को रात 11 बजे के बाद रेजिमेंट के अधिकारियों के साथ पहुंचा। इसके बाद होटल के बाहर लोगों का तांता लगा रहा। शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया।

गॉर्ड ऑफ ऑनर, शोक सभा व सलामी के बाद सैनिक सम्मान के फौजी का अंतिम संस्कार बीड़ी बांध के ठोकर नंबर 10 पर किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पांडेय व ग्राम प्रधान पति बबलू चौधरी व्यवस्था में मुस्तैद रहे।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-02-2023

# तीन दोषियों को न्यायालय ने सुनाई 10-10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

सिद्धार्थनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने घर में घुसकर सामूहिक रूप से मारपीट करके हत्या के प्रयास करने एवं विस्फोटक पदार्थ रखने के दोषियों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। घटना 30 मई 2012 के रात करीब 1 बजे की थी जो ढेबरुआ थानाक्षेत्र के ग्राम तालकुंडा टोला केवटली में घटी थी।

चौन चौधरी पुत्र बेचन ने थाने पर तहरीर दिया था कि उसके ही पड़ोसी शब्बीर, रफीक, शफीक, बब्बू हत्या करने की नीयत से घर में घुसकर कट्टे से फायरिंग करते हुए उसके लड़के समद को बम मारकर घायल कर दिए। लड़के की हालत गंभीर होने की वजह से उसका दवा इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है हल्ला गुहार पर वो लोग तमंचा लहराते हुए भाग गए। पुलिस ने घटना की एफआईआर दर्ज करके विवेचना किया । विवेचना के बाद आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेकर विचारण शुरू किया। विचारण के दौरान उपस्थित गवाहों की गवाही, जिरह, चिकित्सा प्रपत्र एवं अन्य सुसंगत कागजातों तथा मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर दोनों पक्षों की अंतिम बहस सुनने के बाद सभी आरोपियों को दोषी ठहराया- जबकि अभियुक्त शब्बीर की दौरान विचारण मृत्यु हो गयी थी।

सजा के बिंदु पर न्यायालय ने पुनः सुनवाई किया और सभी दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक को 1 लाख 40 हजार रुपये के जुर्माने से भी दण्डित किया है। जुर्माने की सम्पूर्ण धनराशि का 75 फीसदी हिस्सा पीड़ित पक्ष को देने का आदेश भी न्यायालय ने दिया है। राज्य सरकार की तरफ से पीड़ित पक्ष की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने किया।

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

खेसरहा (एसएनबी) । खेसरहा पुलिस ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने से सम्बन्धित मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। खेसरहा थाना क्षेत्र के ही बौंडिहार निवासी 44 वर्षीय सुरेन्द्र उर्फ नाटे पुत्र चन्द्रभान ने बृहस्पतिवार को अपने ही गांव निवासी प्रमोद उर्फ पिंटू के विरुद्ध तहरीर देकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया था। घायल सुरेन्द्र उर्फ नाटे का मेडिकल परीक्षण करवा कर पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में लगी थी!, जिसे चौकी इंचार्ज कुर्थिया अमित कुमार की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। उक्त बावत थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि सुरागरसी के आधार पर बौड़िहार निवासी आरोपी प्रमोद उर्फ पिन्टू पुत्र सभापति को पुलिस टीम ने घटना के 24 घंटे के भीतर बौड़िहार नदी के पुल से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दियां। पुलिस टीम में का. अजीत यादव व का. अंकित प्रसाद भी शामिल रहे।

# हत्या के प्रयास में चार को 10 साल की हुई सजा

**आदेश**

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-02 न्यायाधीश हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने हत्या के प्रयास के एक मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर 1. 40 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

शब्बीर पुत्र सल्लर, शफीक व रफीक पुत्र शब्बीर व बब्बू उर्फ अब्दुल हमीद पुत्र हनीफ निवासी तालकुण्डा टोला केवटवी थाना ढ़ेबरुआ के खिलाफ थाना पर धारा 34, 307, 452, 326 व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज था। जज ने मामले की सुनवाई के दौरान आरोपों को सही पाया।

शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए सभी को 10 साल की सजा व 1.40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। शासन की ओर से पैरवी राजेश त्रिपाठी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने की।

# डीजे बजाने पर कार्रवाई

**जासं, खेसरहा, :** होली को लेकर शुक्रवार को खेसरहा थाना परिसर में डीजे बजाने वालों की एक बैठक आयोजित की गई । थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने लोगों से होली के पर्व पर डीजे न बजाने के लिए निर्देश दिया और कहा कि यदि यह बजा तो कार्रवाई तय है। मानक अनुरूप एक साउंड बजाया जा सकता है । कहा कि जो भी क्षेत्र के किसी भी गांव, चौराहे पर डीजे का प्रयोग कर होली पर्व पर अशांति का माहौल पैदा करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या के प्रयास में तीन को 10 वर्ष की सजा

- **जुर्माना न अदा करने पर भुगतना होगा एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास**
- **ढेबरुआ थाना क्षेत्र के केवटली गांव में वर्ष 2012 में हुई थी घटना**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के तालकुंडा ग्राम पंचायत के केवटली गांव में वर्ष 2012 में 29 अगस्त की रात घर में घुसकर बम से हुए हमले के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हिमांशु दयाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने शुक्रवार को तीन आरोपितों को दस-दस वर्ष की कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रत्येक को एक लाख 40 हजार रुपये के अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न अदा करने पर एक-एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।



गांव निवासी चैन चौधरी पुत्र बेचन ने पुलिस को दिये तहरीर देकर कहा कि उसका विपक्षी से भूमि विवाद चल रहा था। इसी रंजिश को लेकर आरोपित घटना की रात एक बजे हत्या करने की नीयत से उसके घर में शब्बीर, रफीक, सफीक व बब्बू उर्फ अब्दुल हमीद उनके घुस में आए और कट्टा लहराने लगे। इसी दौरान प्रार्थी के लड़के समद को बम से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना को रिश्तेदार सिद्दीकी पुत्र सल्हार निवासी भुतहिया व परिवार के लोगों ने लालटेन की रोशनी में आरोपितों की पहचान की। पुलिस ने मामले में 26 अगस्त 2024 को कोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई चल रही थी इसी दौरान शब्बीर की मृत्यु हो गयी। कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात रफीक, सफीक व बब्लू उर्फ अब्दुल हमीद को उक्त सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश त्रिपाठी ने किया।

# इटवा तहसील क्षेत्र में अवैध खनन, अफसर मौन

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर :** तहसील क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। रात के अंधेरा हो या भोर में, जब देखे खनन हो रहा है। कहीं पूरी तरह से अवैध मिट्टी खोदाई हो रही है तो कहीं थोड़ी रायल्टी जमा करके उसकी आड़ में कई-कई फिट खोदाई की जा रही है।



टेउवाग्रांट-रामनगर मार्ग पर ट्राली पर लदी मिट्टी ● जागरण



कठेला जनूबी के ऊंचडीह के पास खनन में लगी बुलडोजर व ट्रैक्टर-ट्राली ● जागरण

- **खनन से गायब हो चुका सोनवा नाला टीला**
- **टेउवा, मटेहना में धड़ल्ले से हो रहा खनन**

> पिछले दिनों खनन को लेकर उन्होंने स्वयं जांच की थी। रायल्टी लेकर मिट्टी खोदाई का मामला सामने आया था। इधर अगर अवैध खनन किया जा रहा है, नियम के विरुद्ध खोदाई की जा रही है तो इसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। **विकास कश्यप**, उपजिलाधिकारी - इटवा

तहसील अंतर्गत खुनियांव ब्लाक क्षेत्र खनन माफियों के लिए काफी मुफीद माना जाना है। सोनवा नाला के बगल में टेउवाग्रांट, मटेहना, इटवा ब्लाक के चूहीग्रांट का अधिकतर भूभाग पर वर्षों से ईंट भट्ठा स्वामियों की ओर से खनन का कार्य किया जा रहा है। इस क्षेत्र की पीली मिट्टी ईंट बनाने के लिए सबसे अच्छी किस्म की मिट्टी के रूप में मानी जाती है।

इसी कारण नजदीकी ईंट भट्ठों साथ ही जनपद के दूर क्षेत्र के भट्ठा स्वामियों की नजर भी इस क्षेत्र की मिट्टी पर रहती है।

सोनवा नाला के बगल के क्षेत्र में फैले भूभाग पर वर्षों से चल रहा खनन आज भी जारी है। इधर कई दिनों से रात में और भोर में यहां खनन होता और ट्रैक्टर-ट्राली पर मिट्टी ढोई जाती देखी गई। खनन की वजह से सोनवा नाले के बगल का टीला गायब ही हो चुका है। इधर कठेला जनूबी के ऊंचडीह में जेसीबी व कई ट्रैक्टर-ट्राली खनन में लगी रहीं। पुलिस व तहसील प्रशासन दोनों का रवैया सवालों के घेरे में है। कार्रवाई कौन कहे, जांच तक नहीं की जा रही है।





चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मी व सिविल सिद्धार्थ बार एसोशिएशन के लिए हो रहे मतदान से पूर्व सूची में नाम देखते अधिवक्तागण ● जागरण

# 20 दावेदारों का भाग्य मतपेटिका में बंद

## सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन चुनाव, 576 मतदाताओं ने किया सात पदों के लिए मतदान

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में शुक्रवार को सात पदों के लिए मतदान हुआ। इस दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। सात पदों के लिए 20 प्रत्याशी मैदान में थे, जिनके भाग्य मतपेटी में हुए कैद हो गये हैं। मतदान समाप्त होने पर कुल 95.84 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना आज सुबह नौ बजे से शुरू होकर अंतिम परिणाम आने तक चलेगा।



मतदान करते अधिवक्ता ● जागरण

चुनाव में अध्यक्ष के एक पद के सापेक्ष छह प्रत्याशी इन्दु कुमार सिंह, हरिहर प्रसाद पाठक, राधेश्याम मिश्र, श्रवण कुमार पाण्डेय, नरेन्द्र कुमार भार्गव, सैय्यद सरवर अनवार ने दावेदारी की।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद के लिए तीन उम्मीदवार बालकृष्ण शुक्ल, रविशंकर शुक्ल, रमाकर पांडेय मैदान में हैं। महामंत्री पद के एक पद के लिए चार प्रत्याशी कृपाशंकर त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रमोद कुमार मौर्य, सिद्धनाथ पाण्डेय मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए राजेश कुमार मिश्र व प्रदीप कुमार सिंह मैदान में हैं। उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए तीन उम्मीदवार मनीष सहाय श्रीवास्तव, बृजेश प्रताप सिंह, कैलाश नाथ गिरि एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद के लिए दो उम्मीदवार शेषमणि प्रजापति एवं अरूण कुमार त्रिपाठी मैदान में हैं।

### 95.84 प्रतिशत अधिक्ताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के चुनाव में 601 मतदाताओं में से 576 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अर्थात 95.84 प्रतिशत अधिवक्ताओं ने मतदान किया। मतदान को लेकर सुबह से ही मतदेय स्थल पर अधिवक्ताओं की भीड़ दिखनी शुरू हो गई थी। स्थिति यह रही कि दोपहर 12 बजे तक कुल 200 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दो बजे तक 350, शाम चार बजे तक कुल 562 मत पड़े। जबकि टेंडर मतों की संख्या कुल 14 है। इस दौरान अधिवक्ता रमेश पाण्डेय उप मुख्य चुनाव आयुक्त, अधिवक्ता नागेंद्र नाथ त्रिपाठी निर्वाचन अधिकारी की भूमिका में रहे।

# नियम का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

खोसराहा। स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने डीजे संचालकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मानक अनुरूप साउंड बजाया जा सकता है। नियम की उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान चौकी इंचार्ज सरकारपार रमेश कुमार साहनी, विरेंद्र कुमार राय, राजेश, सर्वेश राय, मनोज कुमार यादव, मदन आदि मौजूद रहे। संवाद

# हत्या के प्रयास के तीन दोषियों को 10-10 साल की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने घर में घुसकर सामूहिक रूप से मारपीट करके हत्या का प्रयास करने के तीन दोषियों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

घटना ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम तालकुंडा के टोला केवटली में 30 मई 2012 की रात हुई थी। केवटली निवासी चैन चौधरी पुत्र बेचन ने थाने पर तहरीर दिया कि उसके पड़ोसी शब्बीर, रफीक, शफीक, बब्बू हत्या करने की नीयत से घर में घुसकर कट्टे से फायरिंग करते हुए उसके लड़के समद को बम मारकर घायल कर दिए। उसके बाद तमंचा लहराते हुए भाग गए।

लड़के की हालत गंभीर होने की वजह से उसका दवा इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। पुलिस ने घटना की एफआईआर दर्ज करके विवेचना किया। विवेचना के बाद

## ढेबरुआ थानाक्षेत्र के ग्राम तालकुंडा टोला केवटली में हुई थी घटना

आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान गवाह एवं साक्ष्य के आधार पर सभी आरोपियों को दोषी ठहराया गया।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान ही अभियुक्त शब्बीर की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने सभी दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

प्रत्येक को 1.40 लाख रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि का 75 फीसदी हिस्सा पीड़ित पक्ष को देने का आदेश भी न्यायालय ने दिया है। राज्य सरकार की तरफ से पीड़ित पक्ष की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने की।

# सिसकियों के बीच गुजरी रात बेटियों को समझाते रहे ग्रामीण

## मां और बहन का साथ छूटने से बदहवास हो जा रहीं चारों बहनें

**अमर उजाला फॉलोअप**

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर/मिश्रौलिया।** रेहरा गांव में मां और बेटी पर ही नहीं पूरे कुनबे पर बिजली गिरी है।

घर को संभालने में मां और बड़ी बहन ही थीं, जिनकी मौत से परिवार बिखर गया। इस हादसे ने न केवल मां-बेटी की जिंदगी छीन ली, बल्कि चार बेटियों के सपने भी छीन लिया है।

मां और बहन का साथ छूटने से चार बहनों की सिसकियां लोगों के कलेजे को हिला दे रहीं थीं। पूरा गांव से इस मातम से उबर नहीं पा रहा है।

मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के रेहरा गांव में बृहस्पतिवार को प्याज की निराई करते समय बिजली का तार टूटकर गिरने से गांव निवासी रामस्वरूप की पत्नी मीना और बेटी ऊषा की मौत हो गई थी।

मौत के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को भी गांव में मातम का माहौल दिखाई दिया गांव में सन्नाटा था और मृतका के घर के आसपास लोगों का समूह जुटा था। हर कोई घटना से दुखी था।



मिश्रौलिया क्षेत्र के रेहरा गांव में मीना और ऊषा के घर पर मौजूद ग्रामीण। संवाद

### गरीबी में जीवन यापन कर रहा परिवार

*गांव के लोगों का कहना है कि रामस्वरूप का परिवार गरीबी में जीवन यापन कर रहा है। घर की दीवार खड़ी है, लेकिन छत नहीं लगा है। बारिश और ठंड से बचने के लिए सीमेंट की सीट को घर पर डाल रखा है। आगे पॉलीथिन डालकर जीवन बसर करते थे। पानी पीने के लिए अंदर ही एक देसी नल लगा रखा है।*

### मीना के मायके वाले पहुंचे

***मृतका** मीना का मायका कठेला समय माता थाना क्षेत्र के खड़सरी गांव में है। मौत की खबर मिलने के बाद देर शाम उसकी मां और तीन बहन, दो भाई और भाभी पहुंचे। मीना के पति रामस्वरूप बृहस्पतिवार देर शाम मुंबई से निकल चुके थे। शुक्रवार दोपहर इंदौर पहुंचे थे। शनिवार सुबह उनके पहुंचने की उम्मीद है। उसके पहुंचने के बाद ही दोनों को अंतिम संस्कार हो पाएगा।*

### अंधेरे में कटी रात

***ग्राम** प्रधान कपिलदेव ने बताया कि घटना के बाद से बिजली निगम के जिम्मेदारों को कई बार जानकारी दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे लाइनमैन पहुंचे, इसके बाद बिजली आपूर्ति शुरू हुई। विपदा वाली रात किस तरह से कटी यह हम जान रहे हैं। 300 की आबादी अंधेरे में रही, लेकिन किसी ने सुधि नहीं ली।*

काफी समझाने के बाद आशा (16), अंशू (15) नीलू (13) और सुलोचलना (6) ने खाना खाया। रात में एकाएक बेटियों के सिसकने से मौजूद लोग रो पड़ते थे। किसी तरह से रात कटी।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-02-2023

# विद्यार्थी व आजमन को पुष्प देकर किया स्वागत

संतकबीरनगर (एसएनबी)। यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों के माध्यम से लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं यातायात नियमों का पालन न करने वालों का ई चालान भी किया गया। यातायात विभाग सहित जिले के सभी थानों क्षेत्रों में 69 वाहनों से 91 हजार 500 ₹ शमन शुल्क वसूल किया गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस के नेतृत्व में यातायात कर्मियों द्वारा मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद पर स्कूली बच्चों आराध्या मौर्या, दिव्या मौर्या तथा आमजन को गुलाब का पुष्प भेंटकर



यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। प्रभारी यातायात ने आने-जाने वाले वाहन चालकों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, शराब का सेवन कर वाहन कदापि न चलाने आदि के संबंध में जागरूक करते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कर सुरक्षित अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के संबंध में जागरुक किया। इस दौरान मु.आ. अजय राय, मु.आ. राम प्रकाश, आ. प्रमोद, आ. राममगन भारती मौजूद रहे। इसी क्रम में सभी थाना क्षेत्रों में वाहनों-संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष-प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान 69 वाहनों से 91 हजार 500 ₹ शमन शुल्क वसूल किया गया।

# डीएम ऑफिस पर एसएसबी जवान ने की आत्मदाह की कोशिश



डीएम परिसर में अपने ऊपर डीजल डालकर आत्मदाह की कोशिश करता जवान

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिलाधिकारी कार्यालय पर शुक्रवार को एक एसएसबी के जवान ने अपने ऊपर डीजल डालकर माचिस से आग लगाकर आत्मदाह करने की कोशिश करने लगा जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। अधिकारी से लेकर कर्मचारी और सुरक्षा कर्मी किसी तरह से उसके हाथ से माचिस छीन लिए और उसे समझा बुझाकर शांत कराया। जवान का आरोप है कि उसकी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है जिसकी शिकायत पुलिस चौकी मगहर पर की लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद उसने आत्मदाह करने का निर्णय लिया। युवक रघुनंदन यादव पुत्र जोखन यादव ग्राम निवरहर थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर का निवासी है और अपने आपको एसएसबी का जवान बता रहा है। उसने कहा कि वह जनपद सिद्धार्थनगर में एसएसबी में सिपाही पद तैनात है। इस संबंध में पूछे जाने पर उपएसडीएम खलीलाबाद रमेश चन्द्र ने बताया कि मामले का संज्ञान लेकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया है। मामले में दोनों पक्षों को शनिवार को दस्तावेजों के साथ बुलाया गया है। उनके दस्तावेजों को देखने के बाद जो भी निष्कर्ष निकलकर सामने आएगा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में पूछे जाने पर अपर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि रघुनंदन यादव पुत्र जोखन यादव ग्राम निवरहर थाना सहजनवां गोरखपुर जनपद द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर माचिस से आग लगाने का प्रयास कर रहा था। प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के द्वारा इन्हें बचा लिया गया। पूछताछ में रघुनंदन यादव ने बताया है कि मगहर में वह अपनी पत्नी के नाम से जमीन का बैनामा लिया था। इस जमीन को मगहर के रहने वाले वसीम अहमद से लिया था। वसीम अहमद के ही सह खातेदार जाफर अली के द्वारा उक्त जमीन को अपना बताया जा रहा है। उक्त जमीन पर शुक्रवार को निर्माण कार्य किया जा रहा था। रघुनंदन यादव प्रार्थना पत्र लेकर डीएम कार्यालय आये हुए थे और इनके द्वारा अपने ऊपर डीजल डालकर आत्मदाह की कोशिश की गई। पुलिस द्वारा इनको अपने कब्जे में लिया गया है। दोनों पक्षों के विरुद्ध 151 की कार्रवाई की जा रही है। राजस्व विभाग एवं पुलिस टीम संयुक्त रूप से पूरे प्रकरण की जांच के लिए मगहर गई हुई है।

## न्याय की उम्मीद में दौड़ता रहा...

**जवान ने कहा, किस-किस के पास न्याय को जाऊं, जब कोई सुनने को तैयार ही नहीं**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। मुझे इधर से उधर दौड़ाया जा रहा है। पहले पुलिस चौकी से लेकर थाने का चक्कर लगाया कि मुझे न्याय मिल जाएगा लेकिन न्याय तो दूर की बात है कोई भी मेरी फरियाद सुनने को तैयार नहीं है। साहबों के चौखट पर पहुंचा लेकिन वहां भी न्याय का कोई रास्ता नहीं दिखायी दिया। जिस किसी के पास पहुंचा वह मात्र अपना कोरम पूरा कर मामले में टालमटोल करते नजर आये। मैं चारो तरफ दौड़कर थक हार गया हूं। मजबूर होकर मैंने आत्मदाह का फैसला लिया और जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर अपने ऊपर डीजल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों- कर्मचारियों ने उसे रोक दिया। यह दर्द एसएसबी जवान रघुनंदन यादव है जो शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह करने पहुंचा था। वह ग्राम निवरहर थाना सहजनवां गोरखपुर का निवासी है। जवान ने कहा कि मैं कुछ भी हो जाता तो भी मुझे कोई परवाह नहीं क्योंकि जब मेरा सब कुछ छिन जाएगा तो मैं और मेरा परिवार जी करके क्या करेगा। मुझे न्याय चाहिए, नहीं तो मैं आत्मदाह कर लूंगा। मुझे कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। कब तक मैं इधर-उधर दौड़कर और किस-किस के आगे न्याय की फरियाद लेकर जाऊं। जब मेरी कहीं सुनवाई नहीं तो मेरे पास सिर्फ यही एक रास्ता था कि मैं अपने आप को ही खत्म कर लूं।

**जवान से मनुहार करते रहे अधिकारी-कर्मचारी** : जिलाधिकारी आफिस पर अपने ऊपर डीजल डालकर आत्मदाह की कोशिश कर रहे जवान को किसी तरह से बचाने के लिए जन सुनवाई में बैठे उप जिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव सहित अन्य कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कर्मचारी तथा सुरक्षाकर्मी दौड़कर आये और उससे आत्मदाह न करने की मनुहार करने लगे। अधिकारियों ने कहा कि आत्मदाह न करो। अभी त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मामले में संबंधित को बुलाकर इसका निस्तारण किया जाएगा। अधिकारियों की सूझबूझ से एक सुरक्षाकर्मी ने जवान के हाथों से माचिस छीन लिया। उसके बाद अधिकारियों के समझाने के बाद जवान माना। **आत्मदाह करने को लेकर मचा हड़कंप** : जवान के आत्मदाह करने को लेकर पूरे जिलाधिकारी कार्यालय में हड़कंप मच गया। पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। अधिकारी से लेकर कर्मचारी और फरियादी हर कोई उसे बचाने में लग गया। इस घटना ने डीएम आफिस सहित पूरे जिले में चर्चाएं भी तेजी से होने लगी।

## राजस्व विभाग व पुलिस टीम ने निर्माण रोकवाया

संतकबीरनगर/मगहर (एसएनबी)। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी मगहर के निकट शुक्रवार को बैनामे की जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। भूमि विवाद से परेशान एसएसबी के जवान ने न्याय मिलने की आस नहीं दिखाई देने पर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर आत्मदाह करने की कोशिश की। उसके बाद प्रशासन हरकत में आया और निर्माण कार्य को रोकते हुए दोनों पक्षों को कागजात के साथ उपस्थित होने को कहते हुए मामले को शांत कराया गया। वहीं इस पूरे प्रकरण की जांच राजस्व विभाग एवं पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर की।

नगर पंचायत मगहर के पुलिस चौकी के निकट दक्षिण जमीन की प्लाटिंग की गई है। इसी प्लाटिंग की जमीन में कई लोगों ने भूमि खरीदा है। रघुनन्दन यादव ग्राम निवरहर थाना सहजनवां गोरखपुर सहित अन्य लोगों ने प्लाटिंग की जमीन को खरीदा है। रघुनन्दन का आरोप है कि शुक्रवार को पचास से अधिक मिस्त्री और मजदूरों द्वारा जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य को रोकने के लिए कहने लगा। जिस पर विपक्षी विवाद करने पर अमादा हो गए। रघुनन्दन का आरोप है कि अपनी जमीन में टीन शेड डाल रखा था। उसे गिरा कर जबरिया कब्जा करने को शिकायत सभी सक्षम अधिकारियों से किया लेकिन उसके दर्द को किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा नहीं सुना जा रहा है। काश्तकार एखलाक पुत्र जाफर अली उर्फ नौवर निवासी खलीलाबाद का आरोप है कि उनकी जमीन को जमीन के दलालों ने बेच दिया। उन्हें जब मालूम हुआ तो जमीन के दलालों से बचने के लिए जयदीप मिश्रा ग्राम भीमापार थाना सहजनवां गोरखपुर से उक्त भूमि का करारनामा कर दिया। जिस पर उनके द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आया और उप जिलाधिकारी सदर रमेश चंद्र ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच निर्माण कार्य को बंद कर दोनों पक्षों को साक्ष्यों के उपस्थित होने को कहा। इसके साथ ही तब तक किसी के द्वारा कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।

संतकबीरनगर/मगहर (एसएनबी)। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी मगहर के निकट शुक्रवार को बैनामे की जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। भूमि विवाद से परेशान एसएसबी के जवान ने न्याय मिलने की आस नहीं दिखाई देने पर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर आत्मदाह करने की कोशिश की। उसके बाद प्रशासन हरकत में आया और निर्माण कार्य को रोकते हुए दोनों पक्षों को कागजात के साथ उपस्थित होने को कहते हुए मामले को शांत कराया गया। वहीं इस पूरे प्रकरण की जांच राजस्व विभाग एवं पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर की। नगर पंचायत मगहर के पुलिस चौकी के निकट दक्षिण जमीन की प्लाटिंग की गई है। इसी प्लाटिंग की जमीन में कई लोगों ने भूमि खरीदा है। रघुनन्दन यादव ग्राम निवरहर थाना सहजनवां गोरखपुर सहित अन्य लोगों ने प्लाटिंग की जमीन को खरीदा है। रघुनन्दन का आरोप है कि शुक्रवार को पचास से अधिक मिस्त्री और मजदूरों द्वारा जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य को रोकने के लिए कहने लगा। जिस पर विपक्षी विवाद करने पर अमादा हो गए। रघुनन्दन का आरोप है कि अपनी जमीन में टीन शेड डाल रखा था। उसे गिरा कर जबरिया कब्जा करने को शिकायत सभी सक्षम अधिकारियों से किया लेकिन उसके दर्द को किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा नहीं सुना जा रहा है। काश्तकार एखलाक पुत्र जाफर अली उर्फ नौवर निवासी खलीलाबाद का आरोप है कि उनकी जमीन को जमीन के दलालों ने बेच दिया। उन्हें जब मालूम हुआ तो जमीन के दलालों से बचने के लिए जयदीप मिश्रा ग्राम भीमापार थाना सहजनवां गोरखपुर से उक्त भूमि का करारनामा कर दिया। जिस पर उनके द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आया और उप जिलाधिकारी सदर रमेश चंद्र ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच निर्माण कार्य को बंद कर दोनों पक्षों को साक्ष्यों के उपस्थित होने को कहा। इसके साथ ही तब तक किसी के द्वारा कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।

### जनप्रतिनिधि, पुलिस व प्रॉपर्टी डीलर के गठजोड़ से जिले में दम तोड़ रही फरियाद

# कहीं नहीं हुई सुनवाई तो की आत्मदाह की कोशिश

**निराशा**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर सेवानिवृत्त एसएसबी जवान रघुनंदन ने यू हीं नहीं अपने ऊपर डीजल उड़ेलकर आत्मदाह करने का प्रयास किया, उसे हर जगह से मदद की उम्मीद खत्म हो गई थी। जनप्रतिनिधि, पुलिस और प्रॉपर्टी डीलर के गठजोड़ और उनकी ताकत का एहसास उसे हो गया था। जिस तरह से दर्जनों लोग उसके घर पर धमके और जनप्रतिनिधि का नाम लेकर धमकाते हुए कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिए इससे वह हताश हो गया।

रघुनंदन बार-बार यही कहता नजर आया कि जब उसका घर हीं नहीं रहेगा तो वह जी के क्या करेगा। उसके इस कदम ने पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया ही साथ ही जनप्रतिनिधि को भी, कटघरे में खड़ा करने का काम किया। अधिकारी दबाव में भी नजर आए। रघुनंदन के द्वारा कदम उठाए जाने के सभी सकते में आ गए और कार्रवाई किए जाने की बात कहते दिखे। लेकिन शायद पूर्व की तरह ही इस प्रकरण में भी राजनीतिक दबाव भारी पड़ेगा।

मगहर में प्रापर्टी डीलर जमीनी विवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। ये भूमि की नही कागज की खरीद फरोख्त करते हैं। इस खेल में बाग, तालाब, खलिहान की भूमि को टारगेट करते हैं और रसूख के बल पर स्वंय बंटवरा करते हैं। यही विवाद का कारण बनता है और जब गरीब काश्तकार को न्याय नही मिल पाता तो वह आत्महत्या करने को मजबूर होता है। इस भूमि विवाद में पूर्व में एक व्यक्ति की हत्या भी हो चुकी है। यहां एक ही जमीन का कई बार सौदा करते हैं। एक जमीन दो बार बैनामे को लेकर मुकदमा भी हो चुका है। हालत यह है कि दलाल बाग, तालाब, खलिहान की भूमि को मात्र एग्रीमेंट करा न केवल जबरिया कब्जा करते हैं बल्कि राजस्व टीम के पैमाईस में हस्तक्षेप से इनकार करने के बाद बंटवारा भी खुद करते हैं। यही विवाद का कारण बनता है और काश्तकार संतुष्ट नही होता है। जो न्याय के लिए दर -दर भटकता है। जब उसे न्याय नही मिलता है तो आत्महत्या के लिए मजबूर होते हैं। इसी का उदाहरण है शुक्रवार को कलक्ट्रेट की घटना। इसी तरह दो वर्ष पूर्व भूमि विवाद में काजीपुर निवासी मोहम्मद याकूब को दबंगों ने लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी।



आत्मदाह का प्रयास करने वाले रघुनंदन को ले जाती कोतवाली पुलिस। • हिन्दुस्तान

## विधायक समर्थक पर भूमि कब्जाने का आरोप

संतकबीरनगर के कलवट्रेट परिसर में शुक्रवार को सेवानिवृत्त एसएसबी जवान रघुनंदन यादव के खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश से अफरातफरी मच गई। डीजल से तरबतर रघुनंदन एक विधायक के समर्थक पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाता रहा। प्रभारी डीएम अभय कुमार मिश्र के समक्ष भी आरोप लगाया कि विधायक के समर्थक जेल भेजवाने व मारने की धमकी दे रहे हैं। हालांकि, वह विधायक का नाम लेने से कतराता रहा। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद दोनों पक्षों पर कार्रवाई की जा रही है।


" रघुनंदन ने खुद को जलाने का प्रयास किया। पुलिस व प्रशासन ने उसे रोक लिया। पूछताछ में पता चला कि मगहर में अपनी पत्नी के नाम से 12 सौ वर्गफिट बैनामा लिया था। उसी जमीन को बैनामेदार के सह खाताधारक जाफरअली अपनी बता रहे हैं। जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। दोनों पक्षों पर कार्रवाई की गई।

**संतोष कुमार सिंह,** एएसपी

" बैनामे के कई खातेदार हैं। सभी बिना बंटवारे के अपनी जमीन बेच रहे हैं। दोनों पक्षों को थाना समाधान दिवस में बुलाया गया है। निर्माण कार्य रोक दिया गया है। रघुनंदन इससे पूर्व मेरे पास नहीं आया था। **–रमेश चन्द्र,** सदर एसडीएम

# जनता से अच्छा व्यवहार करने के निर्देश

## निरीक्षण



शुक्रवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी सत्यजीत गुप्ता ।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। परेड ग्राउंड पर पहुंचकर साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके साथ ही परेड में शामिल पुलिस टीम के टर्न आउट को चेककर परेड में शामिल सभी जवानों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी व कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। परेड सलामी व निरीक्षण के बाद उन्होंने पुलिस मेस, परिवहन शाखा, केन्द्रीय पुलिस कैंटीन, व्यायामशाला आदि को चेक किया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आदेश दिए। पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में गार्द कमांडरों को निर्देश दिए। परेड में सम्मलित उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षी व आरक्षी को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में एकत्र कर इन्सास, एसएलआर, एके-47 आदि राइफलों व पिस्टलों को खोलने, जोड़ने, लोड करने, निशाना लगाने आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा जनपद के समस्त थानों पर परेड का आयोजन हुआ।

# मारपीट में घायलों को इलाज के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पीआरवी 3305 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के विधियानी मोहल्ले से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद के चलते मारपीट की घटना होने से तीन लोगों के घायल होने के संबंध में सूचना दिया। पीआरवी कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंच घटना में घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी खलीलाबाद भेजवाया।

# नियम तोड़ने वाले 69 वाहनों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ को सघन जांच अभियान चलाया। समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए 69 वाहनों के चालकों से 91 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# यातायात नियमों का पालन करने को किया जागरूक

- यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चों के माध्यम से लोगों को गुलाब का फूल दिया
- खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास पर लोगों को किया प्रेरित

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। यातायात पुलिस ने शुक्रवार को स्कूली बच्चों के माध्यम से गुलाब का फूल बांटकर यातायात नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया। एसपी के निर्देश पर प्रभारी यातायात परमहंश यादव के नेतृत्व में यातायात कर्मियों ने खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास पर स्कूली बच्चों के माध्यम से आमजन को गुलाब का फूल भेंटकर यातायात नियम के बारे में जानकारी देकर उन्हें पालन करने के लिए प्रेरित किया।

प्रभारी यातायात ने आने-जाने वाले वाहन सवारों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, शराब का सेवन कर वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरुक करते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कर सुरक्षित करने और अपने गंतव्य स्थान पर सुरक्षित पहुंचने के संबंध अपील की। इस दौरान मुख्य आरक्षी अजय राय, रामप्रकाश, आरक्षी प्रमोद, राममगन भारती समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आपसी सौहार्द के बीच ग्रामीण करें होलिका दहन

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : धनघटा के एसडीएम रवींद्र कुमार व सीओ दीपांशी राठौर शुक्रवार को गौरापार गांव में पहुंचे। यहां पर ग्रामीणों के साथ बैठक की। एसडीएम ने कहा कि आपसी सौहार्द के बीच होलिका दहन करें। यदि कहीं कोई दिक्कत हो तो तहसील प्रशासन को अवगत कराएं। शांति व्यवस्था में खलल पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीओ ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मी हर गतिविधि पर ध्यान दे रहे हैं। कानून व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने में ग्रामीण तहसील प्रशासन व पुलिस की मदद करें। ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में होलिका दहन को काफी समय से विवाद चला आ रहा है। दो वर्ष पूर्व यहां के एसडीएम ने होलिका दहन के लिए स्थान निर्धारित कर दी थी। इसी जगह पर ग्रामीण होलिका दहन करते हैं।

# युवक ने कलेक्ट्रेट में किया आत्मदाह का प्रयास



आत्मदाह का प्रयास करने वाले पीड़ित को बचाने के बाद उसे समझाते अधिकारी • जागरण

बैनामाशुदा भूमि का मामला है। इस मामले में दोनों पक्ष को अभिलेखों के साथ शनिवार को कोतवाली खलीलाबाद में बुलवाया गया है। इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**रमेश चंद्र**, एसडीएम, खलीलाबाद

कलेक्ट्रेट में आत्मदाह करने जा रहे रघुनंदन यादव को बचा लिया गया है। पीड़ित की पूछताछ में उसने बताया कि मगहर में उसने पत्नी के नाम से भूमि खरीदा है। उसी भूमि पर दूसरा पक्ष कब्जे का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने दोनों पक्षों पर 151 की कार्रवाई की है। राजस्व विभाग की टीम और पुलिस मिलकर जांच कर रही है। जो तथ्य प्रकाश में आएगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**संतोष कुमार सिंह**, अपर पुलिस अधीक्षक

**जासं, संतकबीर नगर** : मगहर स्थित एक भूमि पर कथित कब्जा को लेकर गोरखपुर जनपद के युवक ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह करने की कोशिश की। खुद को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का जवान बताने वाले युवक ने शरीर पर डीजल उड़ेलकर जिलाधिकारी कक्ष के सामने जान देने का प्रयास किया। वहां पुलिसकर्मी उसे पकड़ लिये। पीड़ित ने एक जनप्रतिनिधि का नाम लेते हुए कहा कि उनके लोग हमारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही थी,. इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया।

गोरखपुर जनपद के सहजनवां थाना के निबरहर गांव के रघुनंदन यादव पुत्र जोखन यादव शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। कुछ ही देर बाद उसने शरीर पर गैलन में रखा डीजल उड़ेल लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते उसने साथ हुए कथित अन्याय को लेकर जोर-जोर से चीखने लगा। उसने कहा कि उसकी बैनामा सुदा भूमि पर पचास से अधिक लोग कब्जा कर रहे हैं। मगहर पुलिस चौकी के सामने ही उनकी भूमि पर कब्जा हो रहा है। सब कुछ जानते हुए भी कोई सुन नहीं रहा। उसने एक जनप्रतिनिधि का नाम लेते हुए कब्जा का आरोप लगाया। कलेक्ट्रेट में जब यह सब चल रहा था तब वहां पर पुलिस कर्मी, होमगार्ड के अलावा स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू) के कर्मी उपस्थित थे। वहीं डीएम के कक्ष में अपर एसडीएम नवीन श्रीवास्तव लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे।

युवक के माचीस की तीली जलाने के पहले यहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर एडीएम न्यायिक अभय कुमार मिश्र, खलीलाबाद के एसडीएम रमेश चंद्र, सीओ अंशुमान मिश्र पहुंच गए।


पूछताछ करने पर उसने अपने को एसएसबी का जवान बताया। बाद में समझा-बुझाकर अधिकारियों ने पुलिस की मौजूदगी में उसे कोतवाली भेजा। प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय ने युवक को नहलवाया और कपड़ा बदलवाया।

# ईंट-भट्ठे से छत्तीसगढ़ के 18 मजदूर कराए गए मुक्त

- पीड़ितों ने लगाया था दबंगई के बल पर बंधक बनाने का आरोप
- सहायक श्रम आयुक्त बिलासपुर के निर्देश पर शुरू हुई थी जांच

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर: मेंहदावल कस्बे में स्थित एक ईंट-भट्ठे पर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जनपद के रहने वाले 18 श्रमिकों को शुक्रवार को मुक्त कराकर वापस उनके घर भेजवाया गया है। शिकायत के आधार पर गुरुवार की देर शाम को तहसीलदार निशा श्रीवास्तव, सीओ राजीव कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने ईंट-भट्ठे पर पहुंचकर जांच किया था। शुक्रवार को मजदूरों का हिसाब कराकर सभी लोगों को उसके घर भेज दिया गया। इस मामले में ईंट-भट्ठा संचालक को भी फटकार लगाई गई।

छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जनपद के बकरकूदा गांव के जोहन ने सहायक श्रम आयुक्त बिलासपुर को पत्र लिखकर मेंहदावल कस्बे में स्थित एक ईंट-भट्ठा संचालक पर दबंगई के बल पर बंधक बनाने का आरोप लगाया था। पीड़ित ने खुद को जनजाति वर्ग का सदस्य बताया था और कहा था कि उसके परिवार के 18 सदस्यों जिसमें बच्चे व नाबालिग बच्चियां भी शामिल हैं, उन्हें बंधक बनाकर काम करवाया जा रहा है। इस मामले में मजदूरों के ठीकेदार के द्वारा पांच लाख 80 हजार रुपये में श्रमिकों को भट्ठा संचालक से बेचे जाने का भी जिक्र किया गया था। सहायक श्रम आयुक्त ने जिलाधिकारी संतकबीर नगर सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर इस मामले में कार्रवाई का अनुरोध किया था। गुरुवार की जांच के बाद शुक्रवार को श्रमिकों के बयान के आधार पर उन्हें ईंट-भट्ठे से मुक्त कराकर उनके घर वापस भेजा गया।



ईंट-भट्ठे से मुक्त होने के बाद मेंहदावल थाने से घर के लिए रवाना होते श्रमिक • जागरण

> शिकायत के आधार पर ईंट-भट्ठे पर पहुंचकर जांच की गई तो वहां सुविधाओं की कमी पाई गई। श्रमिकों के बयान के आधार पर उन्हें मुक्त कराकर उनके घर वापस भेज दिया गया है। ईंट-भट्ठा संचालक को भी भविष्य में इस प्रकार का व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी गई।
>
> **निशा श्रीवास्तव**, तहसीलदार मेंहदावल

# नशे में धुत चोर शराब की दुकान में सोता मिला

धनघटा। शुक्रवार को हैंसर बाजार में कटार मिश्र मार्ग पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में एक युवक को सोते हुए मुनीम ने देखा। दुकान की पीछे की खिड़की टूटी पाई गई। लोगों ने युवक की पिटाई की। बाद में घटना की जानकारी दुकान मालिक ने पुलिस को दी। मौके पर सीओ दीपांशी राठौर पहुंची और संदिग्ध युवक को पकड़ कर थाने ले गईं। दुकान मालिक ने 1 .6 लाख रुपये गायब होने की तहरीर दी है।

हिंदू जागरण मंच गोरक्ष प्रांत के जिला महामंत्री धनघटा निवासी रामजीत मोदनवाल की हैंसर बाजार में अंग्रेजी शराब की दुकान है। राम जीत मोदनवाल ने बताया कि उनके दुकान पर अरविंद मुनीम के रूप में कार्यरत हैं। बृहस्पतिवार की शाम मुनीम अरविंद दुकान बंद कर अपने घर चले गए।

शुक्रवार की सुबह दुकान पर पहुंचकर जब दुकान को खोला तो उसमें एक युवक नशे में धुत होकर सोया हुआ दिखा। उसके पास रिंच और पेचकस पड़ा हुआ था।

दुकान के अंदर जाने पर देखा गया कि खिड़की टूटी थी और सामान बिखरा पड़ा है। कैश बॉक्स का लॉक भी टूटा था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर पहुंचीं। संवाद

# कलेक्ट्रेट में एसएसबी के जवान ने खुद पर उड़ेला डीजल, किया आत्मदाह का प्रयास

## जमीन पर दबंगों के कब्जा करने का आरोप, कार्रवाई न होने से है आहत



एसएसबी जवान रघुनंदन को समझाते प्रभारी डीएम अभय मिश्रा। संवाद

*एसएसबी जवान के जमीन प्रकरण में लेखपाल से जानकारी ली गई। मगहर में वह जमीन स्थित है। उसका रकबा करीब 14 बीघा है जिसमें 13-14 खातेदार हैं। जमीन का बंटवारा नहीं हुआ है। सभी लोग सड़क के किनारे जमीन चाह रहे हैं। इस प्रकरण में सभी पक्षों को अभिलेख के साथ शनिवार को थाना समाधान दिवस पर कोतवाली में बुलाया गया है।*

**- रमेशचंद्र , एसडीएम सदर**

*एसएसबी जवान रघुनंदन यादव को समझाया-बुझाया का पुलिस के साथ कोतवाली भेज दिया गया। उसने जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। प्रकरण की जांच एसडीएम सदर को सौंपी गई है।*

**- अभय मिश्रा, प्रभारी जिलाधिकारी**

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जमीन पर दबंगों के कब्जा कर लेने की शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से खफा एसएसबी जवान ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय के सामने खुद के ऊपर डीजल उड़ेल कर आत्मदाह करने की कोशिश की।

कलेक्ट्रेट के कर्मियों और होमगार्ड जवान ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। बाद में प्रभारी डीएम, अपर एसडीएम, एसडीएम सदर मौके पर पहुंचे। प्रभारी डीएम के समझाने पर वह मान गया। कोतवाली पुलिस उसे साथ ले गई।

गोरखपुर जिले के सहजनवां क्षेत्र के निबरहर गांव निवासी एसएसबी जवान रघुनंदन यादव शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे पांच लीटर के डिब्बे में डीजल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। खुद के ऊपर डीजल उड़ेल कर माचिस जलाने लगे।

यह देखकर कलेक्ट्रेट के कर्मी ने शोर मचाया तो डीएम कार्यालय कक्ष में बैठे अपर एसडीएम नवीन श्रीवास्तव बाहर आ गए। इस बीच कुछ कर्मियों ने उसे पकड़ने की कोशिश की। देखते ही देखते कलेक्ट्रेट में भीड़ लग गई। प्रभारी डीएम अभय मिश्रा, एसडीएम सदर रमेशचंद्र भी पहुंच गए। प्रभारी डीएम के कहने के बाद एसएसबी जवान शांत हुआ।

रघुनंदन ने बताया कि वह एसएसबी का जवान है। उसकी तैनाती सिद्धार्थनगर जिले के नेपाल बॉर्डर पर है। उसने मगहर पुलिस चौकी के पास 1,200 स्क्वायर सेंटीमीटर जमीन मकान बनवाने के लिए खरीदा है। आरोप है कि कुछ दबंग लोग उसकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। उसने आरोप लगाया कि दबंगों का साथ एक विधायक दे रहे हैं।

एसएसबी जवान ने बताया कि वह मगहर पुलिस चौकी, कोतवाली और एसडीएम से शिकायत कर चुका है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। प्रभारी डीएम ने फोन कर कोतवाल और कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी को बुलवाया।

पुलिस समझा-बुझाकर एसएसबी जवान को अपनी गाड़ी में बैठाकर कोतवाली ले गई। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि रघुनंदन यादव एसएसबी जवान है। पूछताछ में बताया कि चार-पांच महीने से वह घर पर है। एसएसबी जवान की बात सुनी गई और मौके पर यथास्थिति कायम कराया गया।

# यातायात नियमों का पालन करने की अपील



संतकबीरनगर। यातायात पुलिस ने शुक्रवार को यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्कूली बच्चों के माध्यम से लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी यातायात परमहंस ने कहाकि लोग यातायात नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और शराब का सेवन कर वाहन कदापि न चलाएं। उन्होंने लोगों को यातायत नियमों के पालन की शपथ दिलाई। संवाद



पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण करते एसपी सत्यजीत गुप्ता। संवाद

# परेड में पुलिस कर्मियों ने लगाई दौड़

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस लाइन की परेड का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए दौड़ लगवाई गई। बाद में पुलिस कर्मियों को इंसास, एसएलआर, एके 47, राइफल, पिस्टल को चलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

एसपी ने पुलिस कर्मियों के टर्नआउट की जांच की। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्चकोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के निर्देश दिए। बाद में आवासीय परिसर स्थित पार्क, ओपन जिम, मंदिर परिसर, क्वार्टर गार्द आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिए।

पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में गार्द कमांडरों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में समस्त थानों पर परेड कराई गई। इस दौरान सीओ रजीव कुमार यादव, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत आदि मौजूद रहे। संवाद

# किशोरी को बंधक बनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के एक गांव में युवक के जरिए किशोरी को चार दिनों से अपने घर में बंधक बनाने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित मां का आरोप हैं कि गांव के एक युवक ने उसकी 15 वर्षीय बेटी को चार दिन से अपने घर में बंधक बनाकर रखा था। पुलिस ने आकर उसकी बेटी को आरोपी के घर से मुक्त कराते हुए उसे सौंपा। आरोपी उसे अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। एसओ छोटेलाल राम ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया गया। संवाद

# आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

## लाइसेंसी बंदूर से फायर करने और घर में घुसकर मारने-पीटने का है आरोप

संतकबीरनगर। सीजेएम हरिकेश कुमार ने लाइसेंसी बंदूक से फायर करने और घर में घुसकर मारने-पीटने के मामले में आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश महुली पुलिस को दिया है।

अधिवक्ता राजेंद्र राय ने बताया कि महुली क्षेत्र के भिटहा निवासी 50 वर्षीय श्रीराम ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के सुशील चतुर्वेदी, संतोष चतुर्वेदी, भावना पुत्री रणजीत चतुर्वेदी, संध्या देवी पत्नी रणजीत चतुर्वेदी उससे रंजिश रखते हैं।

उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा रखा है। मुकदमे में सुलह करने के दबाव को लेकर दो जनवरी को उपरोक्त लोग उसके घर पर चढ़ा आए। लोग सुलह करने के लिए दबाव बनाने और धमकी देने लगे।

मना करने पर अपशब्द कहते हुए संतोष चतुर्वेदी ने उसके ऊपर लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दिया। सुशील लाठी निकालकर मारने के लिए दौड़े ।

वह अपने घर में घुस गए। लोग उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और 20,000 रुपये लूट ले गए। टीवी, कुर्सी, मेज तोड़ आदि दिए। उसकी पत्नी का मंगलसूत्र लूट कर फरार हो गए।

घटना की सूचना थाने पर दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मजबूर होकर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर को सूचना दी, लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। सीजेएम हरिकेश कुमार ने महुली पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया है।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-02-2023

# घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट में चार पर केस

रुपईडीह, संवाददाता। नेवादा में कुछ लोगों ने दुकान व घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित इंद्र प्रकाश ने इसकी पुलिस अधीक्षक से की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने कौड़िया पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवादा के निवासी इंद्र प्रकाश पुत्र लाल बिहारी ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। इसके मुताबिक वह अपने घर पर ही दुकान करता है। जिस पर आलोक कुमार उर्फ विजय शंकर, विकास , शिवनारायण, मोहित ने घर में घुसकर लाठी-डंडा से पीटते हुए दुकान में तोड़फोड़ की। लोगों के एकत्रित होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए । थाना पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने एसपी पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर से कार्रवाई की गुहार लगाई। इस संबंध में थानाध्यक्ष कौड़िया विद्यासागर पांडेय ने बताया कि इंद्रजीत के शिकायती पत्र पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

# दीपक हत्याकांड में पूर्व ग्राम प्रधान फिर हुआ गिरफ्तार

धानेपुर संवाददाता। धानेपुर पुलिस ने जनाबनकट निवासी दीपक हत्याकांड के आरोपी पूर्व प्रधान को एक बार फिर से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया, और न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सीरबनकट के मजरा जनाबनकट के रहने वाले 13 वर्षीय दीपक सिंह बीते 21 अगस्त 22 को घर से निकलने के बाद लापता हो गया है था। अगले दिन पिता की शिकायत पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई थी, कि 23 अगस्त को गांव से कुछ दूरी पर बह रही बिसुही नदी में दीपक का शव उतराता मिला। धानेपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने मामले का पर्दाफाश करते हुए मृतक दीपक सिंह की नाबालिग बहन व गांव के रहने वाले पूर्व प्रधान मेवाराम वर्मा व उसके बेटे को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि पुलिस ने मेवाराम को हत्या में षडयंत्र करने की दोषी ठहराया था। लिहाजा उसे उसे जल्द जमानत मिल गयी थी। उधर एसपी आकाश तोमर ने ने भी पुंर्विवेचना का आदेश देते हुए चार्जशीट अदालत से वापस करवाया था। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि दीपक सिंह हत्याकांड में पूर्व प्रधान मेवाराम बराबर का दोषी पाया गया है।

# महिला से बाप-बेटे ने किया गैंगरेप

उमरीबेगमगंज/गोण्डा, संवाददाता। थानाक्षेत्र के एक गांव में गुरुवार रात महिला के साथ बाप-बेटे ने गैंगरेप की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही पीड़िता को मेडिकल के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

पीड़िता ने इस संबंध में उमरी पुलिस को तहरीर दी है। इसके मुताबिक गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर में खाना बना रही थी। आरोप है कि इसी बीच दरवाजा खुला पाकर पड़ोसी युवक शेषनारायण तिवारी उसकी रसोई में घुस आया है। शेषनारायण ने महिला को दबोचकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद धमकी देते हुए वह चला गया। इसके करीब पांच मिनट बाद उसका पिता बृज बहादुर तिवारी भी महिला के घर आ धमका। उसने भी रोती-बिलखती महिला के साथ दरिंदगी कर डाली। उसके जाने के बाद पीड़िता ने यूपी-112 को सूचना की। सूचना मिलते ही यूपी-112 की टीम के साथ थानाध्यक्ष संजीव वर्मा भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि मौके पर दोनों आरोपी अभी भाग निकले हैं। पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप के साथ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## नाबालिग छात्रा से शिक्षक ने की छेड़छाड़

गोण्डा। कोतवाली इटियाथोक के एक स्कूल में नाबालिग छात्रा के साथ शिक्षक ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने छात्रा के साथ मारपीट थी। पुलिस ने ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

मामला इटियाथोक क्षेत्र के बाबागंज मार्ग स्थित भटपुरवा के इंटर कॉलेज का है। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस तहरीर दी है। इसके मुताबिक वह स्कूल में पढ़ने गई थी। उसकी कक्षा में दो अन्य छात्र हाजिर थे। इसी बीच दोनों प्यास लगने पर पानी पीने बाहर चले गए। आरोप है कि कक्षा में अकेली छात्रा को पीछे से आए शिक्षक सूर्यप्रसाद शुक्ला ने बदनीयती से दबोच लिया। उसने छात्रा के अभद्रता करते हुए छेड़खानी शुरू कर दी। छात्रा विरोध करती रही लेकिन वह नहीं माना। काफी देरबाद किसी तरह से वह उसके चंगुल से बच पाई। इसके बाद घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसपर परिजन छात्रा को लेकर थाने पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक अभिषेक सिंह ने बताया छात्रा की तहरीर पर कालेज के आरोपी शिक्षक सूर्य प्रसाद शुक्ल निवासी बेंदुली के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छह बाल श्रमिक मुक्त कराए

गोंडा। जिले के बेलसर बाजार एवं तरबगंज बाजार में श्रम विभाग के नेतृत्व में चाइल्ड लाइन, एन्टी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम ने छह दुकानों की जांच की। श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित ने बताया कि छह बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। इस दौरान श्रम प्रवर्तन सत्येन्द्र प्रताप, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के उपनिरीक्षक राम प्रसाद, टेक्निकल रिसोर्स पर्सन चंद्रेश यादव, चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई से महिला आरक्षी बबिता सिंह कांस्टेबल अरविंद राय, महिला आरक्षी प्रियंका चौहान, अमिता पटेल टीम में रहे। (संवाद)

---

### साढ़े पांच करोड़ की लागत से बनेगा ई-कान्फ्रेंसिंग हाल और ई-फाइलिंग सेंटर

# एक ही जगह दायर हो सकेंगे केस

**प्रस्ताव**

■ सीपी तिवारी

गोण्डा। सेमिनार हो या मीटिंग अथवा अन्य कार्यक्रम, सभी के लिए अब केवल एक कक्ष ई-कान्फ्रेंसिंग हाल होगा। जो सभी तरह की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। जिसकी लागत करीब साढ़े पांच करोड़ है। जिसका निर्माण 575.78 स्क्वायर मीटर में किया जाएगा।

कोर्ट मैनेजर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों के लिए सिविल कोर्ट कैंपस में एक ई-कान्फ्रेंसिंग हाल व ई-फाइलिंग सेंटर बनेगा । जिसमें अस्सी व्यक्तियों के बैठने की सुविधा होगी। जिसकी लागत 5.47 करोड़ रुपए है जो करीब छह सौ स्क्वायर मीटर में निर्मित किया जाएगा। भवन के निर्माण की रूपरेखा व लागत का प्रस्ताव उच्च न्यायालय द्वारा शासन को भेजा जा चुका है। जिसकी स्वीकृति होते ही ई-कान्फ्रेंसिंग हाल का निर्माण शुरू हो जाएगा।

**क्या है ई-फाइलिंग सेंटर:** अरुण सिंह ने बताया कि ई-कान्फ्रेंसिंग हाल के साथ ही ई-फाइलिंग सेंटर भी खुलेगा। जिसके बन जाने से वादकारियों को काफी सुविधा होगी। जो अपने मुकदमों को न्यायालय पर दायर करने के लिए इधर से उधर जाते थे, उससे छुटकारा मिलेगा। क्योंकि सेंट्रलाइज्ड हो जाने से सभी अदालतों से संबंधित मुकदमों का दायरा एक ही जगह से होगा। जिससे आम जनता को इधर उधर भटकने से निजात मिलेगी।

- कचहरी में वादकारियों को इधर-उधर भागने से मिल सकेगा छुटकारा
- ई-कान्फ्रेंसिंग हॉल में 80 व्यक्तियों के बैठने की होगी लकदक व्यवस्था



### आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरीके से लैस होगा ई-कान्फ्रेंसिग हाल

साढे पांच करोड की लागत से बनने वाले ई-कान्फ्रेसिंग हाल पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जो फुल एसी और शानदार टेबलों पर सुसज्जित माइक आदि आधुनिक उपकरण से लैस होगा। इसमें इलेक्ट्रिकल रूम, स्टोर, कंप्यूटर रूम, आफिस, सर्वर रूम, कोर्ट मैनेजर रूम, इंस्पेक्शन/कंट्रोल रूम आदि बनना प्रस्तावित है। कोर्ट मैनेजर ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य शुरू होकर पूरा हो जाने की संभावना है।

# धोखाधड़ी का मुकदमा

**संसू धानेपुर :** थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने कहा कि पूरेहाडा के रहने वाले ज्ञान प्रकाश सिंह के तहरीर पर साइबर ठगी का मुकदमा किया गया है। खाते से 97 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा किया गया है। उधर ग्राम जनाबनकट के रहने वाले मेवा लाल वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह हत्या के मुकदमे वांछित था।

# पिटाई का वीडियो वायरल चार लोगों पर मुकदमा

**संसू, नवाबगंज (गोंडा) :** युवक की पिटाई किए जाने का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ युवक एक युवक की लात-घूंसों और डंडे से पिटाई करते नजर आ रहे हैं।

पीड़ित युवक दबंगों से हाथ-जोड़कर रहम की भीख मांगते नजर आ रहा है। मंहगूपुर गांव के रहने वाले मुहम्मद इजाजत अंसारी ने दी गई तहरीर में कहा कि गत रविवार की शाम वह अपने खेत से घर वापस जा रहा था। रास्ते में रघुनाथपुर गांव स्थित लखनलाल शरण महाविद्यालय के पास विशनोहरपुर के रहने वाले ननकऊ यादव, सुमित सिंह, भानू सिंह, अवध किशोर ने पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दी।

# छापेमारी : बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

- टीम ने बेलसर व तरबगंज के दुकानों में की छापेमारी
- बाल श्रम निषेध अभियान में छह दुकानदारों को भेजी नोटिस

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा)** : संसू, गोंडा : श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन, एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट व विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम ने दुकानों में छापेमारी की। बेलसर व तरबगंज बाजार में दुकानों में बालकों से कार्य कराया जा रहा है। छह दुकानदारों को नोटिस भेजी गई है।

टीम ने दोनों कस्बों के दस से अधिक दुकानों में जांच की। इसमें छह दुकानदार बाल श्रम कराते मिले। बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया है।

दुकानदारों में दुकानदारों को बाल श्रम कराने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। लोगों को सचेत किया गया है। बाल श्रम कराने वाले छह दुकानदारों को श्रम विभाग ने नोटिस दिया है। टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, सत्येंद्र प्रताप, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से उप निरीक्षक राम प्रसाद, टेक्निकल रिसोर्स पर्सन चंद्रेश यादव व चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा व विशेष किशोर पुलिस इकाई से महिला आरक्षी बबिता सिंह कांस्टेबल अरविंद राय, हेड कांस्टेबल गौचरन, प्रियंका चौहान, अमिता पटेल शामिल रहीं। चाइल्ड लाइन प्रभारी ने कहा कि बाल श्रम अधिनियम 1986 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत बाल श्रमिकों को मुक्त कराया जा रहा है। अभिभावकों, दुकानदारों को बाल अधिकारों की जानकारी दी गई।

# पिता-पुत्र पर महिला से दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

संसू, उमरी बेगमगंज (गोंडा) : थाना के एक गांव की रहने वाली महिला की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा लिखा गया है। पीड़ित महिला का कहना है कि गुरुवार की रात वह घर में भोजन पका रही। इसी दौरान गांव की एक युवक आया उसने डरा धमका कर दुष्कर्म किया।

महिला का कहना कि इसके बाद युवक पिता आया और उसने भी जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। इस घटना की जानकारी किसी को न देने की भी धमकी दी। कहा कि किसी को बताओगी तो जान से मार देगें। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर महिला को चिकित्सीय परीक्षण को भेजा गया।

**लापता युवक मिला** : उमरी बेगमगंज प्रतिनिधि के अनुसार पींडी बंधा पर गश्त कर रहे थे। बंधा के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से दिखाई पड़ा। थानाध्यक्ष ने कहा कि युवक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम उदय प्रताप सिंह निवासी ग्राम सिकंदरा कुशहा थाना शिकरारा जिला जौनपुर बताया। थानाध्यक्ष ने शिकरारा थाने की पुलिस से संपर्क किया। वहां से पता चला कि उदय प्रताप की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज है। वह मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। पुलिस ने उदय के स्वजनों को सूचना दी। जौनपुर से उदय के स्वजन यहां आए। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने उसकी पहचान कराकर विधिक कार्रवाई कर घर भेज दिया।

## छात्रा से छेड़छाड़

खरगूपुर : इटियाथोक थाना के कालेज में पढ़ने गई छात्रा के साथ शिक्षक ने छेड़छाड़ की। छात्रा ने घर आकर स्वजनों से बात बताई। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक ने कहा कि स्वजन की तहरीर पर आरोपित शिक्षक सूर्य प्रसाद शुक्ल के विरुद्ध पाक्सो एक्ट व छेड़छाड़ का मुकदमा किया गया है।

# पिता-पुत्र को पीटा, चार पर मुकदमा

**संसू, हलधरमऊ (गोंडा) :** कटरा बाजार थाना के कौड़हा जगदीशपुर चौराहा स्थित होटल पर दबंगों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर दी। विरोध करने पर सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद आरोपित दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

पीड़ित की तहरीर पर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कौड़हा जगदीशपुर के मोहम्मदपुर गांव निवासी विपिन कुमार गुप्ता ने बताया कि वह चौराहे पर होटल चलाते हैं। इसी के बगल फुटकर अनाज की खरीदारी भी करते हैं। शाम को गांव के चार पांच लोग आए। कहा कि तुम अनाज की खरीदारी क्यों करते हो। अनाज खरीदना बंद नहीं किया तो तुम्हारा होटल भी बंद करवा देंगे। अब होटल बंद करके यहां से चले जाओ नहीं तुम को जान से मार देंगे। इसके बाद उन लोगों ने उसकी व पिता हजारी लाल गुप्ता की पिटाई कर दी। दुकान में रखे सामानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार मनोज कुमार राय ने बताया कि तबरेज, परवेज, उबेद व महमूद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**दतौली** : कुड़वा जंगली मल्हीपुर की रहने वाली राधा मौर्या ने कहा कि विपक्षी राधे श्याम मौर्य,रक्षापती, करिश्मा व प्रेमवचन ने रास्ते के विवाद को लेकर अभद्रता की। विरोध करने पर लाठी डंडे से पिटाई की। इस दौरान सोने की जंजीर टूट गुम हो गई। बकौल पुलिस चार लोगों पर मुकदमा लिखा गया है।(संसू)

## दबंगों ने पीटा

**दतौली** :ग्रामसभा ऐलनपुरग्रांट के मजरा दुबेपुरवा के झिनकऊ ने कहा कि गांव के कनिकराम व जुगुल उसकी जमीन पर भैंस बांध रहे थे। मना करने पर अभद्रता करते हुए पिटाई की।दोनों आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी है। बकौल पुलिस दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया गया है।(संसू)

## चाकू से किया घायल

**दतौली** :ग्राम बेनीपुर बघमरवा के रहने वाले झिनमुन ने कहा कि वह फसल की रखवाली के लिए गया था।जहां दो अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू से हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कोतवाल मनकापुर चितवन कुमार ने कहा कि दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा किया गया है।(संसू)

# काटना पड़ा प्रसूता का हाथ, लापरवाही का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

## निजी चिकित्सक के खिलाफ नगर कोतवाली में पीड़ित ने दी तहरीर गलत इंजेक्शन से सड़ गया हाथ

गोंडा। डॉक्टर की लापरवाही से एक प्रसूता को अपना एक हाथ गंवाना पड़ा। सिजेरियन प्रसव के बाद इंजेक्शन लगने से हाथ में संक्रमण फैल गया। जिससे महिला का बायां हाथ काटना पड़ा। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली नगर में तहरीर दी। दूसरी ओर निजी अस्पताल के डॉक्टर का कहना है कि कोई गलत इंजेक्शन नहीं लगाया गया।



गोंडा में कटा हाथ दिखाती रमा पाठक। -संवाद

करनैलगंज के सोनहारा पंडितपुरवा निवासी श्यामजी मिश्र ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर एक निजी अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। तहरीर के मुताबिक, 16 दिसंबर 22 को उन्होंने गर्भवती पत्नी रमा को जिला अस्पताल के सामने संचालित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां सिजेरियन प्रसव से बच्ची पैदा हुई। 30 दिसंबर को बिना कैथेटर निकाले डिस्चार्ज कर दिया गया। हर पांचवें दिन जांच के लिए बुलाया गया। पांच जनवरी 2023 को दवा व इंजेक्शन देकर घर भेज दिया गया। इंजेक्शन लगने के बाद से हाथ काला पड़ने लगा।

नौ जनवरी को बताया गया कि गलत तरीके से इंजेक्शन से बायां हाथ प्रभावित हुआ है। 13 जनवरी को दुखहरणनाथ मंदिर के पास संचालित निजी अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टर ने बताया कि गलत इंजेक्शन से हाथ की नस ब्लाक हो गई है। हाथ काटना पड़ सकता है। 10 जनवरी को डॉ. राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, दिल्ली में भर्ती कराया गया, जहां 15 जनवरी को प्रसूता का बायां हाथ काटना पड़ा। श्यामजी ने निजी अस्पताल के चिकित्सक व वहां कार्यरत स्टाफ पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की।

दूसरी ओर निजी अस्पताल संचालक डॉ. आलोक शुक्ल ने बताया कि ऑपरेशन के बाद रमा के पेट में पानी आ गया था। जिसका इलाज किया जा रहा था। प्रसूता की जेठानी के भी पेट में पानी आने की समस्या थी, जिसका इलाज केजीएमयू में चल रहा था। उसी का इंजेक्शन प्रसूता के पति ने बिना मुझे जानकारी दिए लगवाना शुरू कर दिए, जिससे समस्या हुई है। उनके यहां कोई गलत इंजेक्शन नहीं लगाया गया है।

# दोषी को 19 माह की सजा

**गोंडा।** नवाबगंज क्षेत्र में अपमिश्रित (मिलावटी) कच्ची शराब बनाने के मामले में कोर्ट ने दोषी दुर्गागंज माझा निवासी शिवनाथ यादव को एक साल सात माह का कारावास और पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि साल 2019 में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया। (संवाद)

# महिला से गैंगरेप में पिता-पुत्र नामजद

संवाद न्यूज एजेंसी

**उमरी बेगमगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला से सामूहिक दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर शुक्रवार को उमरी बेगमगंज थाने में पिता-पुत्र के खिलाफ गैंगरेप की मुकदमा दर्ज किया है। इधर, पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

**महिला थानाध्यक्ष ने दर्ज किए पीड़िता के बयान**

दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक, महिला गुरुवार की रात घर पर अकेली थी। तभी रात साढ़े नौ बजे एक गांव का रहना वाला शेष नरायन आया और धमकी देकर दुष्कर्म किया। इसके कुछ देर बाद शेष नरायन का पिता बृज बहादुर भी आ धमका, और उसने भी जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। पीड़िता शुक्रवार सुबह थाने पहुंची, और पुलिस को अपनी पीड़ा सुनाई। पुलिस ने केस दर्ज कर पीड़िता को महिला आरक्षी की अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए महिला अस्पताल भेजा है।

महिला थानाध्यक्ष पूनम यादव ने पीड़िता के बयान दर्ज किए हैं। थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा ने बताया कि शेष नरायन और उसके पिता बृज बहादुर के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## शिक्षक ने की छात्रा से छेड़खानी, मारापीटा

**इटियाथोक (गोंडा)।** क्षेत्र के एक विद्यालय में पढ़ने गई छात्रा से शिक्षक ने छेड़खानी की। विरोध करने पर उसके साथ हाथापाई भी की। आरोपी शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। क्षेत्र की रहने वाली छात्रा ने दी तहरीर में कहा कि बुधवार को श्रीबालक भगवान इंटर कॉलेज, भटपुरवा में पढ़ने गई थी। जहां शिक्षक सूर्य प्रसाद शुक्ला ने उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी की। छात्रा ने विरोध किया तो शिक्षक हाथापाई भी की। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षक सूर्य प्रसाद शुक्ला निवासी बेंदुली के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-02-2023

# ठगे पैसे पुलिस ने वापस दिलवाए

सादुल्लाह नगर, संवाददाता। पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के 39500 रुपए वापस दिला दिये हैं।

थाना सादुल्लाह नगर के जखौली निवासी मोहम्मद राशिद ने शिकायत की थी कि उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से फ्रॉड करते हुए ओटीपी पूछकर 39500 रुपये निकाल लिए गए। साइबर टीम के उपनिरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय, कांस्टेबल प्रेम प्रकाश ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर ट्रांजेक्शन के माध्यम से पैसे की निकासी को फ्रिज करा दिया।

# गैर इरादतन हत्या में चार लोगों को उम्रकैद की सजा

**अदालत से**

बलरामपुर, संवाददाता। गैर इरादतन हत्या के मामले में जिला जज ने चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों पर 25-25 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि थाना हर्रैया क्षेत्र के ग्राम बलवंता निवासी बाबूराम ने 10 जुलाई 2013 को प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि उसका भाई काले बाबू जो मानसिक विक्षिप्त था। नौ जुलाई 2013 को अपरान्ह तीन बजे घर से भाग गया। 10 जुलाई 2013 को सुबह सूचना मिली कि उसका भाई हुकुम अली के घर में रात में घुस गया था। जिसे हुकुम अली के पोते सद्दाम व छोटकऊ पुत्रगण जाफर अली ने चोर-चोर कहकर पकड़ लिया और मारा पीटा और उसे सुबह तक रस्सी से बांधे रहे। मारने पीटने में बाबू पुत्र बाबादीन व मारुफ पुत्र बाबू भी शामिल थे।

10 जुलाई को काले बाबू की मौत हो गई। बाबूराम ने पुलिस को बताया कि उसके भाई का शव सद्दाम के घर में पड़ा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा। पुलिस ने चारों लोगों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद जनपद न्यायाधीश ने सद्दाम, छोटकऊ, बाबू व मारुप को उम्रकैद की सजा सुनाई।

# रेलवे जमीन से अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया

## जानकारी

**तुलसीपुर, संवाददाता।** शासन के निर्देश पर रेलवे अधिकारियों ने रेलवे की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को शुक्रवार तक हटाने का नोटिस दिया है। जिसको लेकर दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल है।

स्थानीय दुकानदार विजय कुमार, मुन्नू, राजू, संजय कुमार आदि ने बताया कि कुछ दुकानों का किराया तो 50 वर्षों से नगर पंचायत ले रहा है और अचानक रेलवे प्रशासन से इनको हटाए जाने का नोटिस दिया गया है। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सेक्शन इंजीनियर रेलवे एसएन दुबे ने बताया कि रेल विभाग से जिनको जमीन एलाट की गई है और जितनी भी एलाट की गई है उतने में ही व्यवस्था को सीमित करें। इसके अतिरिक्त जिसने भी यहां दुकान लगाई है उसे यहां से हटा दिया जाएगा।

नगर पंचायत से एलाट जमीनों के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा की रेलवे की जमीन नगर पंचायत एलाट नहीं कर सकता है। अधिशासी अधिकारी डा. संपूर्णानंद ने बताया कि नगर पंचायत से जिन दुकानों से किराया लिया जा रहा है उस संबंध में एसडीएम मंगलेश दुबे से बातचीत कर नक्शा की जानकारी ली जाएगी। इस दौरान जीआरपी इंचार्ज जोखन यादव सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना ललिया पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जय हरी मिश्रा ने बताया कि आज एक्ट के अभियुक्त पुरुषोत्तम यादव पुत्र रामदीन यादव निवासी लौकहावा को गिरफ्तार किया गया है।

## चोरी के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना सादुल्लाह नगर पुलिस ने चोरी के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को न्यायालय पर भेजा गया है। उप निरीक्षक रमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि रहमतपुर निवासी दिनेश कुमार वर्मा पुत्र किशन लाल चोरी के मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शांतिभंग के मामले में पांच पर कार्रवाई

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर पुलिस ने पांच अभियुक्तों के विरुद्ध शांति भंग के मामले में कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक जितिन प्रसाद ने बताया कि अब्दुल कलाम, अब्दुल सलाम, दद्दू, मोतीलाल व घनश्याम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शांति भंग के मामले में पाबंद किया गया है।

## चोरी मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना श्रीदत्तगंज पुलिस को चोरी मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। श्रीदत्तगंज प्रभारी निरीक्षक विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि सघन चेकिंग के दौरान नूरुल मुस्तफा हसन पुत्र अब्दुल मुस्तफा निवासी प्रेम नगर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी किए गए ईपास मशीन, पास मशीन का चार्जर व एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# हटेगा अतिक्रमण

**हरैया सतघरवा :** शिवपुरा बाजार में दोनों तरफ फल, सब्जी व ठेला लगाने से सड़क पर वाहनों की कतार लग जाती है। संतोष कुमार, दिनेश कुमार, विकास, विश्वनाथ ने बताया कि चौराहे से सीएचसी व ब्लाक आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उपजिलाधिकारी राजेंद्र बहादुर ने बताया कि अतिक्रमण हटवाने का अभियान चलाया जाएगा। (संसू)

## एक गिरफ्तार

**श्रीदत्तगंज :** पुलिस ने चोरी के माल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर के संझवल प्रेमनगर निवासी नुरूल मुस्तफा हसन को चोरी की बाइक, पीओएस मशीन व उसका चार्जर बरामद कर जेल भेज दिया गया है।(संसू)

## कच्ची शराब बरामद

**सादुल्लाहनगर :** क्षेत्राधिकारी उतरौला उदयराज सिंह ने बताया कि फिरोजपुर निवासी फूलचंद को 10 लीटर कच्ची शराब संग गिरफ्तार किया गया। (संसू)

# आरोपित को पकड़ा

**ललिया** : आर्म्स एक्ट के आरोपित को ललिया थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्र ने बताया कि वारंटी अभियुक्त पुरुषोत्तम निवासी लौकाहवा काशीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (संसू)

# ट्रक चालक को भेजा जेल

**ललिया** : प्रभारी निरीक्षक जयहरि मिश्र ने बताया कि बुधवार को कोडरी बाजार में अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार अलख राम विश्वकर्मा को रौंद दिया था जिससे उनकी मौत हो गई थी। मुन्ना लाल व तिलक राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पुत्र सैलाफी की तहरीर पर चालक अब्दुल रशीद निवासी राजा बनकटवा के खिलाफ केस दर्ज किया था। (संसू)

# गैर इरादतन हत्या में दो भाइयों समेत चार को उम्रकैद

बलरामपुर। गैर इरादतन हत्या के मामले में न्यायालय ने शुक्रवार को दो भाइयों समेत चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों को 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 10 जुलाई 2013 को ग्राम बलबंता निवासी बाबूराम ने हरैया थाने में तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि उसका भाई काले बाबू मानसिक रूप से बीमार था। रात में वह गांव के ही हुकुम अली के घर में घुस गया था। हुकुम अली के पोते सद्दाम व छोटकऊ तथा बाबादीन व मारूफ ने चोर समझकर उसे पीट-पीटकर मार डाला।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की और चारों को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुए न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी। सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने नौ लोगों की गवाही कराई।

जिला जज लल्लू सिंह ने चारों को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। (संवाद)

# जमीन खाली करने के नोटिस से व्यापारियों में हड़कंप

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** रेलवे के अधिकारियों ने शुक्रवार को जीआरपी, आरपीएफ व पुलिस के जवानों के साथ भ्रमण कर रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों को नोटिस जारी किया। इससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों का कहना है कि हम लोगों को यह दुकानें रेल प्रशासन व नगर पंचायत की तरफ से आवंटित की गई हैं।

स्थानीय दुकानदार विजय कुमार, मुन्नू, राजू व संजय कुमार आदि ने बताया कि बरसों पहले रेल महकमे व नगर पंचायत ने दुकानें आवंटित की थीं। शुक्रवार को अचानक रेल प्रशासन की तरफ से दुकानें हटाने के लिए नोटिस दे दिया गया।

सेक्शन इंजीनियर रेलवे एसएन दुबे ने बताया कि रेल विभाग द्वारा जिन लोगों को जितनी जमीन आवंटित की गई है वे लोग उतनी जमीन तक ही सीमित रहें। जिन लोगों ने रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया है, उन्हें हटाया जाएगा। नगर पंचायत द्वारा आवंटन करने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा की रेलवे की जमीन नगर पंचायत आवंटित ही नहीं कर सकता।

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी डॉ. संपूर्णानंद ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा 14 दुकानों से किराया लिया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों द्वारा दिए गए नोटिस के संबंध में एसडीएम से बातचीत करके स्थिति की जानकारी ली जाएगी।

## ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति किया जागरूक

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से प्राथमिक विद्यालय, बिजलीपुर प्रथम में चल रहे विशेष शिविर के तहत शुक्रवार को स्वयं सेवकों ने सर्वे किया। स्वयं सेवकों की आठ टोलियों ने घर घर जाकर शिक्षा, बेरोजगारी व साफ-सफाई आदि का सर्वेक्षण किया। बाद में सभी ने अपना सर्वे रिपोर्ट एनएसएस के कार्यक्रमाधिकारियों को सौंपी। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. एमडी शुक्ला, मुख्य कार्यक्रमाधिकारी डॉ. आशीष कुमार लाल, डॉ. रमेश कुमार शुक्ला व डॉ. रामरहीस ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन करके किया।

इसके बाद हर घर सर्वेक्षण के लिए स्वयंसेवक की आठ टोलियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भगत सिंह टोली ने घरों में शौचालय, स्वामी विवेकानंद टोली ने बच्चों को विद्यालय न भेजने वाले परिवारों, चंद्रशेखर आजाद टोली ने कच्चे मकान, सुभाष चंद्र बोस टोली ने बाल विवाह करने वाले परिवारों, रानी लक्ष्मीबाई टोली ने जलनिकासी व्यवस्था का सर्वे किया। (संवाद)

# यूपी 112 का रिस्पांस टाइम और प्रभावी बनाएं

**बलरामपुर।** एसपी केशव कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ कराई। टोलीवार ड्रिल कराई गई। सलामी शस्त्र, बगल शस्त्र, बाएं शस्त्र सहित अन्य का अभ्यास कराया गया। यूपी 112 के कामकाज की समीक्षा की गई। एसपी ने रिस्पांस टाइम और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। (संवाद)

# अलग-अलग मामलों में नौ गिरफ्तार

**गैड़ास बुजुर्ग।** इंस्पेक्टर सादुल्लाह नगर बृजानंद सिंह ने बताया कि शुक्रवार को फिरोजपुर निवासी फूलचंद को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। दूसरी तरफ चोरी के सामान के साथ दिनेश वर्मा निवासी रहमतपुर थाना सादुल्लाह नगर को गिरफ्तार किया गया है। पचपेड़वा पुलिस ने दुष्कर्म व अपहरण के मामले में वांछित कोल्हुई के माजिद हुसैन को ओवरब्रिज के पास से दबोचकर जेल भेजा है। श्रीदत्तगंज पुलिस ने संझवल के नुरूल मुस्तफा हसन को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की बाइक, एक ई पीओएस मशीन व चार्जर बरामद हुआ है। तुलसीपुर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है। (संवाद)

# लोगों को किया जागरूक

**बलरामपुर।** यातायात पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार को वीर विनय चौराहे पर जागरूकता अभियान चलाया। इसके माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने को कहा गया। साथ ही रूट निर्धारण को लेकर ई रिक्शा चालकों को जानकारी दी गई। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-02-2023

# उपद्रवियों पर पैनी नजर रखें : सीओ

बहराइच। जरवल रोड थाने में कैसरगंज सीओ कमलेश सिंह ने थाने के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण की मीटिंग कर होली का त्योहार एवं शबे बरात के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

सभी से होलिका दहन स्थल एवं जुलूस मार्ग में किसी प्रकार की उत्पन्न होने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। त्योहार को सकुशल कराने को सभी को लगातार सतर्क दृष्टि बनाए रखने को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बताया कि रंग में [illegible] उपद्रवियों को चिन्हित [illegible] बनाए रखें। जिससे [illegible] भी प्रकार की झंझट [illegible] आवश्यकता पड़ने पर सख्ती से [illegible] करें।

# हाथियों का हमला, वनकर्मी जख्मी

## ट्रांस गेरुआ में बाइक से पेट्रोलिंग के दौरान सामने आया हाथियों झुंड, अस्पताल में भर्ती

**दहशत**

बहराइच, संवाददाता। कतर्नियाघाट वन्यजीव के ट्रांस गेरुआ में पेट्रोलिंग कर रहे वनरक्षकों पर शुक्रवार को दोपहर बाद टस्कर हाथियों के झुंड ने हमला कर दिया। हाथियों के हमलों से बचने के लिए दोनों वनरक्षक जंगल में शोर मचाते हुए भागते रहे, जैसे-तैसे जान बची। वायरलेस से जानकारी रेंज कार्यालय पर दी गई। टीम ने पहुंचकर हमले में घायल वनरक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में गर्दन व रीढ़ की हड्डी टूटने की पुष्टि पर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

कतर्नियां रेंज का ट्रांस गेरुआ नदी के उस पार है। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वनरक्षक अजय सिंह अपने सहकर्मी वन रक्षक योगेश प्रताप सिंह साथ बाइक से पेट्रोलिंग कर रहे थे। तभी बगल से निकल रहे टस्कर हाथियों के झुंड ने टीम पर हमला कर दिया। इससे असंतुलित होकर बाइक पलट गई। सवार दोनों कर्मी गिर गए। जैसे-तैसे दोनों कर्मी हाथियों के हमले से बचने के लिए भागने लगे।

पीड़ित ने बताया कि हाथियों का झुंड उनके पीछे दौड़ रहा था। 200 मीटर के बाद हाथी रुक गए। घायल अजय सिंह की हालत बिगड़ गई। वायरलेस पर कतर्नियां रेंज कार्यालय पर हमले की जानकारी दी गई। खबर मिलते ही रेंज की टीम गेरुआ नदी पारकर ट्रांस क्षेत्र में पहुंची। घायल वनकर्मी को तत्काल सीएचसी मोतीपुर ले जाया गया। हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्सरे की जांच में कॉलरबोन, पसलियां व गर्दन की हड्डी टूटने पर गंभीर है। इलाज के बाद वनरक्षक को लखनऊ भेज दिया गया है।



जिला अस्पताल में घायल वनरक्षक का हालचाल लेते डीएफओ।

### उच्चाधिकारियों को भेजी गई रिपोर्ट

बहराइच। ट्रांस गेरुआ क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान टस्कर हाथियों के हमले में गंभीर रूप से घायल वनरक्षक की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। डीएफओ ने जिला अस्पताल पहुंचकर वनरक्षक के परिजनों को बेहतर इलाज व मदद का भरोसा दिया।

> टस्कर हाथियों के हमले में वनरक्षक घायल हुआ है। गंभीर चोट लगने से लखनऊ में भर्ती कराया गया है। ट्रांस गेरुआ क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।
>
> **आकाशदीप बधावन,** डीएफओ

# हादसे के बाद कार से स्मैक बरामद

**जरवलरोड (बहराइच)।** लखनऊ हाईवे पर धनराजपुर मोड़ पर एक कार सवार चालक ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं कार में नोटों की दो गड्डियां व स्मैक के दो पैकेट बरामद हुए हैं। पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के बशीरगंज मोहल्ला निवासी राजू सुबह जरवलरोड जा रहे थे। तभी जरवल रोड थाना क्षेत्र में लखनऊ मार्ग पर धनराजपुर मोड़ के पास शुक्रवार को सुबह 10 बजे एक कार चालक ने बाइक सवार राजू को ठोकर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि कार में नोटों की दो गड्डियां बरामद हुई हैं। स्मैक के दो पैकेट भी बरामद हुए हैं। ऐसा लगता है कि स्मैक की बिक्री को लेकर ठगी का मामला है। गाड़ी के नंबर से पता चला है कि उसका मालिक रामनगर का है। जांच में मालुम हुआ है कि उसका दोस्त गाड़ी लेकर गया था। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा। संवाद

अमर उजाला my city बहराइच

# नेपाल सीमा पर मजबूत होगी सुरक्षा

## एक और सर्किल बढ़ेगा, 105 किलोमीटर लंबी है जिले में नेपाल से खुली सीमा

अमित पांडेय

**बहराइच।** पड़ोसी देश नेपाल की सीमा सुरक्षा को और चाक चौबंद करने का काम शुरू किया गया है। इसके तहत एक सीओ की नई सर्किल बनाई जाएगी। एसपी ने इसका प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। इससे बार्डर इलाके में पड़ने वाले थानों के बीच में तीन सीओ तैनात रहेंगे। जिससे नकली नोट तस्करी से लेकर चरस, स्मैक आदि की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कसने के साथ संदिग्धों पर भी पैनी निगहबानी हो सकेगी।

### अभी जिले में हैं छह सर्किल

जिले में करीब 105 किलोमीटर के दायरे में नेपाल की खुली सीमा पड़ती है। इसमें कतर्नियाघाट का जंगल भी पड़ता है। खुली सीमा होने का फायदा उठाते हुए यहां से जाली नोट व पदाक पदार्थों की तस्करी भी धड़ल्ले से होती है। हालांकि पुलिस के पांच थाने सुजौली, मूर्तिहा, मोतीपुर, नवागबंज व मूर्तिहा बार्डर से सटे हुए है।

अभी तक नानपारा व मोतीपुर दो सीओ सर्किल में सात पुलिस थाने आते है। लेकिन क्षेत्र बड़ा होने जे चलते अब एक सीओ की और सर्किल बढ़ाई जाएगी। एसपी प्रशांत वर्मा ने इसके लिए शासन को पत्र भेजा है। यह सर्किल कतर्नियाघाट क्षेत्र में ही बढ़ेगी इसके साथ जरूरत पड़ने पर नए थाना व पुलिस चौकी बढ़ाने का भी प्रस्ताव है।

**दो सर्किल में सिर्फ एक सीओ :** इस समय मोतीपुर व नानपारा सीओ सर्किल में सिर्फ एक सीओ ही तैनात है। नानपारा सीओ ही सात थानों की जिम्मेदारी निभा रहे है। इसके चलते कार्य भी बाधित होता है। नानपारा से सुजौली थाने की दूरी ही करीब सौ किलोमीटर है। जिसके चलते सीओ का क्षेत्र भ्रमण भी प्रतिदिन नहीं हो पाता है। हालांकि एसपी ने अफसरों को पत्र लिखकर जिले में एक और सीओ की तैनाती करने की मांग की है।



प्रशांत वर्मा, एसपी बहराइच। -संवाद



रुपईडीहा स्थित भारत-नेपाल सीमा। -संवाद

### एटीएस यूनिट भवन का हो रहा निर्माण

नेपाल बार्डर पर सुरक्षा के लिए लखनऊ हाईवे पर बाबागंज के पास एटीएस की यूनिट के भवन का भी निर्माण चल रहा है। इस समय यहां पर एटीएस के जवान भी तैनात है जो सीमा क्षेत्र के आस पास होने वाली देश विरोधी गतिविधियों पर नजर रखते है। वहीं आईबी की टीमें भी सक्रिय रहता है। इसके साथ ही सीमा क्षेत्र में बनी चौकियों पर एसएसबी के जवान भी स्थानीय पुलिस के साथ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का काम करते है।

### डीआईजी ने उठाए थे सवाल

नेपाल सीमा से सटे थानों के पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से जाली नोटों व पदाक पदार्थ की तस्करी को लेकर बीते माह हुई बैठक में देवीपाटन रेंज के डीआईजी ने सवाल उठाते हुए ऐसे पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की बात कही थी। इसके साथ ही सीमा क्षेत्र में पुलिसिंग मजबूत करने का प्लान बना था। इसके बाद अब एक और नई सीओ सर्किल बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई है।

> “ नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग हो सके इसके लिए एक नई सीओ सर्किल बनेगी। इससे बार्डर क्षेत्र में तीन सर्किल होने के साथ जिले में सात सर्किल हो जाएगी। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जिले में एक सीओ की कमी है जिसके बारे में उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है। **प्रशांत वर्मा,** एसपी

# 4500 स्थानों पर जलेगी होली, सीमा पर विशेष निगरानी

**बहराइच।** होली के लिए पुलिस-प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को एसपी ने सभी थाना प्रभारियों की बैठक बुलाई है। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में करीब 4500 स्थानों पर होलिका दहन होगा। संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

साथ ही पुरानी रंजिश को लेकर भी सतर्कता बरतें क्योंकि ऐसे मौकों पर विवाद बढ़ने की आशंका रहती है। सीमा पर विशेष निगरानी के लिए भी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## सीओ और एसओ संभालेंगे सुरक्षा की कमान

एसपी प्रशांत वर्मा ने कहा कि पुराने व नए विवादों को जोड़कर संवेदनशील व अतिसंवेदनशील श्रेणी के होलिका दहन स्थल चिह्नित करें। साथ में यह भी देखें कि किसी होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद तो नहीं है।

जिले में 23 थाने व छह तहसीलें हैं। इनमें करीब 45 सौ होलिका दहन स्थल है। इस बार होलिका दहन के दिन ही शब-ए-बारात भी है इसलिए पुलिस और सतर्क होकर काम कर रही है। इन सभी जगहों पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी लगातार नजर बनाए हुए हैं।

होलिका दहन के दिन पुलिस व पीएसी के जवान भी तैनात रहेंगे। साथ ही नेपाल सीमा से सटे इलाकों में भी विशेष निगरानी की जा रही है। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि जो माहौल खराब करने का प्रयास करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सीओ और एसओ सुरक्षा की कमान संभालेंगे। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-02-2023

# 70 वाहनों का काटा गया चालान

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, सीट बेल्ट आदि को चेक किया।

# बावर्दी दुरुस्त रहें जवान: एसपी

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इससे पूर्व एसपी ने परेड ग्राउंड में आयोजित परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण कर खामियों को सुधारने का निर्देश दिया। रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसपी ने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई और सभी को ड्रिल कमांड सीखने के लिए बताया गया।



## शांतिभंग में 12 पाबंद

**श्रावस्ती :** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में 12 आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

## 70 वाहनों का ई-चालान

**भिनगा :** पुलिस टीम ने बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच कर 70 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान करते हुए 1.28 लाख रुपये का सम्मन शुल्क वसूला। (वि.)

# किशोरी भगाने के दोषियों को पांच वर्ष की कैद

**जासं, श्रावस्ती :** 14 वर्ष पहले किशोरी को भगा ले जाने के पांच दोषियों को अपर सत्र न्यायाधीश ने पांच वर्ष की सजा सुनाई है। 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

- **अर्थदंड न जमा करने पर भुगतनी होगी छह माह की अतिरिक्त कैद**

विशेष लोक अभियोजक प्रेम कुमार मिश्रा ने बताया कि इकौना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को 11 जनवरी 2009 को पांच पड़ोसी भगा ले गए थे। पुलिस ने पांचों के विरुद्ध आरोप पत्र प्रेषित किया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी) उमेश कुमार ने की। सुनवाई के बाद न्यायालय ने पांचों को दोषी पाया। एक दोषी को पांच वर्ष के कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। शेष चार दोषियों को पांच वर्ष के कारावास के साथ दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# अभद्रता के मामले में कार्रवाई की मांग

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को बृहस्पतिवार को शिकायती पत्र दिया है। आरोप लगाते हुए कहा है कि बुधवार घर में अपनी मां के साथ सोई हुई थी। देर रात गांव के दबंग उनके घर में घुस आया और पकड़ कर घसीटने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख दबंग मौके से भाग गया। पीड़िता ने मल्हीपुर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। संवाद

# नकली सोना बेचते पकड़ा गया युवक, जेल भेजा

**गिलौला, संवाददाता।** नकली सोना बेचते हुए दो युवक को दुकानदारों ने पकड़ा तो उनके पास कई नकली सोने के डिब्बी बरामद हुई दुकानदारों ने दोनों युवकों को पकड़कर गिलौला थाने पर पहुंचाया जहां पर मुकदमा पंजीकृत कर दोनों जेल भेज दिया गया है।

गिलौला थाना क्षेत्र के कस्बा गिलौला के खुटेहना चौराहे पर सुभाष गुप्ता पुत्र वेद प्रकाश गुप्ता की सराफा की दुकान है जहां पर गुरुवार को शाम को दो युवक सोने के जेवर लेकर दुकानदार के यहां पहुंचे । बताया कि हमे बहुत जरूरी है इसलिए इसको बेचना पड़ रहा है । दुकानदार ने सोना खरीद लिया लेकिन तभी दुकानदार सुभाष गुप्ता को कुछ शक लगा तो उन्होंने एक दूसरे दुकानदार को भी फोन किया और उसको सोना दिखाया तो पता चला कि दिया गया सामान नकली है फिर यह बात चर्चा का विषय बन गई ।

# पुलिस लाइन परिसर की सफाई व्यवस्था पर दें विशेष ध्यान

## एसपी ने रैतिक परेड की सलामी लेने के बाद किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को एसपी ने रैतिक परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड, पीआरवी वाहनों सहित पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिलीं कमियों को दुरुस्त करने के लिए आरआई को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने परेड का बारीकी से निरीक्षण किया।



पुलिस लाइन का निरीक्षण करतीं एसपी। -संवाद

उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। इसके बाद एसपी ने यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, डीसीआर, बैरिक, शौचालय आदि का भी निरीक्षण किया।

भोजनालय में पहुंच कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की।

मिलीं कमियों को दुरुस्त करने व सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इस मौके पर सीओ सिटी अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में 12 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बृहस्पतिवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 12 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई।

उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए लोगों में से चार पर पहले भी यह कार्रवाई हो चुकी है। वहीं, पुलिस ने शुक्रवार को बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान 70 वाहनों का ई-चालान किया गया। साथ ही 128500 रुपये जुर्माना भी वसूला। संवाद

# बैरक नहीं तो कहां रखे जाएं आरोपी

गिरंटबाजार। हरदत्त नगर गिरंट रेंज कार्यालय में सुरक्षा के लिए रेंजर से लेकर वनदरोगा व वनरक्षकों की तैनाती है। लेकिन यहां अवैध कटान करते पकड़े गए आरोपियों को रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। रेन्ज क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटान की घटनाएं होती है।

वन टीम की ओर से कई बार कटान के आरोपियों को पकड़ा भी जाता है। लेकिन उन आरोपियों को कहां रखा जाय इसकी व्यवस्था तक नहीं है। कार्यालय में आरोपियों को रखने के लिए कोई बैरक नहीं है। ऐसे में पकड़े गए आरोपियों को वन अधिकारी कहां रखें यह बड़ी समस्या रहती है। इतना ही नहीं इस रेन्जर में सुजानडीह बीट में बनी वन चौकी भी फूस में स्थापित है।